अनिश्चित स्वर

शुभ प्रातः, मित्रों। इस प्रातः, मैं इस आराधनालय में फिर से आकर बहुत ही आनंदित हूं, एक सप्ताह के पश्चात... अपना जुकाम शैतान को वापस करके, हर चंद मिनटों में, आप जानते हैं। हर बार वह मुझे पकड़ा देता है, मैं उसे वापस पकड़ा देता हूं। और हम अब भी लड़ रहे हैं। मैंने ठाना हुआ है कि ये उसे ही रखना है। समझे? हर बार वह मुझे दे देता है, और मैं उसकी ओर वापस हटा देता हूं। देखा? वह मुझे देता है, और मैं उसकी ओर खसका देता हूं। इस प्रकार वह—वह वापस देने में तेज है, यदपि, आप जानते हैं। निश्चय ही वह जानता है कि कैसे करना है। परंतु अंत में मैं उसे थका दूंगा, या उसके धैर्य को तोड़ दूंगा, जैसे कि मैंने उस रात्रि कहा।

2 एक बार, एक व्यक्ति ने कहा, उसके लिए प्रार्थना हुई, और उसने कहा, "ठीक है," कहा, "कि शैतान ने मुझे बताया कि मैं चंगा नहीं हुआ हूं।" और कहा, "मैंने देखा," कहा, "कि मेरे सारे लक्षण वही थे, बिल्कुल जैसे कि वे आरंभ में थे।" और उसने कहा, "ठीक है, मैंने कहा, 'शैतान, यह—यह—यह सच है, मैं कोई अंतर नहीं देखता। परंतु तुझे मालूम है क्या? जब तक वे मुझे नहीं छोड़ते मैं जितना हो सकता हूं उसकी गवाही देता रहूंगा, परमेश्वर की महिमा के लिए। इसलिए अब यदि तू चिपका रहना चाहता है, तो मेरी सुनता रहे, और आसपास रहे।'"

3 यह वास्तविक विश्वास है। परमेश्वर की महिमा की गवाही देना, क्योंकि, "विश्वास आशा की हुई वस्तुओं का ठोस प्रमाण है, वह चीजें जो दिखाई नहीं पड़ती।" समझे? आप विश्वास को देखते नहीं। आप विश्वास पर विश्वास करते हैं।

4 इस सप्ताह, घर में बहुत ही व्यस्त रहा। उनका पहला दिन था, मैं सोचता हूं, लगभग वहां पर तीस थे, जैसा मैंने चाहा। तब, मेरे सारे साक्षात्कार और बातें आई। और यह बहुत ही व्यस्त सप्ताह रहा।

5 इस सप्ताह में मैंने कुछ बातों को सीखा है। मैं वहां गया... और यहां नगर में मेरा मित्र है, बहुत ही अच्छा व्यक्ति है। वह एक चिकित्सक है। हम एक संग विद्यालय में गए, डॉक्टर सैम अडायर, और वह थोड़ा सा मोटा

व्यक्ति है। और मैंने उसे लगभग चार वर्षों से नहीं देखा। मैंने उससे लगभग तीन या चार घंटे उससे, इस सप्ताह बात है। हम दफ्तर गए और उसे बस बंद करके, अंदर जाकर बातें की।

6 और मैंने कुछ बातें उसे बताई जो कि मैंने आत्मिक रूप से पाई थी, दुष्ट की शक्ति के विषय में, और कैसे वे भीतर आते हैं। और वह मुझे शारीरिक विज्ञान बता रहा था, या उसका—उसका निदान चिकित्सा में। यह आश्चर्यजनक था, कि यह देखना कि आपस में यह कितनी सिद्धता में मेल खाते हैं। हू–हूम।

7 इसलिए, वह मुझे कुछ निश्चित स्त्राव के विषय में बता रहा था जो मनुष्य में आते हैं, जिससे कि मनुष्य को जुकाम, जैसा, ना हो, या कुछ भी। कहा आप बस... यह उसमें वहां कुछ स्त्राव आ गया है, और जीवाणु इससे निश्चित स्त्राव में आ जाते हैं, या यह स्त्राव जीवाणु को बनाता है।

8 मैंने कहा, "तो ठीक है, यदि, स्त्राव जीवाणु को बनाता है, तो फिर मैं यह जानना चाहूंगा कि जीवाणु का जीवन कहां से आता है।" समझे?

9 "यह ठीक है, कि," उसने कहा, "हम यह नहीं जानते।" कहा, "बता नहीं सकता।"

10 आप मिर्च ले, या कुछ और–और, वे जीवाणु विभिन्न रूप में बनते हैं। तब उनमें स्वयं की संख्या बढ़ने की विधि होती है, मैं समझता हूं कि स्त्राव में से होते हुए, इन जीवाणुओं को हटाते रहे। डॉक्टर, या किसी के द्वारा, या एक नर्स के विषय में अधिक समझेंगे।

11 परंतु मेरी रुचि, और मेरे विचार थे, कि वे जीवाणु, स्वयं। उसमें का भीतर का जीवन, उस छोटे प्याले नुमा के भीतर, एक—एक छोटे कैप्सूल के समान, इतना छोटा कि मानव दृष्टि से इसे देखा नहीं जा सकता। परन्तु उस सूक्ष्म चीज के भीतर एक बड़ा सामर्थी काँच देख सकता है, उसके अंदर एक जीवन है। क्या कारण है कि वह जीवन इतना सारा स्त्राव अपने चारों ओर लपेट लेता है, और कैप्सूल को बनाता है, देखिए, या एक जीवाणु, यह शैतान है। यह आत्मिक शक्ति है। वे, वे कभी योग्य नहीं हो पाएंगे... वे ऐसे स्थान पर आ जाएंगे कि वे अणु से भी नीचे चले जाएंगे, ताकि वे इस छोटे सूक्ष्म जीवाणु को ले ले, और आदि–आदि, और छोटी स्त्राव की झिल्ली जो कि केवल शक्तिशाली शीशे के द्वारा देखी जा सकती है। और तब, परंतु, उससे आगे वे नहीं देख सकते, क्योंकि वहां... कोई नहीं है...

कि कोई भी प्राकृतिक चीज नहीं है कि उसे पकड़ सके। अब, इसके पहले मैं—मैं...

12 लोग खड़े हुए है। अब, चार्ली, मुझे देखते हुए बुरा लगता है... आप, और डेविड, और रोडनी, और आप सब वहां, जब मैं आपके घर आया, तो आपने मुझसे बहुत अच्छा व्यवहार किया, और आदि–आदि। और परमेश्वर के भवन में आपको बैठने का स्थान नहीं दे सकता, परंतु, मैं आपको बताता हूं कि मैं क्या करता हूं, यदि आप यहां आ जाएं, तो यहां यह मेरी है। यहां ऊपर आ जाए, और स्वयं को स्वागत अनुभव करें। आप में से कोई भी जो यहां आना चाहता है और यह कुर्सी ले ले, बस यहां ऊपर आ जाएं। समझे? आपका बहुत–बहुत स्वागत है।

13 और ये एक—ये एक अच्छा वाला है। यह वास्तव में मेरी नहीं है। यह श्रीमान विलसन की है, विद्यालय के अध्यक्ष। मेरे पास यह 1937 से है, इसलिए यह सबसे पुरानी है। इसलिए मैं...

14 उसने, यहां कुछ समय पहले, कहा, "अरे, मेरी कुर्सी अब तक तुम्हारे पास है? "

मैंने कहा, "प्रचार करने से पहले मैं उसमें हर रात्रि में बैठता हूं।"

और उसने कहा, "अच्छा, तो फिर यह अच्छे हाथ हैं, इसलिए इसे चलने दो।"

15 अब आपका स्वागत है। एक कुर्सी यहां है। और फिर यदि आप यहां आना चाहे जहां ये छोटे–छोटे बालक बैठे हुए हैं। अब आप संकोच ना—ना करें, सोचकर कि आप छोटे बालक हैं, क्योंकि आप नहीं है। परंतु, आप फिर भी होना चाहेंगे। परंतु, और यहां एक और कुर्सी *यहाँ* है, यहां पर बैठे हैं। और—और एक और *यहां* पर है। और इस प्रकार से आप कर सकते हैं, विशेषकर वहां कुछ महिलाएं, यह एक प्रकार से वहां खड़ा होना है। धन्यवाद। और यदि आप यहां आते है तो हमें प्रसन्नता होती है और यहां बैठे। यह ठीक होगा। अपने हाथ पीछे से ले ले, झुक जाएं, जैसे कि हम बातें करते हैं।

16 और—और, चार्ली, मैंने सोचा तुम इस ओर आ रहे थे। मैं—मैं सारे समय उसे छेड़ता हूं। मैंने कहा, "तुम आराधनालय में आओ।" मैंने यत्न किया कि उससे मिलूं, और आकर मुझसे मिले। और तब वो... मैंने कहा,

"जब तुम आराधनालय में आते हो, तो मैं यह कहने जा रहा हूं, 'कि इस प्रातः डॉक्टर चार्ली काक्स संदेश देंगे, ' और चला जाऊंगा।"

17 उसने कहा, "मैं बेहोश हो जाऊंगा।" इसलिए इसके पहले मैं उसे बुलाऊं, वह पीछे को चला गया। वह...

18 इसलिए मैं चाहूंगा, इसके पहले कि हम इस विषय को आरंभ करें... पिछले सप्ताह, मैंने सोचता हूं कि प्रभु ने हमें आशीषित किया। क्या आपको पसंद आया वो—वो... ? [सभा कहती है, "आमीन।"—सम्पा।] ओह! यह हर स्थान में उमड़ पड़ा। यहां तक कि यह संदेश केलिफोर्निया में पहुंच गया। पिछली रात्रि उन्होंने कैलिफोर्निया में से टेलीफोन किया। और—और इससे अब वे तय करना चाह रहे हैं और इसी चीज को कैलिफोर्निया में भी चाह रहे हैं, अगले आने वाले जनवरी में। समझे?

19 पवित्र आत्मा एक दम से वहां श्रेवेपोर्ट में, प्रभाव डालना चाह रहा था, बस ऐसा लगा। और ये इस प्रकार से यह स्थान–स्थान पर जा रहा है, और बस—बस प्रकाशन का लगभग एक घंटा।

20 और इसलिए हम बहुत आनंदित है, और विश्वास कर रहे हैं, और अपने—अपने झुण्ड को देख रहे हैं, यहां इस आराधनालय में, परमेश्वर के प्रकटीकरण को, अपने मध्य में देख कर, इसके द्वारा फले–फूले। इसके लिए हम बहुत आनंदित है, और विश्वास करते है कि हम कलीसिया के बुलाहट के महान घड़ी में है, और इसे क्रम में रख रहे हैं। इसलिए वे...

21 मैं कुछ ढूंढ रहा था कि मैं... जबकि मैं अपने अच्छे मित्र, डॉक्टर अडायर से उनके ऑफिस में बैठा हुआ, बातें कर रहा था। और उन्होंने कहा, एक्स–रे की विभिन्न चीजों पर बात कर रहे थे, और खराब जुकामों और विभिन्न जीवाणुओं के विषय में कहा। और उठ कर और उसकी पुस्तकों को ली, और उनमें मुझे दिखाया कि उन्होंने क्या ढूंढा। उसने कहा, "बिली, मैं तुम्हें बताता हूं, " कहा। "जैसा कि बुरा तेज जुकाम उनमें से बहुत सो ने, " कहा, "कि तेज बुरे जुकाम के लिए हमारे पास कुछ नहीं है, " उन्होंने कहा।

22 मैंने कहा, "अच्छा, मैंने हमेशा सोचा कि यदि तुम्हारा गला खरखरा रहा है, यदि आप किसी चीज का गरारा करेंगे।" मैंने कहा, "जब प्रचार के बाद मुझे हो जाता है," मैंने कहा, "कि मैं रात्रि मैं घर जाकर, उस थोड़ी खरखराहट को।" मैंने कहा, "मैं—मैं लेवोरिस लेता हूं, और—

और गरारा करता हूं।" मैंने कहा, "हमारे पास यह हमारे घर में वर्षों–वर्षों से, मुंह साफ करने के लिए है।"

23 उसने कहा, "कि ठंडा पानी भी उतना ही अच्छा है।" उसने कहा, "क्योंकि, कभी ऐसा नहीं सोचते कि आप किसी चीज का गरारा करेंगे तो वह कभी—कभी आपको लाभ पहुंचाती है। क्योंकि, यह केवल इतना कर सकता है जो जीवाणु आपके गले में है, उसे धो देता है। यह आपके रक्त प्रवाह में नहीं जा सकता। यदि यह करता है, तो यह आपके गले को फाड़ देता और आप क्षतिग्रस्त होते। समझे? " और कहा, "यह नहीं कर सकते।"

24 इसलिए पुरानी कहावत फिर से वापस आयी है, "दवाई बेचने के लिए है खाने के लिए नहीं, " आप जानते हैं।

25 इस सब के बाद, और चिकित्सा पुस्तकों को देखते हुए जो कि मेरे घर में भी हैं, पढ़ने के लिए, मैं—मैं औषधि में रुचि रखता हूं, निश्चय ही, कोई भी वस्तु जो परमेश्वर के लोगों की सहायता करती है, मनुष्य जाति की सहायता करती है। यदि यह शांति है, शांति शब्द के अध्ययन करने में मैं रुची रखता हूं। मैं एक—एक अच्छे समाज में रहने में रुची रखता हूं। मैं अच्छे विद्यालय में बालकों को भेजने में रुची रखता हूं। मैं किसी भी अच्छी चीज में रुची रखता हूं, पूरा–पूरा और सही।

26 और औषधि ने कुछ महान चीजें की है। मैं विश्वास करता हूं, बहुत सी चीजें परमेश्वर ने उपयोग की है। मैं विश्वास करता हूं, हम परमेश्वर के प्रति अधिक ईमानदार और पवित्र हो, उनके पास कैंसर के लिए भी और हर चीज के लिए भी सामग्री होगी। यदि हम... परमेश्वर के पास चीजें हैं, यदि हम उसके विषय में उससे पूछें। समझे? इसलिए, अब, मैं इसी कारण विश्वास करता हूं कि सॉल्क टीकाकरण था, क्योंकि छोटे बालक जिस प्रकार से पीड़ित होते हैं। और शैतान, दुष्ट चीज वहां है, उन छोटे बालकों को लकवा और चीजें करता है। और परमेश्वर ने इसकी खोज होने दी, टीकाकरण के लिए। और इसने महान चीजें की, और जिसके लिए हम सर्वशक्तिमान परमेश्वर के आभारी हैं। बस बहुत ही धन्यवादित हूं कि परमेश्वर ने हमें सदा आशीषित किया!

27 और, भाई, जहां... ? वह घर वापस नहीं जा रहा है, क्या वह, बहन नेश है? वह—वह... [बहन नेश कहती है, "नही, श्रीमान। वो कुछ कुर्सियां

लेने जा रहा है।"—सम्पा।] ओह, यह अच्छा है। बहुत अच्छा। हू–हूह। ठीक है।

28 अब, घर आने के पश्चात, मैं अध्ययन कर रहा था, मैं वहां कमरे में बैठ गया और देर तक अध्ययन करता रहा, "यह सब क्या है? " मैं आपको कुछ बताने जा रहा हूं, जिसका कि मैं अध्ययन कर रहा हूं, ताकि आप मेरे साथ अध्ययन कर सकते हैं। और प्रभु, जब वह कमरे में था, मैंने उसके लिए लिया, क्योंकि मुझे उसके साथ कुछ महान अनुभव हुए थे।

29 परन्तु क्या आपको मालूम है, डॉक्टर ने मुझे बताया उसके बाद, और मुझे उच्च दर्जे और हाल ही की औषधि पुस्तकों में दिखाया, जो कि मैं जानता हूं कि मैंने अभी–अभी खोजा है। जो भी है, एक डॉक्टर यहां बैठे हुए मुझे सुन रहा है। अब यह, हाल ही कि सब से अच्छी चीज तेज जुकाम के लिए है, उनके पास कोई औषधि नहीं है। उन्होंने एस्प्रिन आदि को बेकार ठहराया है, और आदि–आदि; केवल दर्द को कम करने के लिए, और आदि–आदि, जुकाम या दुर्गति यह जुकाम में, पर कोई लाभ नहीं पहुंचाता था। परंतु आराम करने में आपकी सहायता करता है। और बुरे जुकाम के लिए सबसे अच्छा है, कि लेट कर और सो जाएं, आराम करें। बस पलंग पर लेट जाएं, इसके लिए सबसे अच्छा यही है जो आप कर सकते हैं।

30 अब, फिर, मुझे अध्ययन करना है। मैंने कहा। "डॉक्टर सैम, तो फिर ये यह है... एक तेज जुकाम, अच्छी बात है कि आप आराम करें।"

उसने कहा, "यह किसी भी चीज के लिए सबसे अच्छा है।"

31 "अच्छा," मैंने कहा, "धन्यवाद, डॉक्टर, यह बहुत ही अच्छा है।" और हमने थोड़ी और देर बातें की, और मैं फिर घर चला गया। और मैंने उसे बताया... वह खरगोशों और गिलहरियों को पसंद करता है, और उसके लिए बाहर नहीं जाता। हम एक साथ बहुत शिकार किया करते थे, जब हम लड़के थे, शिकार खेलना और विशेषकर मछली पकड़ना।

32 इसलिए तब मैं घर गया, मैं यह सोचने लगा। "क्या? " आप जानते हैं, मैंने ध्यान से देखा। जानवरों को देखा। आप कुत्ते को ले, जब वह बीमार होता है, वह जाएगा थोड़ा पानी पीएगा, और कहीं जाकर लेट जाएगा, जाएगा लेट जाएगा। तब, फिर मुझे विचार आया, अगली प्रातः। मैं पलंग पर लेटा हुआ था लोगों की प्रतीक्षा कर रहा था। वे लगभग साढ़े छह बजे

उठे। मैं लगभग साढ़े चार बजे उठ गया था, या पांच बजे। मैं वहां लेटा हुआ था। बहुत बार सोच रहा था, परमेश्वर चीजों को प्रगट करता है।

33 आप जानते हैं, मैं यह नहीं सिखाता। परंतु क्या आप जानते हैं... मनुष्य, आरंभ में, जब परमेश्वर ने उसे बनाया, उसने उसे चिकित्सा करवाने के लिए नहीं बनाया। उसके अंदर उसकी अपनी चिकित्सा होती है। वह था–... वो—वो अपने ही अंदर एक—एक इकाई है। समझे? तब, चंगाई किसी भी बाहर के स्रोत से नहीं आती। इसे तो अंदर की ओर से ही आना है। अब हम बाहर की सहायता ले सकते हैं, जैसे कि जीवाणुओं को मारने को, या हम में जो भी है। या, हम अपने हाथों को ले सकते हैं और एक दूसरे को काट सकते है, एक—एक टुकड़ा बाहर निकालते हैं, या कुछ जैसे कि अपेंडिक्स, या खराब दांत या कुछ, और उसे बाहर निकलते हैं। परन्तु चंगाई किसी बाहर कि वस्तु से जो हम लगाते है नहीं आती। चंगाई केवल उस—उस सामर्थ से है जो अंदर है हमारे में हैं, वापस उन—उन कोशिकाओं को बनाने की, जो कि अपने सामने टूट गए हैं जो निकाल दिए गए। और, इसलिए, चंगाई आप में है।

अब ध्यान पूर्वक सुने, और जोर लगा कर सोचे इसके पहले आप इस विचार को जाने दे।

34 आरम्भ में, मनुष्य जब वह बनाया गया, एक मनुष्य एक ईश्वर था। वह पूर्णतः एक ईश्वर था। क्योंकि वह परमेश्वर की सूरत पर था, परमेश्वर का पुत्र होने के नाते, और वह उन सब चीजों का वारिस था जो परमेश्वर में है। और मनुष्य को एक राज्य दिया गया, और उसका राज्य पृथ्वी पर था। "आपका अधिकार मछलियों पर, हवा की चिड़ियों पर, और सब चीजों के ऊपर था।" वह बस बोल दे, और हर चीज उसका कहना मानती थी, क्योंकि वह एक—एक ईश्वर था, वह स्वयं में; विश्वव्यापी परमेश्वर नहीं, परन्तु मेरा अर्थ... स्वर्ग और पृथ्वी के परमेश्वर से। परंतु वह अपने राज्य का एक—एक अधिकारी था। वह एक राजा था, एक राज्य करने वाला राजा। वह मनुष्य था, और अब भी, अब भी अपनी गिरी हुई अवस्था में, उसमें अब भी प्रगट है।

35 अब अधिक समय नहीं हुआ, वे यत्न कर रहे थे कि मिलावटी नस्ल पैदा करें, और आदि–आदि, और यह कहा कि, "मनुष्य नीचे के जाति की जानवरों से आया है, और—और क्रम विकास के द्वारा वह स्वयं को ऊपर

लाया।" अच्छा, देखिए, वे विज्ञान के द्वारा स्वयं को मूर्ख बना रहा है जब तक कि उसने स्वयं को ही गलत सिद्ध नहीं कर दिया अपने ही मत को।

36 आप किसी की मिलावट करके और उसे उच्च स्तरीय बनाएं। यह वापस नीचे आ जाता है। यह नहीं हो सकता। मिलावटी भुट्टा, या कोई भी स्वयं को फिर वापस उत्पन्न नहीं कर सकती। या जैसे मैं उस दिन कह रहा था, वो—वो—वो—वो गधा और घोड़ी संतान उत्पन्न कर सकते है, या खच्चर को जन्म देगा, परंतु ये खच्चर दूसरे खच्चर को जन्म नहीं दे सकता। आरंभ करने के लिए फिर वापस जाना पड़ेगा। क्योंकि, परमेश्वर ने कहा, "हर बीज अपनी ही जाति के अनुसार।"

37 अब, जब हम बनाए गए थे—जब हम बनाए गए... और उन्होंने हाल ही में यह पाया है, कि आपकी देह ज्योति से भरी हुई है। एक्स–रे ने यह सिद्ध किया है। एक्स–रे की अपनी कोई किरणें नहीं होती। यह आपकी ज्योति को उपयोग करता है। आप चार किरणों के साथ जन्मे हैं। थोड़ी देर के पश्चात कहिए बीस, पच्चीस, एक किरण निकलती है; और पैंतीस, दूसरी, या चालीस दूसरी निकलती है; और अंततः, जब आप लगभग पैंसठ पार करते हैं, तो आप अपनी अंतिम किरण पर रह रहे होते हैं। और हर बार आप एक्स–रे उतारते हैं, और आप उन्हें क्षति पहुंचाते हैं। यही कारण है कि आपके पास और नहीं है, आप इन बालकों के पैरों को उन मशीनों से हटा देते हैं, क्योंकि यह उन किरणों को उनकी छोटी देहो में तोड़ रही है। और वह सृष्टिसंबंधी किरण जो आप में हैं जिसके आप बने हैं, ज्योति की कोशिकाओं से भरे हैं। यह सृष्टिसंबंधी किरणें हैं।

38 परंतु परमेश्वर एक भिन्न ज्योति है, परंतु फिर भी वह ज्योति है। मैं सोचता हूं कि वह चित्र जो वहां है एक महान प्रमाण है जो मैं कहने जा रहा हूं, कि परमेश्वर ज्योति है। और जब हम परमेश्वर की ज्योति में, उसके पुत्रों के समान चल रहे थे; परमेश्वर सृष्टिसंबंधी ज्योति नहीं है, परंतु परमेश्वर की ज्योति हमारी सृष्टिसंबंधी ज्योति में होकर कार्य करती है, हमारी कोशिकाएं। और हम... एक समय हम पूरी रीति से परमेश्वर के वास्तव और मूल पुत्र थे। परंतु फिर जब गिराव आया, और तब वहां से...

39 और आज आत्मा के फल है प्रेम, आनंद, धीरज, कोमलता, सज्जनता, सहनशीलता है, यह सब अलौकिक हैं। यह एक उस स्थान पर आता है जहां सारी देह, इतने धीरे–धीरे...

40 जैसे कि समुद्र की तलहटी में, समुद्री घास। बहुत सी बार, गोता खोर, और वे इस घास के नीचे आ जाएंगे। और इसके पहले कि वे जान पाए, वे इस प्रकार से उलझ जाते हैं कि वह इस के बाहर नहीं आ सकते।

41 पाप ने इसी प्रकार से मनुष्य के साथ किया। इसी प्रकार से ठंडक या सुस्ती ने कलीसिया के साथ किया। साम्यवाद ने राष्ट्र के साथ इसी प्रकार से किया। यह इतनी धोखेबाज है। और तब यह मानव देह में, यह हमें ढांक लेता है, और परमेश्वर की ज्योति को बाहर धकेल रहा है; नामधारियों के द्वारा, और विश्वास का इनकार करने, और आदि–आदि के द्वारा परमेश्वर के विश्वास की महान सामर्थ की किरणों को बाहर धकेल दिया, देखो, जो हम में हैं, जो होना चाहिए। इन्होंने उन सारी किरणों को एक ऐसे स्थान में बाहर धकेल दिया, कि हम एक समय में आ गए। और—और तब अब सराय के नीचे कलीसिया है, क्योंकि इसे बाहर निकाल दिया गया, सारा का सारा अंधकार है, बाहर, और यहां तक कह रहे हैं, "यह घटित नहीं होता।" इस बात से इनकार कर रहे हैं कि यह हो सकता है, परमेश्वर के आश्चर्य कर्म को देखिए।

42 और फिर भी मनुष्य स्वयं में कही भीतर उस में, स्वयं में कहीं, यदि वह केवल एक छोटा सा... जैसे कि मैंने उदाहरण दिया, बटन के समान है। जब मनुष्य बचाया गया, वह उसमें का परमेश्वर है। यह वही छोटी ज्योति है जो भीतर आती है, जो उसे जो गलत है करने से रोकती है। अब, यदि आप सारा द्वेष और शत्रुता और झगड़े, और अविश्वास निकल सकते हैं, तो वह छोटी बटन जैसी परमेश्वर की ज्योति और सामर्थ में बढ़ने लगेगी, बढ़ने लगेगी, बढ़ने लगेगी, बढ़ने लगेगी, और अविश्वास को बाहर कर देगी। और आप इसे शारीरिक व्यायाम के—के द्वारा नहीं करते। आप यह पवित्रताई, और पवित्र जीवन के द्वारा कि पवित्र आत्मा आप में से होकर कार्य करें। मैंने इसमें से कुछ को पकड़ा है, जहां, अधिक समय नहीं हुआ।

43 कितनों को स्मरण है कि जब एलिज पैरी उस प्रातः मरा हुआ जिलाया गया, आप में कुछ यहां है? आपने यह यहां बहुत बार अखबार में देखा। मैं देखता हूं बहन विल्सन, और वे, उन्होंने अपने हाथ उठाए हैं। जब वह व्यक्ति मरा तो मैं वहां खड़ा हुआ था। अब वह जीवित है कभी–कभी इसकी गवाही देने को कलीसिया में आता है।

44 वह कई घंटों से मरा हुआ था। वह फेफड़ों की क्षति से मरा था, और वह लहू से लथपथ था। और मैं चला गया। उन दिनों में, बस मैं एक युवा प्रचारक ही था। और बहन जैकसन यहां कलीसिया की एक सदस्य हुआ करती थी। और—और एक मैथोडिस्ट प्रचारक की पत्नी, अब मैं भूल गया कि उसका क्या नाम था। शैफ़िनर, भाई शैफ़िनर और बहन शैफ़िनर। और वे कोई वॉइसहार्ट के संबंधित थे। और वे और बहन वहां पलंग के पास खड़ी थी। और मैं दूर हटना आरंभ हो गया। और वह उतना ही लहू में था जितना हो सकता है, जहां वह मरा था। और उसकी आंखें पलट गई थी, और उसका गला सूज गया था। उन्होंने उसके मुंह पर चादर डाल दी थी। उसकी पत्नी वहां थी रो रही थी, और प्रिय जनों को घर के पते लेने का यत्न कर रही थी, कि प्रियजनों को बुलाए।

45 मैं पलंग से दूर जाने लगा, और मुझे लगा कि किसी ने अपने हाथ मुझ पर रखे। मैंने सोचा यह बहन शैफ़िनर थी। और जब मैं घुमा, तो वहां आसपास कोई नहीं था। और तब मैं आगे बढा... जब मैं घुमा, तो वह हट गया।

46 और भाई एलिज वहां मृत पड़ा था। हम बहुत अच्छे मित्र थे, नदी पर मछली पकड़ी, आप जानते हैं, कि हम कैसे साथ–साथ रहे। और उसे वहां चोट लगी, एक यातायात के विषय साधन पर सवार था। उससे उसके फेफड़े कुचल गए थे। उसको लहू निकल रहा था। उसके लहू बहने से उसे टी बी हो गई थी, और वह मर गया।

47 मैं *इस* ओर हटना आरम्भ हो गया, तब मैंने उस हाथ को फिर अनुभव किया। मैं घुमा वह मुझ से फिर अलग हो जाएगा।

48 और इसके पहले मैं जान पाता कि मैं क्या कर रहा था, मैं उस व्यक्ति के ऊपर लेटा हुआ था अपने होंठ उसके होंठ पर। मैं भी लहू मैं वैसे ही लथपथ था, जैसे वह था उस पर लेटा हुआ था, परमेश्वर को पुकार रहा था। और मैंने अनुभव किया कि कोई चीज मेरे कान के पास आई। यह उसका हाथ था।

49 आपने उसे यहां खड़े होकर गवाही देते हुए सुना है। देखा? कैसे वह... और वह फिर जीवित हो गया। और यह लगभग पच्चीस वर्ष पहले या हो सकता है तीस वर्ष पहले हुआ था। आज वह जीवित हैं, ठीक यहां मोड़

पर हैं। अधिक समय नहीं हुआ, वह इसकी गवाही देने यहां कलीसिया में आया था।

50 अब, यही जहां से टेलीफोन आया और एक बार जानना चाहते थे। मैंने इसकी केनडा में गवाही दी थी जब मैंने अपनी पहली सभाएं आरंभ की थी। उन्होंने श्रीमान कूटस को बुलाया, देखभाल करने वाले को, और पूछा कि क्या कोई व्यक्ति वहां उस कक्ष में से जी उठा था, जो मर गया था। अभी भी, मेरे पास वह कटिंग है।

उन्होंने कहा, "हमने बहुत से आश्चर्य कर्मों के विषय में सुना है कि हुए," श्रीमान कूटस ने कहा। कहा कि, "श्रीमान ब्रंहम मेरे व्यक्तिगत मित्र हैं, और सब प्रकार की चीजें हुई है। परंतु हमारे पास ऐसा कोई लेखा–जोखा नहीं है कि कोई मरे हुओं में से जी उठा हो, विशेषकर इस अंतिम संस्कार के कक्ष में।"

51 केनडा वासियों ने इसे गलत समझा। और अगले दिन... ओह, अखबार भरा हुआ था। उसने कहा, "हर स्थान से सैकड़ों लोगों ने फोन किया।" और भाई पैरी, स्वयं वहां पर, अपनी देह कि पुनरुत्थान की गवाही के लिए वहां थे, और उन—उन बातों को जो अखबार में थी उसका विरोध कर रहे थे। और इसलिए तब यह समझा गया था कि यह वहां नहीं था। यह उसके घर में घटित हुआ, और इसलिए जहां वह मृत पड़ा था। वे उसे वहां अंतिम संस्कार वाले कक्ष में अभी तक नहीं ले गए थे।

52 तब उस रात्रि मैंने पढ़ा, जहां इरेनियस, मैं विश्वास करता हूं, या ये संत मार्टिन था, जिसने अपने शरीर को अपने मित्र पर डाल दिया था, उसके फांसी चढ़ जाने के बाद। अब तो यह इतिहास है। और उस पर एक घंटे तक पड़ा रहा, और वह व्यक्ति जीवित हो गया।

53 और मैं बाईबल में देखता हूं जहां एलिय्याह ने अपने शरीर को मृत बालक के ऊपर रखा, और वह जीवित हो गया।

54 मैं उस छोटे लड़के के लिए जो फिनलेंड में था, सोचता हूं, जब वह वहां सड़क पर मरा पड़ा था, सड़क के एक ओर पड़ा था।

55 तब भी, लगभग दो माह पहले, मैं विश्वास करता हूं, यह गिनी, न्यूज़ वीक में था; जो उन्होंने निकाला, वे उसे, "दिव्य चंगाईकर्ता" कहते हैं लंदन में। और उन्हें बीमारों के लिए प्रार्थना करने को भेजा। और वहां

बजाए दवाई की तुलना में अस्सी प्रतिशत अधिक चंगाई थी। जब बीमारों के लिए प्रार्थना की गई।

56 *रीडर डाइजेस्ट* ने इस बात को लिखा। और यहां अमेरिका में, हमने पाया उन्होंने यह लिखा, और *रीडर्स डाईजेस्ट* में, जहां उन्होंने दिव्य चंगाई की जांच परख की थी। और उन्होंने एक भाई को लिया जिसने बीमारों के लिए प्रार्थना की थी, और एक बीमार व्यक्ति था, और उससे बीमार के लिए प्रार्थना करवाई। और तब उस पर एक सीसे की पन्नी का टुकड़ा रखा। कोई भी जानता है कि सीसे की पन्नी किरण को परिवर्तित कर देती है। ऊपर, और व्यक्ति के मध्य में, और व्यक्ति जो प्रार्थना कर रहा था, वह भाई, उसका हाथ। और *इस* प्रकार से लेट गया, और एक्स–रे लिया गया। और व्यक्ति के हाथ से दिखाई पड़ा, एक किरणों की चमक उसके हाथ से आ रही थी, उस आदमी पर पड़ रही थी।

57 परमेश्वर जानता है कि इसका क्या अर्थ है जब उसने कहा, "वे बीमारों पर हाथ रखेंगे, और वे चंगे हो जाएंगे।"

58 इस व्यक्ति का एक बीमार पर हाथों का रखना, और यांत्रिक एक्स–रे (हे परमेश्वर!) यह दर्शाता है कि किरणें व्यक्ति के हाथों से आ रही है। कैसे लोग यह कहने के लिए इतने मूर्ख हो जाते हैं, कि वहां दिव्य चंगाई जैसी कोई चीज नहीं होती? क्यों, यहां तक की यांत्रिक तंत्र, वह यांत्रिकी जिसे—जिसे कि विज्ञान ने बनाया है, एक—एक... (क्या?) उनके अपने विचारो के लिए फटकार है, यह कलीसिया जो कह रही है, "दिव्य चंगाई जैसी कोई चीज नहीं है, और परमेश्वर की सामर्थ।"

59 उस शिकागो के व्यक्ति के विषय में क्या है? बस आगे और आगे बता रहा था, कि उसने इस मामले को वहां मेरे सनमुख कैसे रखा, और वह बात कि कैसे वह हाथ उसे झूठा जांचने वाला हो सकता है, इसका। समझे?

60 और वह महिला लेटी हुई मर रही थी, उस पर यह परीक्षण किया गया। और हाथ को चारों ओर घुमाया भी गया, उस पर्याप्त सामर्थ से कि रेडियो संदेश समस्त संसार में भेजें, चालीस बार, और मशीन को तोड़ दिया गया। वह संत, मरते हुए, उसने स्वीकार किया। इसे दुष्ट व्यक्ति पर रखिए, वह जो मर रहा है; और जब यह किया गया, तो उसने उस हाथ को झटक दिया, इसका उल्टा, इस पार जो कि मशीन को तोड़ने के लिए पर्याप्त था। वह—वह विधर्मी उसने कहा, "यदि कोई परमेश्वर है, और वह भले ह्रदयो की

भलाई है, अपनी महिमा के लिए, वह इस मशीन में इतनी सामर्थ भेजेगा कि इसे फेंक दे, उस महिला में कुछ है कि उस सामर्थ को बनाए। और यदि एक दुष्ट व्यक्ति उसे दूसरी ओर फेंक दें," कहा, "परमेश्वर, मुझ पापी पर अनुग्रहकारी हो," और उसने अपना हृदय मसीह को दे दिया। यह ठीक बात है। क्यों, विज्ञान जानता है।

61 और एक दिन आपको पता लगेगा कि परमेश्वर आप में है। समझे? परमेश्वर, स्वयं, मनुष्य में है। परमेश्वर हम में! ओह, कैसे मैं उन बातों के लिए परमेश्वर का धन्यवाद करता हूं, बहुत ही शानदार!

62 अब, इसके पहले उसके वचन पर आए, और अब हम थोड़ा अपना समय लें, क्योंकि आज प्रातः हम बीमारों के लिए प्रार्थना करने जा रहे हैं। और मैंने—मैंने—मैंने दे दिया है।

63 और अब कोई पूछ रहा था कि हम यहां पर अगले रविवार होंगे या नहीं। ठीक है, जिस... अभी तक मैं नहीं जानता। वे... मेरे—मेरे लिए जान सकना कठिन है जब तक कि इसे परमेश्वर प्रगट ना करें। यदि प्रभु ने चाहा तो, संभव है अगले रविवार रात्रि में। मैं इन सारे प्रातः के उपदेशो को ले रहा हूं अपने बहुमूल्य भाई से जो यहां है। [भाई नेविल कहते है, "आमीन। ठीक है, भाई।"—सम्पा।] अगले रविवार रात्रि, संभव है, यदि मैं आस पास हुआ, प्रभु ने चाहा, जो कि मैं अक्सर होता हूं, जब तक कि बुलावा ना हो, तो मैं *हमने उसका सितारा पूर्व में देखा है और उसकी आराधना करने आए हैं* इस पर बोलना चाहता हूं। देखो, बस एक संदेश, एक क्रिसमस का संदेश।

64 और अब हम उसके पास चलते है, या आओ उसके वचन के पास हम प्रार्थना के द्वारा उसके पास चलते हैं। यदि... सब जो खड़े हो सकते हैं, हम एक क्षण के लिए खड़े हो जाएं।

65 हमारे स्वर्गीय पिता, हम सब से आनंदित लोग हैं, हम इतने अधिक आनंदित हैं कि हमारे—हमारे प्राण उसे अपने में समा नहीं सकते। कभी–कभी हम चिल्ला पड़ते हैं, और अपने उस आनंद को जो हमारे हृदयो में बाहर निकलते हैं, यीशु मसीह में होते हुए; यह जानने के लिए कि जिस घड़ी में हम रह रहे हैं, जहां हर चीज में हलचल है—है, फिर भी वहां एक निश्चित नींव है।

66 और बीते दिनों में तेज तर्रार लोग जो उठ खड़े हुए हैं, और परमेश्वर के अस्तित्व को गलत सिद्ध करने का यत्न किया, अपने खुद के यांत्रिक उपकरण के द्वारा, और फिर वापस परमेश्वर की महिमा की गवाही दी। सच में, यहूदा को स्वयं यह कहना पड़ा कि उसने "एक निष्कपट लहू को धोखा दिया।" रोमी सरदार ने कहा, "सच में यह परमेश्वर का पुत्र था।" उसके अपने शत्रुओं को गवाही देनी पड़ी। और हम यह देखने के लिए जीवित है कि एक वैज्ञानिक युग अपने अंत पर आ गया है। वे और इसके आगे नहीं जा सकते। वे किसी भी क्षण एक दूसरे को टुकड़ों–टुकड़ों में उड़ा देंगे। और फिर भी हम देखते है हर विज्ञान का यंत्र जिसका उन्होंने आविष्कार किया है, आपको खंडन करने का यत्न किया, आपके चारों ओर घूमे और आपकी महिमा की गवाही दी। इसके लिए हम आपका कैसे धन्यवाद करें, प्रभु! आज, हम, इसे स्मरण रखे कि परमेश्वर का वचन कभी भी असफल नहीं होगा।

67 प्रभु, हमें विश्वास दे। जैसे कि थोड़े समय पहले एक गंवारू अभिव्यक्त, जो मैंने कहा कि परमेश्वर की सामर्थ हम में, इस विषय पर, और हमारे सारे तंतु परमेश्वर की ज्योति हैं, और अंधकार और पाप ने हमारे प्राण के उन छोटे–छोटे छिद्रों को बंद कर दिया है। होने पाए इस प्रातः पवित्र आत्मा हमारे जीवो में फैल जाए, हमारे सबसे भीतर वाले जीव में विश्वास का दबाव बनाए, ताकि हमारा पूरा शरीर और जीवन परमेश्वर की सामर्थ से इतना परिपूर्ण हो जाए, जब तक कि लोग यीशु मसीह को हमारी कलीसिया में रहते हुए ना देख ले। पिता, इसे ग्रहण करें।

68 अब हम सब आपको समर्पित करते हैं, और मांगते हैं कि आप इन थोड़े से वचनों को आशीषित करेंगे, जो अब हम कहने जा रहे हैं और उस पर थोड़ी टिप्पणी करने जो आपके एक शिष्य के द्वारा लिखा जा चुका है, वह महान संत पौलुस। और पिता, मैं प्रार्थना करता हूं कि पवित्र आत्मा इसे ले लेगा और बस इसे लोगों के हृदयों के जरिये से बढ़ने दें, और आने वाली चंगाई सभा के लिए विश्वास दें। हम यह यीशु के नाम में मांगते हैं। आमीन।

बैठ सकते है।

69 [एक बहन अन्य भाषा में बोलना आरम्भ करती है। टेप पर खाली स्थान। एक भाई अन्य भाषा में बोलता है। टेप पर खाली स्थान। एक भाई

अनुवाद करता है—सम्पा।] धन्यवाद प्रभु। आमीन। परमेश्वर की महिमा हो। [टेप पर खाली स्थान।]

70 परमेश्वर, हम तेरी भलाई और अनुग्रह के लिए तुझे धन्यवाद देते हैं। हम तेरे प्रेम के प्रगटीकरण और सामर्थ के लिए तेरे धन्यवादित हैं, उस सब के लिए जो आपने हमारे लिए किया है। वे आशीषे जो आपने हमें दी हैं हम उसके योग्य नहीं हैं। मैं सच में... इस संदेश की आवाज इसे स्वयं अपने में वही संदेश होना चाहिए जो आगे गया, और पापियों को पुकारता हुआ प्रतीत हो कि—कि आपको ढूंढे, क्योंकि विनाश की घड़ी समीप है। और पिता परमेश्वर, हम प्रार्थना करते है कि यदि कोई व्यक्ति जहां इस प्रातः, या उन लोगों में से हो, जो यह समझेगा हम इन बातों के विषय में कुछ नहीं जानते, कि यह सत्य में, पवित्र आत्मा मानव होंठों से होकर बोल रहा है, अनुवाद करने के लिए, उन लोगों को बुलाने के लिए जो जगत की उत्पत्ति से पहले अभिषिक्त हैं, कि परमेश्वर के पुत्र और पुत्रियां ठहरे, और संभव है लंबे समय से दूर रहे सम्भव है। प्रभु वे आज तुझे जानने के लिए आए, और उस छिपने के स्थान को ढूंढे, क्योंकि समय समीप है। पिता, इसे प्रदान करें, जैसे कि इस संदेश पर हम आगे तेरी प्रतीक्षा करते हैं। यीशु मसीह के नाम में। आमीन।

71 अब, यदि कोई ऐसा हो जो ठीक–ठीक ना समझ सका हो कि इस प्रकार से संदेश कैसे आगे जाता है, उसमें से दो, एक ने कुछ छोड़ दिया कुछ कह रहा था दूसरे ने उसी को आरंभ किया। क्योंकि, आप ध्यान दें कैसे दूसरा वाला छोटा था थोड़ा सा, बस जो पहले वाले ने छोड़ दिया था। यह जब इसका अनुवाद आया, सब उसी एक पंक्ति में है, आप देखिए, जो संदेश को लाया, पापियों के लिए पुकार।

72 यह—यह ऐसा ही होना था, यह लोग नहीं जानते कि मैं क्या बोलने जा रहा हूं। कोई इसे नहीं जानता, इसे संसार में तब तक नहीं जानता, परंतु यही चीज है जिस पर मैं बात कर रहा हूं। समझे? जी हां। अब मेरे साथ पहला कुरुन्थियो 14वां अध्याय निकाले। यह अच्छा है कि—कि अब—अब आप में से सारा अविश्वास बाहर निकाला जाए, ताकि पवित्र आत्मा अंदर आए और अपना स्थान ले आप जानते हैं, और आपके तंतुओं में से होकर, और—और नियंत्रित करें, और—और आपके जीवन को नियंत्रित करें।

73 अब, आप जो पवित्र वचन लिख रहे हैं, उस दिन, मैंने ध्यान दिया, इस प्रकार, कि शिक्षा, बहुत सहायता करती है, जब तक मैं इन दो तीन पृष्ठों को जिस पर मैंने बोलने जा रहा हूं, आज की प्रातः, वचन पर और दूसरी बातें, ताकि आप इन्हें लेकर और उन स्थानों पर निशान लगा ले। और मैंने यहां निशान लगा रखे हैं ताकि मैं उन्हें ना भूलूंगा।

74 अब पहले कुरुन्थियो का 14वां अध्याय, 1 से 8 पदों तक। अब ध्यान से सुने।

प्रेम का अनुकरण करो, और आत्मिक वरदानो की धुन में रहो, विशेष करके यह कि भविष्यवाणी करो।

क्योंकि जो अन्य भाषा में बातें करता है वह मनुष्य से नहीं, परंतु परमेश्वर से बातें करता है: इसलिए कि कोई उसकी नहीं समझता; क्योंकि वह भेद की बातें उसकी आत्मा *में होकर बोलता है।*

परन्तु जो भविष्यवाणी करता है वह मनुष्यों से उन्नति और शांति की बातें कहता है।

परंतु जो अन्य भाषा में बाते करता है वह अपनी ही उन्नति करता है; *परन्तु जो भविष्यवाणी करता है वह कलिसिया कि* उन्नति करता है।

मैं यह चाहता हूं तुम *सब अन्य भाषाओं में बातें करो,... परंतु अधिकतर यह चाहता हूं कि* तुम *भविष्यवाणी करो; क्योंकि यदि* अन्य भाषा *बोलने वाला अनुवाद ना करें तो भविष्यवाणी करने वाला उससे बढ़कर है, जिससे कि कलीसिया की उन्नति हो।*

और इसलिए हे भाइयों, यदि मैं तुम्हारे पास आकर अन्य भाषाओं में बातें करूं, तो मुझसे तुम्हें क्या लाभ होगा, और मैं... कुछ प्रकाशन की बातें तुम से न कहूं, या ज्ञान, या भविष्यद्वाणी, या उपदेश की बातें तुमसे ना कहूं?

इसी प्रकार निर्जीव वस्तुए भी जिनसे ध्वनी निकलती है जैसे बांसुरी या बीन यदि उनके *स्वरों में भेद ना हो तो जो फूका या* बजाया *जाता है, वह क्यों कर पहिचाना जाएगा, बांसुरी या बीन ने क्या कहा?*

और यदि तुरही का शब्द साफ ना हो, तो कौन लड़ाई के लिए तैयारी करेगा?

75 अब मैं चाहता हूं, जब आप घर जाएं, तो इस अध्याय को पूरा पढ़ें, क्योंकि इसके बहुत से पद इस अध्याय के चालीस पद है। मैं चाहता हूं कि—कि आप इसे पढ़े जब आप घर जाते हैं। यह वरदानों की व्याख्या करता है।

76 अब यदि मैं इस प्रात: इस मूल पाठ को अपने... मैं जो कहना चाहता हूं, वह *अनिश्चित स्वर* है।

77 अब, यहां पौलुस बोल रहा था, अन्य भाषा पर—पर बोल रहा था। यदि कोई अनुवादक ना हो, तो कौन जान पाएगा कि उन लोगों ने थोड़ी देर पहले क्या कहा? वे नहीं जान पाएंगे। परन्तु वह केवल परमेश्वर से बातें कर रहा है। निश्चय ही उसकी आत्मा वचन दे रही—दे रही है, और वह गौरवपूर्ण, यह उसे आशीषित करता है। उसने कहा, "वह अपनी उन्नति करता है," क्योंकि उसे सांत्वना है कि परमेश्वर उसके द्वारा बोल रहा है। परंतु यदि उसके साथ-साथ अनुवाद आए, देखिए, एक अनुवाद पीछे से आता है; तब यह केवल उसकी ही उन्नति नहीं करता, यह पूरी कलीसिया की उन्नति करता है, प्रत्येक को वो—वो प्रभु का वचन देता है, उसके द्वारा।

78 अब, उन्होंने कहा, "यदि कोई भविष्यवक्ता हो, तब, भविष्यवक्ता बोल रहा है ताकि सारी कलीसिया," जो कि एक... एक भविष्यवक्ता, यह क्या है? दिव्य वचन का एक दिव्य प्रकाशन देने वाला, जिसमें लोगों को देने के लिए वचन का प्रकाशन है। तब यह सब की उन्नति करता है। समझे?

79 अब, एक व्यक्ति जो अन्य भाषाओं में बोलता है, भाषाएं बोल सकता है। और कलीसिया में किसी को भी अन्य भाषा इसके बोलने की मनाई है, जब तक कि वहां कोई अनुवादक ना हो। यही कारण है कि हम यहाँ अन्य भाषा बोलने की अनुमति देते हैं, हमारे पास यहां कलीसिया में तीन या चार अनुवादक हैं, इस समय, यही पर इस कलीसिया में, जो अज्ञात भाषा का अनुवाद करते हैं। और इसलिए यदि कोई अनुवादक ना हो, तो हम उन्हें कलीसिया में बोलने की अनुमति ना देंगे। जो भी है, घर पर और जब वे प्रार्थना कर रहे हो, क्योंकि वे अपनी उन्नति कर रहे हैं, क्योंकि उनके ऊपर आत्मा है, जब तक वे यत्न ना करें... वास्तव में लोग सोचते है, वे जो कह रहे है आप समझ सकते हैं, परंतु वे नहीं जानते कि वे क्या कह रहे

हैं। वे ऐसे हैं खड़े हुए और कुछ कहना आरंभ कर दिया, वे बस इसे रोक नहीं सकते। यह तो बस—तो बस बाहर की ओर उमड़ता रहता है। और वे सोचते हैं वे जो बोल रहे हैं जिसे कि आप समझ रहे हैं। यह एक—एक उपविवेक की स्थिति है।

80 जैसे कि जब मंच पर, जैसे आज, आप ध्यान देंगे जब आत्मा की परख आती है। यहां बहुत से लोग, मैंने उन्हें अपने जीवन में कभी नहीं देखा। पवित्र आत्मा पर ध्यान दें जब यह नीचे आता है भक्तों गणों में से होकर निकलना आरंभ करेगा, और उन लोगों को बताता है कि वे कौन है, या वे कहां से आए हैं, क्या घटित हुआ, उन्हें क्या रोग है, और सब। समझे? यह क्या है? "यह परमेश्वर का वचन दोधारी तलवार से अधिक तेज है, गूदे और हड्डी के आर–पार जाता है, यहां तक कि विचारों को परखता है और ह्रदय की भावनाओं को और विचारों को।" समझे? समझे? यह परमेश्वर का वचन है।

81 अब, पौलुस ने कहा, "यदि तुम सब अन्य–अन्य भाषा बोलते हो, कोई अनुवाद ना हो, तो अनपढ़ भीतर आकर कहता है, कि, 'यह लोग क्रेजी, पागल हैं।'" "क्रेजी" शब्द का अर्थ *पागल* है। "और अब कहते हैं, 'वे पागल हैं।' परन्तु यदि एक जो भविष्यवाणी कर सकता है और हृदय के विचारों को प्रगट करता है, तो हर कोई गिर पड़ेगा, 'परमेश्वर उनके मध्य में है।'"

82 अब, "यदि वहां एक अनुवादक है।" एक अनुवाद, आज्ञात भाषा का अनुवाद, एक भविष्यवाणी है। देखिए, यह भविष्यवाणी है, स्वयं में, क्योंकि पवित्र आत्मा बोल रहा है और यह अनुवाद देता है। यह निश्चित लोगों को, निश्चित चीजें करने के लिए बताता है, और—और हर एक चीज। और प्रत्येक जानता है कि यह आप पर कब प्रहार करेगा, आप जानते हैं यह कौन बातें कर रहा है।

83 और इसलिए यह—यह देखने में अच्छा है कि केवल यही नहीं... यह मनुष्य नहीं है, यह परमेश्वर मनुष्य में है जो—जो कि अपना कार्य कर रहा है। बहुत–बहुत, हम निश्चय ही इसके लिए प्रभु का धन्यवाद करते हैं।

84 और मैंने यह ध्यान देना आरंभ किया कि इसने दूसरे स्थानों कलिसियाओ में भी आना आरंभ कर दिया। चार्ल्स फादर। कितनों ने कभी सुना है पुराने रीति के बेदारी की घड़ी? महान व्यक्ति, उसने कहा,

अधिक समय नहीं हुआ, उसने कहा, "हमारे पास अन्य भाषाओं में बोलना, अनुवाद, ठीक यहां पर है।" ठीक वहां लॉन्ग बीच में। और यह सत्य है। मैंने बहुत बार वहां उसके साथ प्रचार किया है। इसलिए उनके पास अनुवाद है, और सब को शांत बैठा देता है।

85 देखिए, इसकी बात यह है, हम इन वरदानो का आदर नहीं करते। और फिर कभी–कभी यदि वरदान नियम विरुद्ध होता है, और आपको इसे रोकना पड़ता है। ना ही—ना ही... देखिए, यह—यह शैतान है जो उन्हें ऊपर चढ़ाता है। यदि वह सत्य को आप से अलग ना कर सके, तो वह उसी सत्य को लेगा और इससे आपको ऊपर चढ़ा देता है। समझे? यह ठीक बात है। वह इससे धर्म उन्माद उत्पन्न कर देता है। समझे?

86 अब, हम इसे यहां ठीक रखना चाहते है। यह—यह हमारी कलीसिया में फिर से कार्य करने लगा है, वर्षों बाद पहली बार। इसलिए हम इसे ठीक–ठीक रखते हैं, कि उन्हें यह मालूम पड़े। जब, अब, बहुत सी बार, जैसे कि अब, कोई हो सकता है, जिसे अन्य भाषा बोलने का अनुभव सा होता है, इस समय, परंतु उन्हें शांति बनाए रखनी चाहिए। समझे? मैं... अब मेरे पास वचन है। समझे? समझे? समझे? और तब इसके बाद पूरा हो जाता है, और वेदी पर बुलाहट या जो कुछ हो, यह यहां समाप्त हो गया, तब संदेश आ सकता है, आप देखिए। बोलने वाला अन्य भाषा बोल सकता है, या इसके पहले।

87 अब यदि यह प्राप्त करता जाता है, और वरदान आते हैं, तो फिर हमारे पास उनके मिलने के लिए समय होता है। और वे आराधना आरंभ होने से एक घंटा पहले मिलते हैं, और एक साथ बैठकर, और भविष्यवाणी करते हैं, और अन्य भाषा बोलते हैं। और उन संदेशों को लिखते हैं, और उन्हें ठीक यहां प्रचार मंच पर रखते हैं।

88 जब पास्टर आता है, वह बाहर आएगा, और कहता है, "**यहोवा यों कहता है।** यह घटित होगा, परसों, वह भाई जॉन्स जो माल लाने, ले जाने के लिए रास्ते के पास रहता है, वह हट जाए, क्योंकि पटरी पर से एक डिब्बा गिरने वाला है और उसके घर को कुचल देगा। **यहोवा यों कहता है।** यहां आज प्रातः एक महिला है, जिसका नाम *अमुक–और–अमुक* है। वह अमुक–अमुक स्थान से आई है। और जब वह लड़की ही थी उसने कुछ चुराया था। भाई ब्रंहम या भाई नेविल, जो भी है, उस पर हाथ रखेंगे,

उसके गलती स्वीकार करने के पश्चात और वह उसे ठीक करेगी तो वह चंगी हो जाएगी। उसका *अमुक–अमुक* नाम है।" समझे? और पास्टर, इसके पहले कि यह आराधना आरम्भ हो, इसको पढ़ दे। यह ठीक बात है। समझे?

89 अब यह हमारे मध्य में बालक के रूप में है। समझे? यह बालक के रूप में है। तब आप देखते है, कुछ भी छूट नहीं सकता। समझे? समझे? शैतान भीतर आता है, और शरीर में आरंभ करता है, तब, वह करता है, और इस प्रकार से पूरी कलीसिया को टुकड़े–टुकड़े कर देता है, देखो, अब धर्मांधता में चले जाते हैं, आप देखते हैं, कि किसी भी समय आगे बढ़ते हैं। परंतु कलीसिया क्रम में है। समझे?

90 और अब—और अब यदि एक—यदि एक व्यक्ति जिसके पास वरदान है, और फिर वह वचन के द्वारा बुलाया गया है, और—और वे इस पर ढीले हो जाते हैं, तो यह ये दर्शाता है कि यह परमेश्वर का वरदान नहीं था। क्योंकि, परमेश्वर का कोई भी वरदान वचन का आदर करता है। हुंह? हू–हुंह।

91 यही कारण है दिव्य चंगाई वैसी की वैसी ही है। समझे? यह पवित्र आत्मा वचन का आदर करता है, यीशु मसीह के नाम में पवित्र आत्मा। पवित्र आत्मा आप में वचन का आदर करेगा, क्योंकि उसने यह लिखा है, स्वयं, देखा, और वह आप में है। यह परमेश्वर की ज्योति आप में है, यह चाहे जो हो यहां वचन जहां भी लिखा है वह इसका आदर करेगा। भविष्यवक्ताओं का आत्मा (भविष्यवाणी करने वाले, वरदानो) भविष्यवक्ता के वश में है, आप देखते हैं, जो कि वचन को प्रगट करने वाला है। अब, और क्या हम इन बातों को अपने दिनों में देखने से आनंदित नहीं?

अब, यह अनिश्चितता का दिन है।

92 यहां ये कहा है कि, "यदि तुरई अनिश्चित स्वर दे, तो युद्ध के लिए स्वयं को कौन तैयार करेगा? " पौलुस यहां बोल रहा है, ठीक है, वह इन कुरुन्थियों से बोल रहा था। और उन दिनों में उनमें से बहुत से सिपाही थे, उनकी अपनी सेना में। "अब, यदि तुरही अब अनिश्चित स्वर देती है, तो कौन स्वयं को तैयार करेगा? " आपके पास किसी भी चीज की निश्चितता का होना है। हमें जानना चाहिए कि यह सही है या नहीं।

93 और अब हम एक महान अनिश्चितता के समय में रह रहे हैं। अब सब यह जानते हैं; अनिश्चितता का दिन, और अनिश्चितता का समय। मैं विश्वास नहीं करता कि कभी यह समय था... जब से अदन वाटिका में समय आरंभ हुआ, जब पाप ने आकर अनंतता को समय में तोड़ दिया, मैं विश्वास नहीं करता कि कभी कोई इतनी अनिश्चितता का समय रहा होगा जैसे आज। क्योंकि, एक भी आशा आज के स्वाभाविक संसार में नहीं बची।

94 अब, आप देखते है, "तो, मैंने समय देखे है, और इतिहास में पड़ा है, जब युद्धों ने पृथ्वी को ढांक रखा था।" यह सत्य है।

95 परंतु कभी भी समय नहीं रहा है जब समस्त पृथ्वी, बस एक सेकंड में टुकड़ो में टूट जाएगी। समझे? और ऐसा विनाश यह सप्ताह, और घंटे, और आदि–आदि लोग अब यह एक मिनट लेगा, हो सकता है इतना भी नहीं। बस एक बटन दबाया, और बस हो गया। यह भयानक है। और उनके पास नहीं है... इसे स्वयं क्यों कर सकता है। इसे यह नहीं है, कि एक छोटा सा है... हैटी यह कर सकता है। कोई भी छोटा राष्ट्र जो करना चाहे सारे संसार में आग लगा सकता है, और उसकी कक्षा से उसे बाहर कर सकता है, किसी भी समय जब वे चाहे। समझे? यह केवल एक पागल को लेता है, जहां कि संसार में लाखों हैं, ये करने के लिए।

96 कुछ आत्मघातियो को देखे वहां पहुंच कर, और उनके मध्य में हो गए, और शैतान ने उन्हें इतनी बुरी रीति से जकड़ा, जहां वे उन स्थानों में लटके हुए हैं, बस उस एक बटन को दबाना है और यहाँ वे गए। और जैसे ही वे जाते है, तो यह दूसरों के राडार के पर्दे पर आ जाता है; और वे अपने दबाते हैं, और हम यहां पर हैं। समझे? बस। क्योंकि, उनके पास... हर व्यक्ति के पास उसका पर्दा है, वह देख रहा है, समुंदर में, पनडुबीयो में, दूर टापुओं में हर जगह, चारों ओर बैठे है। वहां उत्तरी ध्रुव में, नीचे दक्षिणी ध्रुव पर, हर जगह इन बड़े पदों के साथ, इन बड़े–बड़े पर्दों के साथ। बस कोई तो बटन को दबाएं, बस, वे यही सब चाहते हैं। और यहाँ उनके बटन को दबाते है, और उनमें के बाकी दबाते है, और दबाते है और दबाते है। और क्या होने जा रहा है? परन्तु, ओह, वो... सोचिए, यह आज इसके पहले आराधना से बाहर जाएं आज प्रातः हो सकता है।

97 परंतु, स्मरण रखे, इसके पहले यह घटित हो, परमेश्वर ने प्रतिज्ञा की है कि अपनी कलीसिया के लिए आता है, आने की प्रतिज्ञा, इसलिए हम

नहीं जानते हैं कि वह किस समय आएगा। कितनी शानदार बात है! "और उन सब को जो उसके प्रगट होने को प्रिय जानते है, वह प्रगट होगा।" क्या आप... क्या आप उसे इस प्रातः देखना नहीं चाहेंगे? जैसे कि हम छोटा गीत गाते हैं, "मैं उसे देखना चाहता हूं, उसके मुख को देखना चाहता हूं। उसके बचाने के अनुग्रह को सदा गाना है।" जब जीवन सारा पूरा हो जाए, और परेशानी और दुःख अंतिम बार चले जाएं, और हम उसे देखेंगे। और हम वहां खड़े होते हैं, युवा, अमरणहार, सदा उसकी उपस्थिति में। जहां कभी भी पाप, बीमारी, ह्रदय रोग, दुख ना होगा, जब सारा समय अनंतता में बदल जाएगा। क्योंकि, क्या ही शानदार बात है!

98 तब यह आपको क्या करने के लिए बनाता है? अब कार्य करना चाहते हैं, ताकि सब उस स्थिति में आ जाएं, जो कि आप आ सकते हैं, उठाए जाने के लिए। मैं चाहता...

99 मैंने स्वयं को फिर पवित्र किया, और मैंने—मैंने परमेश्वर से प्रतिज्ञा की है कि मैं दुगना भाग करूंगा। और मैंने—मैंने हर चीज की है जो मैं जितना अच्छा जानता था। मैं बस चाहता हूं कि मैं—मैं फिर से अठारह, बीस वर्ष का हो जाऊं, और जो जानता हूं जानू, कैसे मैं और थोड़ी अधिक देर खड़ा रहूं, और थोड़ी अधिक मुलाकातें, कुछ इस प्रकार से, परमेश्वर के राज्य के लिए।

100 आज प्रातः आप युवा लोगों, जो युवा हैं आप में अब भी जवानी है और पारिवारिक बंधन नहीं और आदि–आदि, होने पाए परमेश्वर आपको वह दर्शन दृष्टि दे, कि—कि आप देखें हम किस घड़ी में जी रहे हैं।

101 अनिश्चितता। आइए कुछ अनिश्चित बातों को देखें और अब इस अनुच्छेद समय में। वहां अनिश्चितता है... हम युद्ध के विषय में बोले, युद्ध कर्ताओं की बातों में अनिश्चितता है। "हम नहीं समझ सकते।" वे नहीं जानते। आप जाए, और वे बड़ी–बड़ी सभाएं करेंगे, और आदि–आदि, और वे एक साथ एकत्र नहीं हो सकते। वहां अनिश्चितता है। वे नहीं जानते। कि वे नहीं जानते कि क्या होने जा रहा है। सारी महान युक्तियां, और आदि–आदि, वह युद्ध अध्ययन, और संभावनाएं और यह कैसे निकलेगा, आज प्रातः उनके पास उत्तर नहीं है। वहां कोई नहीं करता। वे आपको नहीं बता सकते।

102 ठीक, कुल मिलाकर विज्ञान महान चीज है जो कि वे सोच सकते हैं, सारी महान युक्तियां जिसमें होकर वे निकल सकते हैं, सारे वैज्ञानिक युद्ध अभ्यास और बटन जो वे निकाल सके, उनके वैज्ञानिक यंत्र, और—और उनके महान चतुर बुद्धियां जो कि बुद्धि के लिए सोचते हैं; और जब वे कुल मिला कर इस घड़ी में पाते हैं, उन्होंने एक बात कही, "यह मध्य रात्रि से तीन मिनट पहले है।" यह उनका उत्तर था।

103 या, "क्या हम इसे जीवंत रख सकते है? क्या हम नीचे खोज कर और इसे नीचे रख सकते हैं, और उन बमो को नीचे गहराई में दूर रख सकते हैं कि हमें हानि ना पहुंचे, और एक राष्ट्र के समान जीवित रहे? " निश्चित ही हम नहीं कर सकते। वह पृथ्वी में एक—एक मील गहरे में फट जाएगा। क्या हो यदि आप दस मील की गहराई में हो? यदि आप होंगे, तो आप लावा में होंगे। परन्तु यदि आप... यदि आप इतनी दूर पहुंच सके, तो उसका झटका आपके शरीर के भीतर आपकी सारी हड्डियां तोड़ सकता है। नीचे कोई नहीं है।

104 मार्ग ऊपर है। ओह, उत्तर को पाकर मैं बहुत आनंदित हूं! क्या आप नहीं है? एक आवाज जो निश्चित है।

105 वह तुरही, नीचे खोदने की और गुफाओं में जाने की... मैं अब सुनता हूं कि वे सारी सरकार को हिला रहे हैं और यहां पर आदि–आदि फोर्ट नॉक्स के आसपास, और वहां मेमोस गुफा के आसपास, और वहां एक स्थान है जहां वे इसको तय कर रहे हैं। कि जब... यदि यह एक छोटे विवाद के युद्ध के रूप में आता है या कुछ, और तो वे सरकार को इन गुफाओं में ले जाने के लिए तैयार हैं। क्या बाईबल इसे स्पष्ट रूप में नहीं कहती कि वे स्वयं को गुफाओं में छिपा लेंगे और पृथ्वी की जगहों में? बिल्कुल ठीक। समझे? उनके पास उत्तर नहीं है। इसलिए, हमारी सेना शक्ति की बड़ी टुकड़ी के पास उत्तर नहीं है।

106 अब, हम दुआ करते थे, हमारा विज्ञान कहेगा, "हम एक महान यंत्र बना सकते हैं। हम जर्मन से भी अच्छी बंदूक बना सकते हैं। हमारे पास कुछ—कुछ—कुछ लोग हैं जिनके पास बहुत ही धैर्य और सामर्थ है, और पुराने अमेरिकन और उस—उस ढोल को बजाते हैं, और—और बिगुल, बजाते हैं, और लहराते हुए झंडे, और थोड़ा सा हर्ष, और इस प्रकार की सारी चीजें। लड़के, हम जा सकते हैं, और अपना धैर्य पीछे छोड़ कर, ये

करते हैं।" आपको वहां पर नहीं जाना है। यह एक समय है हम इसे घर पर ही पाने जा रहे हैं। समझे?

107 बस एक व्यक्ति को बटन दबाना है, बस, कुल मिलाकर यही होना है। एक मनुष्य। हजारों सिपाहियों को सिखाने की आवश्यकता नहीं है। केवल एक मनुष्य बिना समझ का, बस शैतान से जकड़ा हुआ, बस उस बटन को दबाने के लिए, और यही पर्याप्त है। समझे?

108 इसलिए, उनके पास उत्तर नहीं है, इसलिए अंत में वे क्या कहते हैं? "ठीक है, ये मध्यरात्रि होने को तीन मिनट है।"

109 मेरे पास—मेरे पास इसका एक चलचित्र है। मैंने अपने एक डॉक्टर मित्र को कुछ समय के लिए दिया है, *मध्यरात्रि होने तक तीन मिनट है।* अब, यह लगभग पांच वर्ष पहले बनी थी, जब यहूदियों ने पहली बार फिलिस्तीन को वापस जाना आरंभ किया। और चलचित्र में दर्शाया गया कि वे बूढ़ों अपाहिजों को अपनी पीठ पर लादकर चल रहे हैं। और वे वहां जा रहे थे, उनका साक्षात्कार लिया जा रहा था। और इस प्रकार से जब उन्होंने उनसे पूछा कहा कि, "क्या आप अपने स्वदेश वापस जा रहे हैं, कि—कि अपने देश में मरे? "

110 कहा, "हम मसीह को देखने वापस आए हैं।" हूं–हुंह। और भविष्यवक्ता ने क्या प्रतिज्ञा की है?

111 आप में से बहुत लोगों ने *लुक* और *लाइफ,* और उन पत्रिका को पढ़ा है। और वे उनमें उन हवाई जहाजों के चित्र हैं, जो उन्हें उन विभिन्न स्थानों से वापस ला रहे हैं, वहां, ईरान और–और स्थानों से जहां पर वे थे। और, जब वे उन हवाई जहाजों पर नहीं पढ़े होंगे। उन्होंने कभी नहीं देखा था... वे अब भी पुरानी लकड़ी के हल से जोतते थे, जैसे पच्चीस सौ वर्षों पहले, जब रोमन साम्राज्य ने उन्हें इधर–उधर भगा दिया था। और वे—वे उन्हें उन हवाई जहाजों पर नहीं ले जा सकते थे। परन्तु एक बूढ़ा...

112 उनका बूढा याजक वहां बाहर आया, रब्बियो में से एक, शिक्षकों ने वहां आकर और बोला, "क्या परमेश्वर ने हमें नहीं बताया कि किसी दिन हम अपने स्वदेश को वापस जाएंगे, 'उकाब के पंखों पर'? " उन्होंने अपने–अपने हल नीचे रख दिए, जहाज पर चढ़ गए और पंखों पर घर वापस आ गए। यशायाह ने इसे देखा, परंतु उसे मालूम ना था कि वह क्या था। यह उड़ते हुए पक्षी के समान दिखाई पड़ता है। उसने इस्राएल को वापस आते

देखा, आगे पीछे घूमते हुए। और तुम जो हवाई जहाजों पर सवार हुए जानते हैं कि क्या है। यह ऊपर नीचे लहराता है, जैसे कि चिड़िया उड़ रही है, घर वापस आ रहे हैं।

113 वे वहां उतर गए, उन्होंने कहा, "अच्छा, मसीहा कहां है?" वे उसे देखना चाहते थे। और मैं आपको बता रहा हूं, जब आप यहूदियों को इस प्रकार से वापस जाते देखें, यह परमेश्वर की घड़ी है। हम अंत पर हैं।

114 अभी हाल में राष्ट्र बना है, सब वे जो बने है, और उनके पास अपनी मुद्रा है, उनकी अपनी फौज है, और हर चीज उनके पास सब कुछ है। वे फिर से एक राष्ट्र हैं। समझे? और क्या ही सुन्दर विचार है! इसके लिए मेरे पास वचन है, यहां थोड़ा सा आगे, जी हां, इसी पर।

115 अब अनिश्चितता... युद्ध की। हम नहीं जानते किस समय। रेडियो पर सुनिए। आप उन्हें रेडियो पर कहते हुए सुनते हैं, "आपके तहखाने में बहुत सामान है। पर्याप्त पानी है, झरने में। वहां आपके पास रेडियो है, और इसे सरलता से लेना।" मैंने पत्रिका में देखा है, वे छोटे भवनों का विज्ञापन दे रहे हैं कि उनमें आ जाएं, कि आपके तहखाने में या आपके आंगन में व्यवस्थित कर दें, या ऐसे ही कुछ। यदि बम आने लगते है, आप जीवित रहते हैं, जो भी है युद्ध आपको ले लेगा, जो भी है इसलिए आपको चिंता करने की बात नहीं हैं। वे यहां न्यू ओरलेंस में बम को गिरा सकते है, और युद्ध आपको यहां ले लेगा। इसलिए इसका कोई अर्थ नहीं है, जो भी है आप मर जाएंगे। "इसलिए भीतर टिके रहे, और थोड़ी देर जीवित रहे हैं," या इसी तरह से कुछ। ओह, प्रभु! मैं तो इसका विश्वास तक नहीं करता। मैं विश्वास करता हूं इसका यत्न करना भी निरर्थक है। यह ठीक बात है।

116 परंतु कलीसिया को चिंता करने की बात नहीं। तब उस समय आप यहां नहीं होगे, जो भी हो। समझे? एक बात निश्चित है। समझे? आप नहीं है, क्योंकि परमेश्वर के वचन की निश्चितिता ने ऐसी प्रतिज्ञा की है।

117 अब हम थोड़ा सा कुछ ले जो कि अनिश्चितता है, थोड़ी बहुत चीजें। नौकरी अनिश्चित है। आप नहीं जानते किस समय। आप आज कार्य कर रहे हैं, कल की आप नहीं जानते। यह बस अनिश्चित है। आपके पास अच्छी नौकरी होगी, आप सोचते हैं। और अगले दिन, मालिक आता है, किसी को ले लेता है, और आपको बाहर कर देता है, किसी और को अंदर ले लेता है। इसलिए, नौकरी डांवांडोल है।

118 हम इसे भी ले ले, घरेलू जीवन अनिश्चित है। मैं आपको बताता हूं, मैं नहीं जानता कि हमारी स्त्रियों के चरित्र तंतु को क्या हो गया। तलाक बढ़ते जा रहे है। मैं... यह बस भयानक है। और आप देखिए जहां कि तलाक की अदालतों में भीड़ है। जहां की लड़कियां और लड़के विवाह करेंगे, और साथ–साथ रहेंगे, तीन या चार बालक, या कुछ इस प्रकार से। और वे अलग हो जाएंगे, और बाहर निकल कर और दूसरे से विवाह, और दूसरे से विवाह, और दूसरे से विवाह, और दूसरे से विवाह, और, और दूसरे से विवाह करेंगे। और उनके घर?

119 मैं एक निर्धन परिवार, वास्तव में निर्धन परिवार में उस रात्रि था। उस व्यक्ति ने कहा, "मैं आपको बताता हूं, मैं—मैं नहीं जानता।" कहा, "मैं बस नहीं जानता कि मैं अंत तक कैसे निर्वाह करूंगा।"

120 मैंने चारों ओर देखा। उसने कार्य किया। उसकी एक छोटी पत्नी वहां थी, सच में दुर्बल जितनी हो सकती थी, और चार या पांच छोटे–छोटे गंदे चेहरे वाले बालक वहां कमरे में थे। मैंने कहा, "लड़के, तुम करोड़पति हो।"

121 और उसने कहा, "हुह! भाई ब्रंहम, मैं आपके शब्द पर विवाद नहीं करूंगा।" उसने कहा, "भाई, मेरे पास एक पैसा नहीं है।"

122 मैंने कहा, "परन्तु तुम्हारे पास कुछ है जिसे वैसा नहीं खरीद सकता।" मैंने कहा, "तुम्हारे पास एक पत्नी यहां है जिसके पास सम्भवत: उसके नाम पर दो जोड़ी कपड़े भी नहीं है।" और—और यदि उसके पास है तो उसे किसी ने दिए हैं, क्योंकि पुरुष के पास पूरे दिन का कार्य है, अब और तब। और मैंने कहा, "इधर देखिए, परंतु वह जितनी वफादार हो सकती है वह है।"

मैंने कहा, "आज रात्रि, कितने ही करोड़पति हैं, अपना सारा पैसा दे देंगे, जितना उनके पास है कि घर इस प्रकार से अपनी पत्नी के पास आए। ठीक है।" मैंने कहा, "उसकी पत्नी कहीं बाहर पुरुषों के झुंड में है, कहीं शराब खाने में, गाना गा रही है, सिगरेट पी रही है, रात भर इधर–उधर जाती, और इस प्रकार की बातें। और फिर भी वह उस से प्रेम करता है, परंतु देखिए उसे क्या मिला। उसका सारा जीवन उसी स्त्री में लिपटा हुआ है, और देखिए जिस प्रकार वह कर रही है।"

123 और इसके विपरीत भी, स्त्री पुरुष के लिए। समझे? वो... इसमें कोई अंतर नहीं आ रहा है। वह समय आ रहा है, जहां सारा, सब कुछ, अब—

अब एक पाप के गड्ढर में है। साधारण महिला घर में, अपने बालकों के पालन पोषण का यत्न कर रही है, और उसका पति कहीं बाहर पीए हुए हैं, और जीवन व्यतीत कर रहा है, दूसरी स्त्रियों के संग भागता फिर रहा है। वह क्या देगी, यदि उसके पास करोड़ों डॉलर होते, यह देखती कि उसका पति वास्तव में एक मनुष्य बन गया? केवल एक ही मार्ग है जो कभी हुआ, यीशु मसीह उत्तर है! कोई कुछ भी कभी भला नहीं कर सकता। यह अंत के समय में है। यह मसीह है, और केवल वही।

124 और तब, मैंने कहा, "कितने पिता है जो आज इधर–उधर घूम रहे हैं, करोड़ों डॉलरो के साथ, जो कुछ उनके पास है सब दे देंगे, यदि छोटा मस्तिष्क से परेशान बालक जो उसके पास है उतना ही स्वस्थ होता है जैसे आज रात्रि तुम्हारे बालक यहां पर हैं? समझे? " वह मेरी ओर देखने लगा।

125 मैंने कहा, "देखिए। आपने कहा आपके पास कुछ बकवास और सेम, और पाव रोटी है; इस दोपहर बाद आपने अपना पैसा निकाला, और थोड़ी सी रोटी सेम आज रात्रि अपने बालकों के लिए ले ली।" मैंने कहा, "इनमें से सबका पेट ठीक है, और इसे खा सकता है। और आपने भी खाया।" कितने लोग मू–...

126 "जॉन डी. रॉकफेलर ने क्या कहा? वह करोड़ों डॉलर दे देगा, यदि वह एक निवाला पत्ता गोभी का खा सके।" मैंने कहा, "आपने बताया आप आज प्रातः खिड़की के पास बैठे थे, ठंडी हवा अंदर आ रही थी। वह महल में बैठे हुए, देखिए, कहीं तो। परंतु, फिर भी, यदि आपको वहां बैठ कर पत्ता गोभी खानी पड़ी, उस बहती हुई ठंडी हवा में, उसने कागज के टुकड़े में।" मैंने कहा, "जॉन डी. रॉकफेलर आपके समान उसे खाने को मिलता, तो वह लाखों डॉलर दे देता जो आप किसी भी समय खा सकते है।"

127 "कितने अंधे मनुष्य अपने हाथ में छड़ी लिए हुए सड़क के किनारे खड़े है, आपकी आंखों के लिए जितना पैसा उनके पास है, दे देंगे? " समझे? आप उन चीजों का मूल्य नहीं आंक सकते, जो वास्तव में धनी है, उन चीजों के साथ जिसे हम धन कहते हैं।

128 अब कलीसिया के सदस्य, मुझे क्षमा करें। यही कारण है कि हम इस प्रातः कहने का यत्न कर रहे हैं, आप अपनी बड़ी कलीसिया का मूल्यांकन नहीं कर सकते, आपके बड़ी–बड़ी मीनारें, और चीजों का परमेश्वर के प्रेम के साथ, जो कि पवित्र आत्मा के द्वारा आपके हृदयो में है। आपको

देता है। कोई तुलना नहीं है यह चीजें अलौकिक से आती है। आप सोच सकते हैं हम विचित्र हैं, क्योंकि आप उन्हें अन्य भाषा में बोलते हुए सुनते हैं और अनुवाद, और लोग रोते, और चिल्लाते, और चीखते है। बजाए सबके मैं यह लूंगा। बल्कि मैं छोटे पुराने जरजर भवन का पास्टर होऊंगा, जहां परमेश्वर की सामर्थ लोगों से मिलती है, जहां पर कलीसिया उन तरह की चीजों के साथ आती है; बजाय की महान आराधनालय के जो सारे संसार में हैं, जिनमें गुनगुने ठंडे कहलाने वाले लोगों में, जो कहलाने वाले मसीही हैं, प्रचार करूं जो कि ध्यान दें हर वचन जो आप बोलते हैं, और आप प्रेरणा से प्रचार नहीं कर सकते। आपके पास *अमुक–अमुक* होना चाहिए, और हर न्यायी हर डॉक्टर, और हर चीज जो वहां होते हैं, उस पर ध्यान रखें, ताकि आप कुछ ऐसा ना कहें कि उनकी भावनाओं को आघात पहुंचे, क्योंकि कलीसिया में वे अधिक देने वाले हैं। मैं प्रभु के थोड़े से ठुकराए हुओं के संग मार्ग लूंगा। आमीन। आप इसका मूल्यांकन नहीं कर सकते। इसे करने की कोई विधि नहीं है।

129 सो इसलिए आज जो मसीह में है, वही धनी मनुष्य है। अब, आप कहते हैं आपकी दृष्टि अच्छी है, अच्छा स्वास्थ्य, बहुत पैसा और सब कुछ, परंतु, फिर भी, बिना—बिना मसीह के, आप नष्ट हैं। आप एक अभागे, बेचारे, निर्धन, अंधे, नंगे है, और यह नहीं जानते। समझे? यही तो लौदीकिया की कलीसिया थी। आप राष्ट्र के सबसे बड़े आराधनालय में से हो सकते हैं। आप सबसे बड़े नामधारी कलीसिया से हो सकते हैं, परंतु जितने नष्ट हो सकते हैं, है। समझे? इसलिए, धनी मनुष्य वह मनुष्य है जो मसीह में है। यह ठीक बात है।

130 अब, घरेलू जीवन की अनिश्चितता, नौकरी के अस्थिरता, युद्ध का अनिश्चितता होना, कलीसियाओ का अनिश्चित होना।

131 यह होते हुए हम इस पर आते हैं, आइए हम कुछ मिनटों के लिए, कलिसीयायी जीवन की अनिश्चितता पर बोलेंगे। वे, आप—आप केवल... आप—आप इसका मूल्यांकन नहीं कर सकते, कठिनता से, क्योंकि इसके मूल्यांकन की कोई विधि नहीं है पवित्र आत्मा में क्या ही अनुभव है, बजाएं कलीसिया की सदस्यता के। समझे? कोई विधि नहीं है। वहां कोई विधि नहीं—नहीं है कि आप इस पवित्र आत्मा को खरीद ले। यह परमेश्वर की ओर से मुफ्त वरदान है। जिसे वह चाहे वह किसी के पास भी आता है...

आप कहते हैं, "क्या यह केवल पेंटीकोस्टल के पास जाता है?"

132 पेंटीकोस्टल नामधारी नहीं है। उन्होंने यह करने का यत्न किया, परंतु आप परमेश्वर को नामधारी नहीं कर सकते। पेंटीकोस्ट एक अनुभव है जिसे कोई भी विश्वासी ले सकता है। समझे? यह बैपटिस्ट के लिए, कैथोलिक के लिए, यहूदियों के लिए है; कालों के लिए, गोरो के लिए, भूरे के लिए, पीले के लिए, लाल के लिए; किसी भी रंग के लिए, मतसार या किसी भी चीज के लिए है; चाहे आप निर्धन हो, धनी हो, कुछ ना हो, बहुतायात सा हो; चाहे आप कहीं बीच में हो, या जो भी आप हो। आप, यह आपके लिए है।

133 और यह परमेश्वर का प्रेम और अनुग्रह है, आपके लिए नापा गया है, कि इसे लें। आपके लिए कोई दाम नहीं है। केवल आप ही दाम है, कि अपना जीवन उसे समर्पित कर दें, और इसे ले ले। कितना साधारण है! बस सारा का सारा... बस आपने जो कभी जाना भूल जाएं, और बस स्वयं को उसे समर्पित कर दें। और यह इस प्रकार आता है, स्वीकार करें, इस प्रकार से स्वीकार करते जाएं।

134 नामधारी कलिसियायें, वे यह नहीं हो सकती। नामधारी आपको अनिश्चित स्वर देते हैं। अब मैं आपको केवल—केवल—केवल यह दर्शा दूं कि यह—यह एक अनिश्चित स्वर है। आप *इस* नामधारी में जाएं, वे कहते हैं, "यह हमें मिला है। बाकियों के पास यह नहीं है।" ठीक है। आप उस नामधारी के पास जाएं। अगले वाले के पास जाएं, "हमारे पास है। *उनके* पास यह नहीं है।" देखिए, हर एक नामधारी। कलीसिया यहां नौ सौ विभिन्न नामधारी कलीसियायें है। नौ सौ उनसठ, मैं सोचता हूं, कि आंकडो के अनुसार ये सही है। नौ सौ उनसठ, विभिन्न नामधारी कलिसियायें है, और हर कोई दावा करता है "कि दूसरा गलत है," और वे "यह उनके पास है।" इसलिए यह निश्चय ही एक बहुत ही अनिश्चित स्वर है। उंह–हूं। नौ सौ और...

135 परन्तु यह आवाज कैसी लगती है, "यीशु मसीह कल, आज और सर्वदा एक सा है"? इस विषय में कोई अनिश्चितता नहीं है, क्या है? आंकने की यही विधि है। कहां ढूंढे कि सत्य कहां पर है। समझे?

136 कहते हैं, "हम मैथोडिस्टो के पास है। हम बैपटिस्ट के पास है। हम कैथोलिक के पास हैं। हम प्रेसबीटेरियनो के पास है।"

137 तो, केवल यीशु है जिसके पास यह है, क्योंकि उसने कहा, "मैं ज्योति हूं, सत्य, मार्ग हूं।" इसलिए, यह मसीह आप में है।

138 इसलिए ये विभिन्न महान नामधारी निश्चय ही एक भिन्नता हैं, और ये एक—एक बहुत ही अविश्वसनीय स्वर देते हैं। और कोई भी चीज जो अनिश्चित जैसे कि ये वह भी अविश्वसनीय है। कोई भी चीज जो अनिश्चित है अविश्वसनीय है। आप कलीसिया के सदस्य बनने पर निर्भर नहीं हो सकते, और कहे कि यही है। क्योंकि, हर एक अलग–अलग स्वर देता है, और आप कहां जा रहे हैं? यह आपको उलझन में डाल देता है। यदि कोई कभी स्थान था... यह बयान मैंने बहुत बार दिया है। इस प्रातः मैं इसे फिर कह रहा हूं। खराब स्थान जहां मिशनरियों की आवश्यकता है, मैं जानता हूं, वह संयुक्त राज्य अमेरिका है। और धर्म क्या है? एक *मूर्तीपूजक* "अविश्वासी" होता है।

139 अच्छा अब, अफ्रीका में हमारे पास, और—और वहां थाईलैंड में, और राष्ट्र के विभिन्न भागों में, हमारे गांवो में अवर धर्मी जो—जो मूरतों की पूजा करते हैं। और हम उन्हें अवर धर्मी कहते हैं क्योंकि वे मूर्तियों की आराधना करते हैं; वह सीधे और उलटे हाथ को नहीं जानता है, वह अपना का ख ग नहीं जानता। वह केवल इतना जानता है, कि यह ईश्वर है जिसे कि उसे ओझा ने बताया है कि, "यह ईश्वर है यही जहां परमेश्वर है, वह इसमें है।" अब वह केवल यह बात जानता है कि कुछ खाने को ढूंढे, और—और खाए, जो भी है वह इसे ढूंढ सकता है। अब हम इसे अवर धर्मी कहते हैं। लेकिन, अब, इस व्यक्ति से व्यवहार करना कठिन नहीं है यदि आप उसके पास सत्य को ले जाएं।

140 परंतु सबसे कठिन कार्य कि आप जिससे व्यवहार करें यह शिक्षित अवर धर्मी है, यह अवर धर्मी यहां संयुक्त राज्य में है, जिसने कॉलेज से चार डिग्रियां ली है, और प्रचार मंच के पीछे खड़ा है, एक अविश्वासी कहते है।

141 कहे, "तो, उस प्रातः हमारी सभा थी, और प्रभु ने उस एक—एक महिला को चंगा किया।"

142 "हूंह! हूंह!" यह अवरधर्मी है। वो बस एक शिक्षित विधर्मी है। *अवरधर्मी* एक "अविश्वासी" है।

143 बीते परसो, एक ही स्थान पर बैठा हुआ था, वहां कुछ लोगों का झुंड था, उनमें से कुछ यहां पर हैं, सामने की ओर एक महिला ने कार चलाई। पांच या छह लोग भीतर बैठे थे। एक महिला थी वह चलाती हुई, बड़े लंबे ट्रक के सामने आ गई। एक व्यक्ति दरवाजे पर आया, और बोला, "भाई ब्रंहम, मैं इस चिन्ह के पास आना नहीं चाहता। परंतु," कहा, "मैं यहां से निकल रहा था, और कहना चाहता था... "

मैंने कहा, "अंदर आ जाओ।" समझे? और मैंने कहा...

144 "नहीं," बोला, "मेरी पत्नी गवाही देना चाहती है, आपको कुछ बताना चाहती है जो घटित हुआ।" तो, वह बहन मर्सियर की अच्छी सहेली हुआ करती थी; भाई लिओं यहां पर हैं, कलीसिया के भाइयों में से एक टेप करने वालों में से एक, उसकी मां।

145 और लगभग आठ या दस वर्षों पहले, मैं यहां कहीं पूर्व में था, और एक महिला प्रार्थना करवाने के लिए सामने मंच पर आई। पवित्र आत्मा ने कहा, "आप श्रीमती *अमुक–अमुक* है, आप उस निश्चित स्थान से आए हैं। आप *अमुक–अमुक* चीजों से ग्रस्त हैं।"

"हां। यह सब सत्य था।"

146 अब कहा, "अब आपकी एक सहेली है जो केलिफोर्निया में रहती है, वह आपकी बहुत ही प्रिय सहेली है। और यह महिला गुर्दे के कैंसर से मर रही है।"

उसने कहा, "भाई ब्रंहम, यह बिल्कुल सत्य है।"

147 यह पवित्र आत्मा है जो हृदय के भेदों को प्रगट करता है, अब देखते हैं। इसे तो अमेरिकन लोगों को मुंह के बल गिरा देना चाहिए और कहे, "परमेश्वर!" समझे? इसे यह करना चाहिए।

148 परंतु, ओह, ये शिक्षित अवधर्मी है। इस प्रकार के लोगों से व्यवहार करना कठिन है? देखिए, वह इतना तेज है, वो "परमेश्वर से अधिक जानता है," इसी कारण उसने अपने बीज को मिलावट वाला बना दिया है, अपने पशुओं को दोगला कर दिया है, और सब कुछ। देखिए उसे स्वयं को क्या मिला? वापस आ रहा है, और साधारण बना रहा है, तो, ऐसा करके अपनी रोटी को अपने लिए ठुकरा रहा है, यह ठीक बात है। उनकी आत्मा के सारे विचारधारा में, वह बस इस पर से अलग हट गया।

149 अब हम यह देखते हैं कि इस महिला ने कहा, "जी हां। यह ठीक बात है। मेरी एक सहेली है जो केलिफ़ोर्निया में है, जो कि गुर्दे के कैंसर से मर रही है।" मैंने कहा, "आप लिख लो और उसे बता दो, **'यहोवा यों कहता है**। वह मरेगी नहीं, अपितु जीवित रहेगी।'"

और वह महिला बाहर थी। और उसने कहा, "यह लगभग दस, बारह वर्ष पहले होगा।" और कहा, "मैं भली, स्वस्थ और अच्छी हूं। उस गुरदे पर कोई चिन्ह नहीं है," कि वह चंगी हो गई है। कहा, "उसके लगभग पांच वर्षो पश्चात, मुझे फोड़ा हो गया, और फोड़ा इतना बढ़ गया, जब तक कि यह," मैं विश्वास करता हूं कि उसने कहा, "आरपार वह सत्रह या सत्ताईस इंच का था।" वह इतनी बढ़ गई थी, कि वह इस फोडे के साथ खड़ी नहीं हो सकती थी। जब खड़े होने का यत्न करती, तो वह स्वयं अपना संतुलन नहीं रख सकती थी।

150 और वे उसे इस कलीसिया में ले आए, और उसे वहां बैठा दिया। और वे उसे रात्रि के समय लाए जब उस प्रातः हम चंगाई की सभा को कर चुके थे। और यहां भाइयों ने उसे बता दिया, कि उस रात्रि हम बीमारों के लिए प्रार्थना नहीं करेंगे। क्योंकि हम करने जा रहे थे... उस प्रातः ही बीमारों के लिए प्रार्थना हुई थी। और वे मुझ पर एक बार में अधिक बोझ नहीं डालना चाहते थे। और इस प्रकार से जब सभा समाप्त हो गई, परंतु सभा समाप्त होने के पश्चात मैं वहां खड़ा हुआ कुछ लोगों से बातें कर रहा था। और कोई व्यक्ति इस महिला को पकड़े हुए था और घर के आस–पास ले गया, और सीढ़ी पर बैठा दिया जहां से बाहर निकल गए। और वह वहां बैठी हुई थी; लोग उसे पकड़े थे।

151 और भाई टेलर, यहाँ हमारे प्रिय भाइयों में से एक है, जो कलीसिया के हैं, वे वहीं थे, जब यह हुआ, और मैं सोचता हूं, उस महिला को वहां लाने में सहायता की थी। भाई टेलर, क्या आप यहां है? आप कहां हैं? [भाई टेलर कहते है, "आमीन।"—सम्पा।] पीछे, हां, *यहां* पीछे। वह वहां खड़े थे, उपस्थित थे, और उसे यहाँ पीछे लाने में सहायता की।

152 और फोड़ा, *इस* प्रकार निकल गया। और इस प्रकार से—इस प्रकार से फिर कहा... मैं जब पीछे के दरवाजे से बाहर आया, उसकी और देखते हुए ताका, कहा, "महिला, प्रभु यीशु जिसने तुझे उस गुर्दे के कैंसर से, वर्षों पहले चंगा किया, वह तुझे फोड़े से भी चंगा करता है। **यहोवा यों कहता**

है।" बिल्कुल छुआ नहीं या कुछ नहीं; बस बाहर निकला और कार में बैठ गया, और चला गया। मैं चला गया। देखा?

उसने कहा, "क्या आप बाहर आकर उसे देखेंगे? "

मैंने कहा, "हां। निश्चय ही। उससे कहिए, अंदर आ जाए।"

कहां, "नहीं। हमारे पास समय नहीं है। हमें बस जाना है।"

153 वहां बाहर गया। और वह छोटी महिला कार में से बाहर कूदी, वैसे ही जैसे मैं सीधा सपाट हूं। उसके—उसके पास वहां सड़क पर उसका महान समय था, इधर उधर सड़क पर भाग रही थी। अन्य भाषा में बोल रही थी, और प्रेसबीटेरियन सेवक के घर के सामने जोर-जोर से चिल्ला रही थी, एक शानदार समय था।

154 अब, कोई तो कोई पड़ोसी हो सकता है देखकर, सोच सकता था, "अच्छा, कोई पागल खाने से आया है, कि भाई ब्रंहम उसके लिए प्रार्थना करें।" वह महिला पागल खाने से नहीं थी। उसका प्राण उस पहले उस महिमा से था, देखिए, उसका एक—एक शानदार समय था।

155 उसने कहा, "इधर देखिए, भाई ब्रंहम।" उसने अपना कोट खोला; वैसे ही सपाट जैसा हो सकता था। उसने कहा, "अब, पहले दो-तीन महीने में, जब आपने मुझ से यह कहा," कहा, "मेरी दशा बहुत खराब थी।" और कहा, "डॉक्टर ने कहा अब वह—वह इस पर और कोई प्रयास नहीं करेगा, यदि मैं इस फोड़े को बाहर नहीं निकालने का यत्न करने दूं।" कहा, "तो इसका भार और अधिक... "

156 उसने कितना बताया था, "लगभग तीस पौंड," भाई, भाई टेलर? [भाई टेलर कहते है, "हां।"—सम्पा।] उन्होंने लगभग तीस पौंड के वजन को आंका।

157 और कहा, "एकदम से, यह आरम्भ हो गया, शू, शू, शू शू!'" ओह, वह अपने वचन को स्थिर रखता है। यह ठीक बात है।

158 अब यदि आप उस महिला को लिखना चाहते हैं, तो हमारे पास उसका पता है और सब कुछ है। उसने लिओ के लिए छोड़ा है, कि उसकी मां को उसके लिए अभिवादन करें, और आदि-आदि।

159 और ऐसा हुआ कि उसके भाई का विवाह यूटिका में जो मेरा एक—एक मित्र है, उससे हुआ। लड़की वहां पर थी। उसका नाम क्लाईड रेन है।

वह सब चलाता है, बहुत से, और बहुत सारी... हम उसे छेनी कहते हैं। जब वह लड़का था हम साथ–साथ खेले थे। यहां यूटिका पाईक में रहते थे, अब वहां एक प्रकार का प्रांतीय ऑफिसर है।

160 और उसकी बहन कार में बैठी थी। और मैं सोचता हूं, कि वे कैंपबीलाइट आराधनालय में जाते हैं। मुझे तब अचरज हुआ कि उस पर कैसा प्रभाव पड़ा? उसने कहा, "बिली, यह बहुत शानदार है।" ओह, लड़की को मैं स्वयं ही जानता था। बहुत सी बार, मैं उसके साथ था, युवाओं के समान, जब हम यहां मार्ग पर रहा करते थे। और—और बहुत ही अच्छी लड़की, जितनी वह हो सकती थी। अब वह लगभग मेरी आयु की है। और, इस प्रकार से, वहां बैठी हुई, इस गवाही को सुन रही थी। और यह उसके पति की बहन थी जो चंगी हुई थी।

161 ओह, भाई, मैं आपको बताता हूं, इस विषय में कोई अनिश्चितता नहीं है। यह सत्य है। यह परमेश्वर का वचन है। यह इसे ठीक बनाता है। इसलिए...

162 जो चीज अनिश्चित है वह अविश्वसनीय है। और जब इस समय के दिन, जबकि वे निश्चित नहीं है कि यीशु कल, आज, और सर्वदा एक सा है, तो उन्हें अकेला छोड़ दो।

163 आप निश्चित हो सकते हैं। होने के लिए आप इसे जान सकते हैं। जो कि उसका... यदि वह आप पर कोई और आश्चर्य कर्म ना करें परंतु महान आश्चर्य कर्म कि आपके पाप क्षमा कर दिए! यह सबसे बड़ा आश्चर्य कर्म है जो उसने किया है, कि मनुष्य जाति के पाप क्षमा कर दिए।

164 एक व्यक्ति को लेकर उसका मत परिवर्तन करें, देखिए, कि उसका भीतर वाला जीव बाहर की चीजों से बदल गया। जो कि एक समय वह पीता था और जुआ खेला था, और बुरा किया और इस प्रकार की बातें, और अचानक से, उसे वापस पीछे घुमा दे, प्रेम के लिए। और घर जाकर, और अपनी पत्नी से कहा, "प्रिय, मुझे दुःख है कि मैंने तुम्हारे साथ ऐसा व्यवहार किया।" अपने छोटे बालकों को उठाएं, उन्हें गोदी में ले, "पिता ने सारे पैसे व्हीस्की में खर्च कर दिए, और पिता ने *यह* किया। और—और माँ ने सारी रात प्रतीक्षा की, और आप बालकों को छोड़ दिया। मैं यह फिर नहीं करूंगा।" "परमेश्वर, मुझे क्षमा करें।" और कैसी, वह गवाही, वहां वह सबसे बड़ी बात है। सारे अज्ञात शराबी, और सारे इस प्रकार

के सदा नहीं बदल सकते जैसा वह बदला। वे व्यक्ति के लिए कभी नहीं कर सकते।

165 यहां उस छोटी पुरानी रोजेला ग्रिफथ को देखिए, वहां बैठी है, जब शिकागो के बहुत से अज्ञात, चार बड़े–बड़े अस्पतालों ने, उसके डॉक्टरों ने उसे छोड़ दिया। एक क्षण के अंदर, मंच पर उन बेचारी चमगादड़ रूपी आंखों को बदल डाला। *इस* प्रकार के कोट के साथ, वहां खड़ी थी, मिक कोट पहना हुआ था, जहां उसकी मां उसे लाई थी। वह तेज लड़की थी। और अपने कोट में अपनी व्हीस्की की बोतल ले रखी थी, और डरी हुई थी कि सड़क पर गिर पड़ेगी, और इसके पहले कोई उसे ढूंढ सके वह ठंड से मर जाएगी। वह वहां पर खड़ी है, जब सारे, एस एनिमल्स में, और सब ने उसे छोड़ दिया। अब वह इस पर एक पुस्तक लिख रही है।

166 वह मंच पर आई। पवित्र आत्मा ने उस से कहा, "तुम्हारा नाम रोसेल्ला ग्रिफिथ है।" इस विषय में कोई अनिश्चितता नहीं है। "तुम एक पियक्कड़ हो। तुम एस एनिमल्स में थी और सब कुछ। परंतु, अब **यहोवा यों कहता है,** अब यह हो चुका।"

167 "और वह महिला यहां बालकनी में बैठी है, वह फ्रेंड स्टेयर के साथ नृत्य करने वाली संगिनी थी।" वह कूदी। "यह ठीक बात है। वह पियक्कड़ भी थी, और एक स्वापक सेवी। अब कानून उसे ढूंढ रहा था।"

और उसका पिता खड़ा था, कहा, "मैं इससे अप्रसन्न हूं।"

उसने कहा, "एक मिनट रुकिए, पिताजी। यह व्यक्ति ठीक है।"

168 इस विषय में कोई अनिश्चितता नहीं है। "**यहोवा यों कहता है,** आप चंगी हो गई हैं। स्वयं को दे दो।" अब वह बाहर कार्य क्षेत्र में अपने पति के साथ है, जो सुसमाचार प्रचार कर रहा है। ओह, प्रभु!

169 यह क्या है? यीशु मसीह कल, आज, और सर्वदा एक सा है। उन दिनों में जब नामधारी इस पर अनिश्चित को देता हैं, हम क्यों एक नामधारी कलीसिया की सुने, जब मसीह एक सा बना रहता है? इस विषय में कोई अनिश्चितता नहीं है। यह हमेशा ही निश्चितता है। अब, वो बा–... हम जानते है कि यहां बाईबल कहती है, यदि...

170 कोई चीज जो मरी हुई है आवाज करती है। एक मृत वस्तु मरी हुई, कलिसियायें या जो भी हो, आवाज कर सकती हैं; परंतु जब तक आवाज

में अंतर ना हो, जब तक ऐसा ना हो हम निश्चित हो सकते हैं। अब, हम जानते है।

171 यहां, मैंने यहां कुछ वचन सिपाहियों के विषय में लिख रखे हैं। जी हां। सिपाही अपने प्रशिक्षण के दिनों में, वे उन बिगुलो के लिए प्रशिक्षित किए जाते हैं। और कैसे वे आवाज लौटने की या उन्हें क्या करना है, और सब बाते है। उन्हें आवाज के द्वारा प्रशिक्षित किया जाता है। और यदि—यदि वे उस आवाज को नहीं जानते, तो वे कैसे जानेंगे कि उन्हें तैयार होना है? यह ठीक बात है। परंतु वे उस आवाज के लिए प्रशिक्षित हैं। और वे जानते हैं, जब वह आवाज निकलती है, इसका अर्थ एक निश्चित बात है।

172 कैसे, जब टाईटस ने येरूशलेम की दीवारों को घेर लिया था, इसे सेना से घेर लिया, वे सारे सिखाएं हुए सिपाही; वे चेले, इतिहासकार कैसे लिखते हैं।

173 उस दिन यीशु ने, पहाड़ पर बैठे हुए, कहा, "जब तुम येरूशलेम को सेनाओं से घिरा हुआ देखो; वह जो खेत में है, अपने घर को ना लौटे, कि अपना कपड़ा ले। वो जो घर में हो वह छत पर ना जाए या नीचे उतरे।" कहा, "परंतु अपने पहाड़ो पर भाग जाए, क्योंकि संकट का समय होगा।"

174 अब देखिए बड़ी नामधारी कलिसियाओ ने क्या कहा, जब उन्होंने टाईटस को बढ़ते हुए देखा। "अब हम यहोवा के भवन को चले, कि प्रार्थना करें।" उन्हें बहुत देर हो गई थी। यह याजक की एक अनिश्चित आवाज थी। वह कलीसिया की एक अनिश्चित आवाज थी।

175 परन्तु जो यीशु की आवाज से प्रशिक्षित थे, उन्होंने पहाड़ों का मार्ग जितनी जल्दी हो सका ले लिया, और केवल वे ही जीवित रहे। अनिश्चित आवाज... "नगर से भाग जाओ," अब, यदि उसने उन्हें ना बताया होता और प्रशिक्षण ना दिया होता, उस आवाज़ का प्रशिक्षण, तो भागना है, वे कैसे जान पाते हैं?

176 अब, जोसफस, महान इतिहासकार ने, कहा, "केवल जो जीवंत बचे हुए थे वे मसीह के—के चेले थे, जो कि नरभक्षी थे।" एक इतिहासकार ने कहा वे नरभक्षी थे। कहा, "उन्होंने यीशु नासरी नाम के एक व्यक्ति को लिया, जिसे पिलातूस ने क्रूस पर चढ़ाया था, और उन्होंने कब्र से उसकी लोथ चुरा ली थी, और निकाल कर और उसे टुकड़े-टुकड़े किया और उसे खाया।"

177 वे क्या कर रहे थे प्रभु भोज ले रहे थे, "प्रभु की देह," आप जानते हैं, जैसे हम यहां पर करते हैं। समझे?

178 और कहा, "केवल वही थे जो जीवित बचे हुए थे, क्योंकि वे नगर से बाहर निकल गए थे।" वे आवाज जानते थे।

179 ओह, भाई, होने पाए इस प्रातः पवित्र आत्मा हमारे हृदयो में आए, पवित्र आत्मा के उस ह्रदय की धड़कन की आवाज दे और उसकी सामर्थ की। केवल वे ही जीने योग्य हैं: परमेश्वर के तुरही की आवाज, और हमारे हृदय इस घड़ी में तैयार हैं, कि जाने क्या करना है।

180 "हम जो जीवित है और बचे रहेंगे तो जो सोए हुए हैं या उनसे कदापि आगे ना बढ़ेंगे, क्योंकि तुरही फूंकी जाएगी।" वे सब सिपाही जो उस ओर लेटे हुए हैं, युगों से सो रहे हैं; परंतु जब तुरही फूंकी जाएगी, यद्यपि वे निद्रा में मृत है, यह उन्हें नहीं रोकेगा, क्योंकि तुरही बजेगी और उन्हें जगा देगी। वे तैयार हैं।

181 वे जो तैयार नहीं है, वे आवाज को नहीं जानते। जब वह—जब वह आवाज, प्रभु के आगमन की, धमाका होता है, यह स्वर्ग और अधोलोक को हिला देगा, जब यह धमाका होता है। परंतु वे जो अधोलोक में है, जो नष्ट हो गए, उस आवाज को नहीं जानते। वे नहीं जानते कि क्या करना है।

182 परन्तु वे, जो मसीह में सोए हुए हैं, वे उस निश्चित आवाज को जानते है।

ओह, प्रभु की तुरही फूंकी जाएगी, और समय अब और ना होगा,
और प्रातः अनन्तता: में फूटेगी, चमकदार और साफ;
जब पृथ्वी के बचाए हुए अपने घरों में जमा होगे उस आकाश के पार,
और जब सामने नाम पुकारे जाएंगे, मैं वहां होना चाहूंगा।

183 आज प्रभु यीशु के लहू से अपने नाम मेमने के जीवन की पुस्तक में लिख लो, प्रभु यीशु के लहू के द्वारा, और यह एक अनिश्चित आवाज ना होगी।

184 अब हम विपत्तियों की आवाज सुन रहे हैं, परमाणु बम सब जगह लटके हुए हैं, राष्ट्रों के मध्य में, अशांति घबराहट का समय। हम क्यों नौकरी के

लिए चिंता करें? हम क्यों घर के लिए चिंता करें? हम किसी चीज के लिए क्यों चिंता करें?

185 यीशु ने हमसे कभी भी चिंता करने के लिए नहीं कहा, परंतु कहा, "जब तुम इन बातों को घटित होते हुए देखो, तो अपने सिर उठाना, और आनंदित होना, क्योंकि तुम्हारा छुटकारा निकट है।" यह सुसमाचार की आवाज की निश्चितता है।

186 जब हम देखते हैं कि पवित्र आत्मा कलीसिया में आकर हृदय के विचारों को परखता है, इन महान चिन्हों को कर रहा है, सांझ के समय आत्मा की वापसी जब ज्योतियां चमक रही है, हम उसे आते हुए देखते हैं और उन्हीं चीजों को करते हुए देखते हैं, जो उसने सादोम में किए इसके पहले कि उसे जलाता। देखिए वह स्वर्गदूत अपनी पीठ घुमा कर कहता है, कि, "साराह क्यों हंसी? " उसके पीछे। यीशु ने कहां, "जैसे सादोम के दिनों में था, वैसे ही, मनुष्य के पुत्र के आने के दिनों में होगा।" यह क्या है? यह प्रभु यीशु के आने की आवाज है।

187 "देखो, इसके पहले बड़ा और भयानक दिन संसार को नष्ट कर देगा मैं तुम्हारे पास एलिय्याह नबी को भेजुंगा। वह बालकों के हृदय को वापस मूल विश्वास पर लाएगा, वापस सुसमाचार पर, परमेश्वर की सामर्थ पर वापस, वास्तविक पवित्र आत्मा पर वापस फिर से वापस, मसीह के पास इसके पहले महान दिन आए।"

188 हम तुरही को बजते हुए सुनते हैं। ओह, प्रभु! यह क्या है? "प्रभु के संतो, जागो, जबकि अंत पास आ रहा है क्यों ऊंघ रहे हो, आइए उस अंतिम बुलाहट के लिए हम तैयार हो जाएं।" यदि यह अनिश्चित आवाज देता, तो कौन अपने को युद्ध के लिए तैयार करेगा, यदि यह अनिश्चित है? परंतु यह अनिश्चित नहीं है।

189 लोग कहते है, "यह क्या चीज है, जिसके विषय में बात कर रहे है, वे पवित्र आत्मा लोगों के मस्तिष्क को पढ़ने की, और वे चीजें जो वह कर रहा है? " यही सुसमाचार का निश्चित स्वर है। मसीह ने कहा कि ये इसी प्रकार से होगा।

190 "अच्छा, क्यों ये सारी बड़ी–बड़ी कलिसायीयें कर सकी? " मसीह ने कहा यह इसी प्रकार होगा। ये अनिश्चित नहीं है। यह इसकी निश्चितता होता है। हमारी अबी–अभी इस पर आठ दिन की सभा हुई है, जानने के लिए

बाईबल सख्ती से कहती है कि यह बात इसी प्रकार होगी। महान नामधारी कलिसियाये उठेगी, वे सब मिलकर अपने को कलिसिसायी संघ में ढाल लेंगे। हमें मिल गया, पशु की मूरत बना रहे हैं, कैथोलिक पुरोहितवाद। हम पशु की एक मूरत बनाएं। वहां यह हमें मिला, संघ सारे नामधारी इसमें है। यह अनिश्चित स्वर नहीं है। यह वास्तविक सच्चा स्वर है। यह निश्चित स्वर है।

191 "हमारा यू एन, संयुक्त राष्ट्र में बड़ा विश्वास है।" तो, यह उतना ही गहरा है जितना कि राष्ट्र का संघ था, बिल्कुल वही चीज। हमारे पास राष्ट्र संघ था, पहले विश्व युद्ध के पश्चात। वे सारे संसार को शासित करने जा रहे थे। यह नहीं चल पाया। अब यू एन की भाषा इतनी अनिश्चित है। वे नहीं जानते कि क्या करें। वे वहां पर है जब खुश्चेव ने अपना जूता निकालकर और मेज पर पटक दिया। और इससे क्या भला हुआ? और सारे विभिन्न लोग। यह यू एन की अनिश्चितता है। यू. एन. ठीक है, जहां तक यह चलता है, परंतु बहुत देर हो गई है। इस प्रकार की बातों के लिए बहुत देर हो गई है।

192 वहां केवल एक ही स्वर निश्चित है। वह सुसमाचार है। युद्ध के लिए तैयार हो जाओ। कौन सा युद्ध? प्रभु का आगमन। अब अपने आप को युद्ध के लिए तैयार करो बुराई के विरुद्ध, जबकि बुराई लोगों को हर प्रकार से दुर्बल कर रही है। हर चीज गलत चल रही है, और घरेलू जीवन गलत चल रहा है, और यू एन गिर रहा है, और राष्ट्र टूट रहे हैं, और चारो ओर परमाणु बम है, परिवार टूट रहे हैं, ममता और यह नीचे गिर रही है और लोगों के मध्य में, आचरण हीनता, और—और एक दूसरे में अविश्वास, सारे नामधारी झगड़ रहे हैं और परेशान हो रहे हैं, आप क्या करना चाहते हैं? निश्चित होना। स्वयं को युद्ध के लिए तैयार कर लें।

193 जबकि टेलीविजन सड़ गया है, और रेडियो, और अखबार। विज्ञापन की सारी धारायें, निरंतर सारी चीजें सिगरेट, तंबाकू, और व्हीस्की, और पीना, और स्त्रियों के अनैतिक वस्त्र। गंदे मजाक और मजाक करने वाले टेलीविजन कार्यक्रमों पर, और अमेरिका इसके लिए गिर रहा है। जैसे एक बड़ा... जैसे नबुकदनजर राजा के घर का—का समान लाया उस रात्रि आमोद प्रमोद, जब उन्मादियो की भीड़ वहां पर थी। उनकी एक—एक बड़ी शराब की दावत, और नाच था, और टेलीविजन, यदि यह उस दिन वहां होता, उनके जोकर वहां पर थे। और वहां दीवार पर एक हस्तरेखा आया।

194 और, आज जब हम सोचते हैं, कि हम बहुत सुरक्षित हैं, हमारे पास संसार के सबसे अच्छे वैज्ञानिक है। हमारे पास संसार का सबसे अच्छा है। मालूम पड़ा कि, हम मिसाईल की दौड़ में पीछे हैं। हू–हुंह। और फिर संयुक्त राष्ट्र का क्या हुआ? केवल दीवार पर हस्तलेख नहीं, परंतु वहां वो—वो प्राक्षेपिकी मिसाईल आकाश पर लिख रही है, कि हम पीछे हैं, वर्षों–वर्षों पीछे हैं। क्या बात है? दीवार पर हस्त लेख है।

195 उस दिन में, यह अन्य भाषा में लिखा गया, दीवार पर हस्तलेख। वहां केवल एक पुरुष को छोड़ सारे राज्य में कोई और नहीं था, जो इसका अनुवाद कर सका। परंतु उसके पास अनुवाद का वरदान था। उसने इसका अनुवाद किया, और कहा, "तू तराजू में तौला गया, और हल्का पाया गया। परमेश्वर ने तुम्हारे मध्य में एक राष्ट्र के लोगों को भेजा, जिन्हें तुम 'पवित्र शोर करने वाला' कहते हो। तुमने वहां जाकर और उनका अपमान किया, और उन्हें मार डाला, और उन्हें दबाया। और अपने देवताओं और मूर्तियों को लेकर, और चीजों से उनके द्वारा आराधना की, और आनंद से रहे। और अब तुमने जाकर और उनके परमेश्वर के मंदिर में से उसी के बर्तनों को लिया, और यहां आकर और उनका उपहास उड़ाया, उन 'पवित्र शोर करने वालों का उपहास उड़ाया, और गंजे प्रचारक,' और सब इस प्रकार से। और परमेश्वर इससे उकता गया। और अब तुम्हारे उजड़ने का समय आ गया।" वही राष्ट्र जो उन्हें ले जाएगा, उस समय फाटक पर प्रतीक्षा कर रहा था। उसके थोड़े समय पश्चात, वे काटे गए। उनकी स्त्रियां काटी गई थी। उनके रक्षक, उनकी सेना, हर एक चीज, ले ली गई। "तराजू में तौला गया, परंतु हल्का निकला।"

196 और हमारे पास रेडियो टेलीविजन का पागलपन, और मजाक, और गंदगी, आचरणहीनता, और धूर्तता, और भद्दी भाषा, और सारी चीजें, जब तक परमेश्वर इससे उकता नहीं जाता। जब सुसमाचार, पवित्र आत्मा से भरी कलीसिया का सच्चा सुसमाचार, वहां राष्ट्र में, आर पार चल रहा है, यीशु मसीह की निश्चितता और उसके आगमन को दर्शा रहा है, जब तक कि यहां समय है जब परमेश्वर हमारे आकाश के आरपार लिखता है, "तराजू में तौला गया, और हल्का पाया गया।" आमीन। हम भयानक स्थिति में है। निश्चित स्वर को सुने, ना कि अनिश्चित यू एन को। जी हां, श्रीमान!

197 यहां तक कि उस दिन, जब हमारा चुनाव था... उन्होंने यहां कुछ समय

पहले कहा, कि जब उन्होंने राजनीतिक संसार के वोट गिने, और जब वे ये कहेंगे, वे कहते हैं, "हमारे पास... मेरे पास अब मशीन है, कि सब को ईमानदार होना है, क्योंकि आप एक छोटा डंडा खींचेगे तो यह आपके व्यक्ति को वोट पड़ गई। आप सोचिए एक छोटी क्लिक की आवाज, आपके व्यक्ति को वोट पड़ गई।" हुंह! उन्हें मालूम पड़ा कि यह अनिश्चित है।

198 श्रीमान हूवर ने इसे प्रगट कर दिया, उस दिन दिखा दिया कि डेमोक्रेटिक पार्टी। जब उन्होंने मशीन लगाई कि हर बार उन्होंने श्रीमान निक्सन को वोट डाली, उन्हें श्रीमान केनेडी को डालनी थी उसी प्रकार से। और वे इस विषय में कुछ क्यों नहीं करते, तब, यदि उन्हें मिलता है कि यह इस प्रकार था? क्यों? ठीक है, इसमें कुछ निश्चित नहीं है। आप जानते हैं कि क्या होगा, श्रीमान हूवर। समझे? ठीक है। आप देखते हैं, हर चीज अनिश्चित है। आप नहीं बता सकते कौन चुना गया था, कि कैनेडी या तो फिर... कैनेडी को "चुना हुआ" बताया, परंतु मैं नहीं जानता कि वह चुनाव हुआ है या नहीं। अब, मैं कोई राजनीतिज्ञ नहीं हूं। मैं इस विषय में कुछ नहीं जानता। परंतु मैं जानता हूं गलत क्या है और सही क्या है। मुझ में इतनी समझ है। जब यह हमारे सामने ठीक है, कि उस व्यक्ति ने एफ बी आई के द्वारा प्रमाणित कर दिया, उन्होंने मशीन को इसी प्रकार से नियोजित किया था कि यह करें। यह दूसरे दल ने इस प्रकार से नहीं किया था। यह वो—वो—वो कैनेडी का दल था जिसने यह किया था। क्यों? इसे इसी प्रकार से होना था।

199 वहां परमेश्वर के राज्य के बाहर संसार में कुछ नहीं है, जो स्थिर रह सके। क्योंकि हर राज्य तराजू में "तौला गया और हल्का पाया गया," हमारा राष्ट्र। यह क्यों है?

200 यहां कुछ वर्षों पहले, यहां एक बहुत बड़ा पेड़ हुआ करता था, मैं जाकर उसके नीचे बैठा करता था। मैंने सोचा, "वह पेड़। जब मैं बूढ़ा व्यक्ति हो जाऊंगा, यदि मैं जीवित रहा, तो मैं आकर इस पेड़ के नीचे बैठुंगा।" अब यह केवल एक ठूंठ है। वह स्थान जहां मैं रहा करता था, मैं उन्हें वहां निकलते हुए देखा करता था, और उसके छोटे–छोटे हाथ। वह तो, ओह, अंदर से एक केन्टकियन थे, और वह तो एक रिकॉर्ड आदि थे; छोटा सा व्यक्ति, लगभग एक सौ पैंतालीस या पचास पाउंड उठा लेते थे, परंतु मजबूत थे। ओह, प्रभु! श्रीमान कॉट्स, यहां है, उन्होंने मुझे बताया नौ सौ

पचास पाउंड का लट्ठा, उन्हें स्वयं चढ़ाते देखा है, बस एक—एक वास्तव में मजबूत व्यक्ति। मैं उन्हें अपनी आस्तीनो को समटते हुए देखा करता था, टूटे हुए दर्पण के पास, जो सेब के पेड़ पर टंगा हुआ था हाथ धोया करते थे।

201 आप में से कुछ इन्डियन लोग नहीं जानते होंगे कि हम पहले वहां पर कैसे रहा करते थे, कि हम उस पुराने धोने के बर्तन के पास बैठ कर घड़े के पास, हैंड पंप। और मां के पास एक पुराना थैला था, आटे का थैला, उसकी तौलिया बनी थी, एक प्रकार की सजावट; मैंने उसमें से कुछ धागे खींचकर और उन्हें नीचे की ओर सजावट में बना दिया था। बड़ा पुराना... वह उस तौलिया को लेकर और मुझे रगड़ा करती थी, लगभग छन्नी हो गया था, पुराना खुरदरा, आटे का थैला। वह उस पुरानी तौलिया से मुझे पोछा और रगड़ा करती थी।

202 अब, मैं देखता था कि पिता वहां खड़े हैं, और अन्दर आकर, आप जानते हैं, उन छोटी–छोटी अस्तीनो को समेट कर, और वह हाथ धोएंगे। ओह, उन मांस पेशियों को देखो! मैंने कहा, "आप जानते हैं, वह पांच सौ वर्ष जीवित रहेंगे, वह इतने मजबूत हैं।" परन्तु आप जानते क्या? जब वह बावन वर्ष के थे मर गए। क्यों? "यहां हमारा स्थिर नगर नहीं है।"

203 मैं वहां रोम में खड़ा था, जहां—जहाँ महान कैसर खड़ा था, जो उन गलियों में से होकर, अपनी बड़ी जनता, और—और शान के साथ निकला करता था, और जो उनके पास था। और आप जानते हैं कि उनके राज्य को कहां ढूंढे? ये अब जमीन में बीस फुट नीचे हैं। दो हजार वर्ष ने उसे डूबा दिया।

204 मैं काहिरा, मिस्र में खड़ा हुआ था, जहां वहां वह—वह बड़ा फिरौन एक दिन खड़ा था, जिसने परमेश्वर के लोगों को सताया, जिसने उन्हें भगाया और उन्हें गुलाम बनाया। वह बीस तीस फुट नीचे है, उनके राज महलों के खंडहर हैं।

205 मैं वहां लंदन, इंग्लैंड में खड़ा हुआ था, जहां सारे वो—वो महान महा धर्माधिकारी और चीजें खड़ी थी, और वह सब। और मालूम पड़ा, कि ये जमीन के नीचे धंस गई। यह क्या है? "यहां हमारा सदा रहने का नगर नहीं है, परंतु हम एक आने वाले के लिए देख रहे हैं।"

206 क्यों ये राज्य है? यह आपको बताने के लिए है, उस अनंत के विषय में बोल रहे हैं। क्यों यह पेड़ सुंदर है? यह प्रतीक्षा कर रहा है। यह परमेश्वर के पुत्रों के पुरे प्रगटीकरण की प्रतीक्षा कर रहा है, जब वह पेड़ सदा के लिए जीवित रहेगा। वहां एक राज्य है जो आएगा। और उस—उस बाईबल ने कहा, "यहां हमारा सदा रहने का नगर नहीं है, परंतु एक है आने वाला है जिसे हम ढूंढते है।" और वहां परमेश्वर ने हमें एक राज्य दिया है जो टल नहीं सकता।

207 पृथ्वी पर सारी चीजें टलने और हिलने वाली है, गिर रही हैं। हर चीज क्षीण हो रही है। हम मरणहार संसार में जी रहे हैं। हर चीज मर रही है। पेड़ मर रहे हैं। घास मर रही है। फूल मर रहे हैं। नगर मर रहे हैं। संसार मर रहा है। आप मर रहे हैं। हर चीज मर रही है। मैं मर रहा हूं। हर चीज मर रही है। वो—वो तेजाब की विशेष किरणें और चीजे हवा में है, वह, रसायन, हवा में है।

208 यहां तक की आप इस बड़े पुल को लेते हैं, जब मैंने देखा ये आया, यह बाईस वर्ष पहले वहां डाला गया, उन व्यक्तियों को उनका जीवन इस पर नाश होते हुए देखा, जब उन्होंने आरपार पुल बनाया, और इसके विषय में बोला गया था। मेरी मां मुझे डॉक्टर के पास ले जाना चाहती थी, सोचा कि मुझे चित्तौ उत्तेजना के दौरे पड़ते हैं। मैंने उसे बताया। मैंने कहा, "मैंने एक पुल आर पार देखा है, और मैंने उन व्यक्तियों को गिना है।" बाईस वर्षों के बाद, वह पुल वहां बना, और उतने ही व्यक्तियों ने अपनी जान गवाई। मैं सोचता हूं ये सोलह थे। ठीक।

209 अब, मैंने सोचा, जब उन्होंने वहां वे बड़े–बड़े गाटर डाले, जिससे कि यह पुल सदा के लिए बना रहेगा। ओह, उन्होंने उसे तीन चार बार रंग किया, और अब उसमें जंग लग रहा है। यह क्या है? हवा की इन किरणों ने, उसे जला दिया।

210 हम एक सुन्दर युवती को पाते है, सोलह की, आराधनालय में बैठी हुई, च्यूइंग गम चबा रही है, और कांट रही है, और करती ही जा रही है, बाहर जाकर और अपने कपड़े खींच कर समेट रही है, जहां वह कामुक दिखाई पड़े, स्वयं को मटकाती है। और थोड़े से सूर्यअस्तो से वह बूढी और झुर्रीदार हो जाती है, और उसका मांस लटकने लगता है। और वह छोटी देह जो उसने मटकाई, और आत्मा को उसमें रहने देती है, देती हैऔर

उसे नियंत्रित करने दो, वह उसके आचरण को कुत्तों के सामने डालता है, और न्याय के दिन व्यभिचार करने के लिए, उसे उत्तर देना होगा। "जो कोई भी कुदृष्टि स्त्री पर डालता है वह उसके साथ व्यभिचार कर चुका।" यह एहसास ना करते हुए कि वह सिवाये मिट्टी के, और कुछ नहीं है, और वापस मिट्टी में जा रही है, क्योंकि, "तू मिट्टी है, और मिट्टी में ही मिल जाएगा।" यह क्या है? यदि केवल इसे एहसास करे, और रुक जाए। यही एक अनिश्चित स्वर है।

211 "ठीक है, अब, *अमुक–अमुक* टेलीविजन पर, *अमुक–अमुक* विद्यालय में," विद्यालय में किसी विशेष व्यक्तित्व की नकल करने का यत्न कर रहा है। आप उसे कभी भी अपना आदर्श ना बनाएं। परमेश्वर को देखें।

212 ओह, अनिश्चित स्वर! चुनाव! अब कैसा समय आ गया है, अनिश्चितता!

213 यदि हमारे पास समय होता, हम जरा इस पर चलें। मैं देख रहा हूं कि बहने, सब वचनों को लिख रही हैं। अब दूसरे तीमुथियुस 2 में, आइये हम जरा कुछ मिनटों के लिए पढ़ें। दूसरा तीमुथियुस, 2रा अध्याय, और 3रे से आरंभ करके–... दूसरा तीमुथियुस, 3रा अध्याय, हम पढ़े। इधर सुनिए। "इसे भी जानिए... " अब, यह आत्मा है।

यह *भी* जानते हैं, *कि अंतिम दिनों में कठिन समय आएंगे।*

214 अब, यह पवित्र आत्मा है जो इस प्रातः आप आराधनालय में सुन रहे हैं, वहां पीछे बोल रहा है, दो हजार वर्षो पहले ईशा पश्चात 66, इस दिन के लिए।

> *क्योंकि मनुष्य खुद को चाहने वाले... लोभी, डींगमार, अभिमानी, निंदक माता–पिता की आज्ञा टालने वाले, कृतज्ञ, अपवित्र,*

215 उस दिन को देखें, आज। आप पवित्र के लिए बोलते हैं, वे आपको "पवित्र शोर" करने वाला कहते हैं। बालकों को देखिए, वे कैसे करते हैं। "किशोर अपराधी," वे इसकी बात करते हैं। अब आप अभिभावकों से असहमत हूं। क्या ये किशोर अपराधी नहीं; यह अभिभावक अपराधी। समझे? यह यही है।

216 आप में से कुछ केन्टकी की माताओं को कहते हैं, कितनी "अशिक्षित" केंटकी थी। या वे वहां पुरानी माताएं चौड़ी बाढ़ की टोपियों के साथ इस

प्रकार से, और उसके बहुत अनपढ़ होने की बात करते हैं और अपना का ख ग भी नहीं जानती। वह इतनी वर्गीकृत होती हैं, परंतु, मैं आपको बताता हूं, उसकी किसी पुत्र को इस प्रकार से आने दो जैसे आप में से कुछ कि किसी रात्रि; उसके कपड़े गुजले हुए, और उसके सारे चेहरे पर लिपस्टिक, उसके बाल उलझे हुए होते है। वह नहीं कहेगी, "प्रिय, क्या तुम्हारा अच्छा समय रहा? " वह किसी चीज में से पट्टी निकालेगी, और वह—वह अंतिम बार जानेगी कि वह बाहर चली गई। तब आप उसे, "अनपढ़" कहते हैं। जी हां। यही है।

... कृतघ्न अपवित्र, बिना प्राकृतिक प्रेम,

स्वाभाविक मया *से रहित, क्षमा रहित, दोष लगाने वाले, असंयमी, कठोर,* और *जो भले है उनके बैरी,* उन लोगों से घृणा करते हैं जो सही जीने का प्रयास करते है। (देखा?)

विश्वासघाती, ढीठ, घमंडी, और परमेश्वर के नहीं वरन सुखविलास *ही के चाहने वाले होंगे;*

217 ओह, वे बॉल के खेल या ऐसा ही कुछ देखने के लिए लाखों डॉलर खर्च करेंगे, या जहां कुछ सिनेमा के सितारे कुछ विशेष करने जा रहे हैं, और दूसरा इस प्रकार का, जिस प्रकार कि पुराना रोमन सर्कस वर्षों पहले करते था। परन्तु जब यह सड़क पार पवित्र आत्मा की सभा में जाने की बात आती है, तब वे अपने घर के छतों पर बैठे हुए हंसते है।

218 अच्छा, आप कहते है, "भाई ब्रंहम, वे लोग कम्यूनिस्ट याने साम्यवादी है।" ठीक है, आइये हम देखते हैं कि 5वां पद क्या कहता है।

भक्ति के भेष धरेंगे, पर उसकी शक्ति को ना मानेगे:...

219 किसकी शक्ति को ना मानेंगे? परमेश्वर की शक्ति। "भक्ति का भेष धरेंगे, परन्तु परमेश्वर की शक्ति को ना मानेंगे।" आराधनालय जा रहे हैं और नामधारी कलीसिया से जुड़े हुए हैं, परंतु पवित्र आत्मा के अस्तित्व का इनकार करते हैं, यह नियम बना रखा है और उन्हीं चीजों को कर रहे हैं जो उन्होंने आरंभ में किया था। ओह, प्रभु! देखिए नामधारी का कैसा श्राप है? हुंह! मैं आशा करता हूं कि आप मुझ पर क्रोधित नहीं होंगे। परंतु मैं आशा करता हूं कि आप इसे उसी उजियाले में समझेंगे जो मैं कहने का यत्न कर रहा हूं। समझे? अब इस पर ध्यान दें।

भक्ति का भेष धरेंगे, परंतु उसकी शक्ति का इनकार करेंगे: ऐसो से...

वह कलीसिया से क्या कह रहा है? "अलग रहो।" ऐसों से अलग रहो। इसमें से बाहर आ जाओ। यह ठीक बात है।

220 क्योंकि, सुनिए, हम दूसरा पद या दो पद पढ़े। जरा सुनिए, क्योंकि हम देखे इस विशेष प्रकार के लोग कैसे होते है। देखिए यदि यह अनिश्चित है।

इन्हीं में से लोग हैं जो घरों *में दबे पांव घुस आते हैं, और उन छिछोरी स्त्रियों को वश में कर लेते हैं जो* पापों से दबी हैं, *और हर प्रकार की अभिलाषाओ के वश में है,*

और सदा सीखती तो रहती है, पर सत्य की पहचान तक कभी नहीं पहुंचती।

221 सत्य क्या है? यीशु मसीह सत्य है। उसने कहा, "मैं सत्य हूं।"

पिलातूस ने कहा, "सत्य क्या है? "

"मैं मार्ग, सत्य, जीवन हूं।"

222 स्त्रियों, सब प्रकार कि कुछ—कुछ—कुछ महिलाएं सोसाटियां, और कंबल बनाना, और एक साथ जा रहे है, चुटकुले सुना रहे हैं, और दावतें करती है और सुप दावत कि पास्टर को भुगतान करें, और आदि-आदि इस प्रकार से, "और कभी भी यीशु मसीह के ज्ञान तक पहुंचने योग्य नहीं होते कि वह आज अपने पुराने पुनरुत्थान की सामर्थ के अस्तित्व में है, पवित्र आत्मा में।" देखो, "कभी नहीं!"

223 "मूर्ख स्त्रियां।" अब, वह आप बहनों से बात नहीं कर रहा है। कहा, "मूर्ख स्त्रियां," ठीक है, "विभिन्न अभिलाषाओ से दबी रहती है।" आप इसे भली प्रकार जानते है। इसलिए मेरी छोटी बहनों, मैं आप लोगों के लिए आनंदित हूं।

224 "कभी नहीं योग्य होती।" कितना अनिश्चित स्वर है, उस कहलाने वाले नामधारी से। आज कलीसिया का स्वर कितना अनिश्चित है। कौन जानता है क्या करना है? आज मैं आपको कलीसिया दिखाऊं। युद्ध के बादल चारों ओर है, परेशानियां चारों ओर है, और लोग अपने आराधनालय में भाग रहे हैं और उत्तर नही पा सकते। क्रिसमस की रात्रि मैं उस पर प्रचार करने जा रहा हूं, *पूर्व में सितारे का कोई उत्तर नहीं।* अब ध्यान दें। ओह, प्रभु! यह

वहां लटकता है, और उनके पास उत्तर नहीं है। वे नहीं जानते कि क्या कहें। क्यों? केवल एक बात को वे दोहरा सकते है, "हमने यह विद्यालय में सीखा था।"

225 कलीसिया उस पर निर्भर नहीं करती जो उन्होंने विद्यालय में सीखा। परंतु यह जीवित पवित्र आत्मा कलीसिया में, इसको लिए जा रहा है, और मार्गदर्शन कर रहा है, और आने वाली बातों को पहले से दर्शा रहा है, जैसे कि इसमें टाईटस के दिनों में किया; आने वाली बातों की चेतावनी दे रहा है, आने वाले क्रोध से भागो। ओह, प्रभु! "वह जिसके पास कान है, वह सुन ले कि आत्मा कलीसिया से क्या कहता है।"

226 तब, फिर क्या और चीज है? मैं पूछूंगा। इस प्रात: मैं आपको अधिक नहीं रोकना चाहता। परंतु क्या कुछ है जो निश्चित हो? यदि मैंने आपको बहुत सी अनिश्चित चीजें बताई है, क्या कुछ है जो निश्चित है? क्या किसी बात के विषय में निश्चतता है? क्यों, निश्चय ही, मैं धन्यवादित हूं कि एक है। क्या कोई चीज है जो निश्चित है?

227 मैं आपको बताता हूं, क्या निश्चित है, ये यीशु मसीह का सुसमाचार है। अब, यदि आप लिखना चाहते हैं। हम इसे निकालेंगे नहीं, परंतु आप लिख सकते हैं, यदि आप चाहे। मत्ती 24:35, यीशु इन दिनों के लिए बोल रहा है और क्या होने जा रहा था। मत्ती 24:35, उसने कहा, "आकाश और पृथ्वी टल जाएंगे, परंतु मेरा वचन कभी नहीं टलेगा।" यह निश्चित है। क्या ये नहीं है? यही वह चीज है जो निश्चित है, वह है उसका वचन। अब, एक चीज है। हम देखते हैं हम कलीसिया पर नहीं बना सकते। हम अपने राष्ट्र पर नही बना सकते। हम... यह बहुत ही अनिश्चित हैं। परंतु एक चीज है जो निश्चित है, वह निश्चित परमेश्वर का वचन है। आप निश्चय ही इसे आप करने जा रहे हैं।

228 उनमें से एक ने कहा, "एक निश्चित चीज थी—थी वह टेक्स या कर था।" ओह, नहीं। टेक्स या कर बहुत निश्चित नहीं है। प्रभु आ सकता है। वे इसे वसूलने से वंचित रह सकते हैं। फिर यह सब हो गया।

229 उन्होंने कहा, "मृत्यु निश्चित है।" नहीं, श्रीमान। मृत्यु निश्चित नही है। नहीं, वास्तव ने नहीं। उठा लिया जाना हो सकता है, तो फिर कोई मृत्यु नहीं। मृत्यु भी निश्चित नहीं है। नहीं, नहीं, इस दिन में नहीं। यह बहुत वर्षो पहले, परंतु अब नहीं है। मृत्यु भी निश्चित नहीं है।

230 और जो भी है, एक बार एक व्यक्ति को जानता हूं, जो परमेश्वर के साथ–साथ चला, दर्शाने के लिए एक उदाहरण। और एक दिन वह चलते–चलते थक गया, इसलिए वह वास्तव में हल्का हो कर ऊपर चलने लगा, परमेश्वर के पास घर को चला गया। कोई भी जानता है कि वह कौन था? [सभा कहती है, "हनोक।"—सम्पा।] हनोक। और वो क्या था? इस दिन में कलीसिया का प्रतीक।

231 और नूह, जो कि प्रतीक है, और हमने इसे पिछले पाठ में पिछले सप्ताह लिया था। नूह, इस्राएल का प्रतीक जिसे ले जाया गया, जो वहां रूपांतरण के पर्वत के ऊपर होगा, वहां पर यूरोप के नीचे फिलीस्तीन में—में देख रहा है। और जब वे... जब नूह ने देखा हनोक गायब हो गया था, उसने सोचा, "हनोक का क्या हुआ? हनोक का क्या हुआ? वह कहां पर है? " जो कि पोता था। नूह हनोक का पोता था। और उसने कहा, "वह कहां पर है? उसका क्या हुआ? हम उसे नहीं ढूंढ सकते।" नूह ने नाव बनानी आरंभ कर दी। वह जान गया कि समय निकट आ गया, तब उसी समय।

232 और अब जब कलीसिया उठा ली गई, और लोग कहते हैं, "अच्छा, मैंने—मैंने—मैंने पुलिस बुलवाई। मैंने—मैंने टेलीफोन किया। वह यही मेज के पास बैठी थी, और वह गायब हो गई।" हां। "मैं—मैं नहीं जानता उसका क्या हुआ।" भाई केवल इतना ही नहीं। पुलिस कहती है, "इस प्रातः इस बात के लिए हमारे पास—हमारे पास पांच सौ टेलीफोन आए है।" क्या हुआ? अन्य जातियों तब यह तुम्हारे लिए समाप्त हो गया। यह ठीक बात है। ध्यान दे रहे हैं।

233 परमेश्वर का वचन निश्चित है। "आकाश और पृथ्वी टल जाएंगे, " मत्ती 24:35, "परंतु परमेश्वर की प्रतिज्ञा असफल नहीं हो सकती।" यीशु ने कहा, "सारे आकाश और पृथ्वी टल जाएंगे।"

आप कहते ही, "आकाश? " जी हां। मे–...

234 प्रकाशितवाक्य 21, यूहन्ना ने कहा, "मैंने नया आकाश और एक नई पृथ्वी देखी, क्योंकि पहला आकाश और पहली पृथ्वी जाती रही; और वहां समुंद्र नही था। और मुझ यूहन्ना ने पवित्र नगर को देखा, नया यरूशलेम, एक दुल्हन के समान स्वर्ग से नीचे आ रहा था (यही वह था) अपने पति के लिए श्रृंगार किए हुए।" ओह, वही मैं होना चाहता हूं। परमेश्वर, वहां होने

के लिए उस दिन मेरी सहायता कर। ठीक है। परमेश्वर की प्रतिज्ञा निश्चित है। हम यह अनुभव करते हैं।

235 अब हम जरा एक छोटा सा—एक छोटा सा वचन ले है, या एक छोटी सैर, और पीछे जाकर कुछ तो ढूंढते हैं कि बीते दिनों में जिन्होंने विश्वास किया, वे कैसे निकल कर आए, उस परमेश्वर के वचन पर विश्वास करने के द्वारा कि वह स्वर निश्चित था। अब हम बाईबल के आरम्भ में चलते है, केवल दो या तीन चरित्र को लेंगे। और हम प्रार्थना पंक्ति के लिए तैयार होंगे, अगले पंद्रह मिनट, या कुछ तो।

236 आइये हम पहले वाले पर वापस चले, और भाई नूह को आरम्भ में लेते हैं। नूह, उत्पत्ति में। हम पाते है कि वहां दो या तीन स्वर थे, नूह के दिनों में बहुत से स्वर आ रहे थे। उनमें से एक नूह ने परमेश्वर की आवाज को सुना, कहा कि, "वर्षा होने जा रही है।" अब, परमेश्वर...

237 सुनिए। परमेश्वर अक्सर आपको कुछ ऐसा बताता है, जो संसार की बातों के सामने बिल्कुल मूर्खता होती है, यह बस... वह यह संसार को चकरा देने के लिए करता है। समझे? वे अपने मस्तिष्क में गड़बड़ा जाते हैं। वे कहते हैं, "अब, एक पवित्र शोर करने वालों का झुंड, ओह, भलाई के वास्ते! मुझे यह नहीं बताओ कि परमेश्वर, पवित्र परमेश्वर, इस तरह के झुंड को छोड़ देगा? "

238 यही बात बालाक और बालाम ने कही थी कहा, जब नीचे की देखा और इस्राएल को देखा। कहा, "तो, उन्होंने मार्ग में हर एक नीच कार्य किया है, वे करते है।" परंतु वह मारी हुई चट्टान और उस पीतल के सर्प को, और उन चिन्हों और आश्चर्य कर्मों को देखने में असफल रहा, चंगाई और उन बातों को उस शिविर में। आधार रूप में, बस वे एक से थे। परंतु परमेश्वर कुछ इतना मूल करता है। परमेश्वर मूल है। अब यह अजीब लगता है, परंतु वह है। अब, हम पाते हैं, कुछ चरित्रों के साथ।

239 नूह को देखिए। अब, बाईबल यह कहती है, नूह के दिनों में, कभी भी आकाश से वर्षा नहीं हुई थी। परमेश्वर धरती को, धरती पर से ही सींचता था। कभी भी वर्षा नहीं हुई थी। और यहां ये सामने "हठधर्मी" था, एक बड़ी नाव बना रहा था, लगभग दो मोहल्लों के बराबर लंबी। एक नाव तैरने के लिए, जबकि उसको तैराने के लिए कुछ नहीं था! वहां पानी नहीं था। यहां तक कि वहां कुछ भी नहीं था। पृथ्वी पर केवल, सबसे बड़ी चीज,

एक सोता था। "अब वह चीज को किसलिए बना रहा था, और उसे अंदर और बाहर से डामर लगा रहा था, इस प्रकार की चीजें? क्यों," वे कहते है "वह पानी कहां से आ रहा है, नूह? "

"ओह, *वहां* ऊपर से।"

240 "अरे, मैं एक वैज्ञानिक हूं। और मैं—मैं—मैं इस हवा से सिद्ध कर सकता हूं, कि—कि वहां नहीं—नहीं है वहां कोई पानी नहीं है। यदि ये होता, तो ये जो सीधा पृथ्वी पर आता। वहां कुछ नहीं है। मैं आपको सिद्ध कर सकता हूं कि वहां ऊपर कुछ नहीं है।"

241 "ठीक है, परंतु," नूह ने कहा, "आप जानिए, कि परमेश्वर योग्य है कि वहां पहुंचा दें।" यही है। "परमेश्वर ने कहा ये वहां पर होगा, और ये वहां होगा।"

"अरे, नूह, तुम क्या कर रहे हो? "

"मैं—मैं इसके लिए तैयार हो रहा हूं। समझे? मैं इसे सब तैयार कर रहा हूं।"

242 अच्छा, अब, विज्ञान अपना स्वर दे रहा है। विज्ञान ने कहा, "वह पवित्र शोर करने वालों का झुंड वहां पहाड़ पर है जो वास्तव में पागल है। क्यों, वे—वे अपने आप में नहीं है। अच्छा, वे—वे—वे लोग वहां पर बड़ी नाव को बना रहे है। तो, इस संसार में वे इस नाव से क्या करने वाले हैं? अरे, यदि हम संसार के सारे संतो को ले ले, और उनका सारा पानी ले, तो यह उस खोल को नमी भी नहीं पहुंचा पाएंगे। और यहां वे कहते हैं, 'यह तैरने वाली है। और वह पानी *वहां* ऊपर से आने वाला है।'"

243 परंतु, नूह, कोई मतलब नहीं विज्ञान कितना भी मूर्ख कहे, वह निश्चित स्वर को सुन रहा था। परमेश्वर ने कहा, "मैं संसार को जल से नष्ट करने वाला हूं।" इस विषय ये कुछ अनिश्चित नहीं है। तो यह अनिश्चित स्वर है, परंतु यह परमेश्वर का वचन है, कोई मतलब नहीं, यह कि सुनने में कितना मूर्खता पूर्ण लगता है।

244 परमेश्वर ने कहा, "मैं चंगा करने वाला यहोवा हूं।" इस विषय में कुछ भी अनिश्चित नहीं है। आप इसका विश्वास करते हैं।

245 परमेश्वर ने कहा, "मैं जिसे चाहूंगा दूंगा, पवित्र आत्मा।" यह आता है। इस विषय में कुछ भी अनिश्चित नहीं है।

कहते हैं, "मैं पियक्कड़ हूं। मैं एक वैश्या हूं। मैं... "

246 मैं चिंता नहीं करता आप क्या हैं। "जो भी चाहे उसे आने दो।" कुछ भी अनिश्चित नहीं है।

247 मैं बल्कि वह कहेगा कि, तब कहा, "यदि विलियम ब्रंहम 1960 में आएगा, मैं उसे जीवन के जल का सोता दूंगा।" अब, यह बहुत ही सुंदर होगा, लगता है यह मेरे समान होगा। परंतु संभव है दो विलियम ब्रंहम हो। मैं नही जान पाऊंगा कि मैं कौन सा वाला था।

248 परंतु जब उसने कहा "जो कोई भी," मैं जानता हूं, वह मैं था, जो भी हो, इसलिए मैं था—मैं था जो आना चाहता था। समझे?

इसलिए, आप देखिए, परमेश्वर का वचन निश्चित है।

249 अब बाहर का संसार, वैज्ञानिक संसार, यह बहुत ही अनिश्चित दिखाई पड़ता है। समझे? क्योंकि, कहा, "कौन कब सोचता है... अब देखिए। रात में चांद है। सितारे हैं। एक वातावरण है।" और उन दिनों में वे बहुत बुद्धिमान थे, आप जानते है, आज की तुलना में।

250 उन्होंने उन दिनों में से फिक्स बनाए। क्या हम आज बना सकते हैं? एक पंजा, यह सोलह चपटी कारों को लेगा, कि उस पर रखा जाए, और हवा में नगर के आधे खंड की ऊंचाई। क्या हम इसे बना सकते हैं?

251 उस दिन में उन्होंने पिरामिड बनाए। जब, वे बड़े–बड़े शिलाखंड सैकड़ो हजारो टन वजन के हैं। तो, हमारे पास संसार में कुछ नहीं है जो इसे बना सके। हमारे में शक्ति नहीं है। गैस या कोई चीज इसे कभी भी वहां नहीं उठा सकेगी। आपके पास इतनी बड़ी मशीन नहीं है। कैसे किया... और यह इतना सिद्ध है कि... उसमें कोई मसाला नहीं है। परंतु यहां मैदान में कांटा–छाटा गया, और कैसे भी वहां पहुंचाया गया, और आप एक ब्लेड या पत्थर उस में *इस* तरह नहीं घुसा सकते, यह आपस में इतने सटे हुए हैं। हम से अधिक बुद्धिमान थे। और वही बुद्धिमानी...

252 वहां उनके पास रंग थे। उन दिनों में वे मम्मी बना सकते थे। आज हम एक नहीं बना सकते। हम मनुष्य की देह को मम्मी नहीं बना सकते, हम नहीं जानते उन्होंने उसमें मम्मी बनाने के लिए, क्या डाला कि उन्हें स्वाभाविक बना दे। उनके पास—उनके पास रंग थे, उन दिनों में उन्होंने कपड़ों में रखा है, जो अब हमारे पास नहीं है। और हम इस प्रकार का कुछ नहीं कर सकते। उनके पास तब बहुत चीजें थी, जो हमारे पास नहीं है।

253 यहां कुछ समय पहले, उन्होंने यहां एक—एक जल योजना को खोदा, ठीक यहाँ मेक्सीको में, जो उस समय की बाढ़ के समय का था। आधुनिक जल योजना, हम जो आज है हम से अधिक बुद्धिमान! समझे?

254 "जैसा नूह के दिनों में था," वे बुद्धिमान लोगों के समान करते है, "ऐसा ही मनुष्य के पुत्र के आने के दिनों में होगा," दूसरी बुद्धिमान पीढ़ी।

255 वे लोग कितने बुद्धिमान थे, संभवत: अधिक बड़ा विज्ञान, जो एक सितारे से दूसरे सितारे की दूरी को माप ले कि कितनी दूरी पर है। इतना तक, वे भूगोल शास्त्र में वे बहुत ही बुद्धिमान थे, उन्होंने बड़े, बड़े पिरामिड बनाएं, और पृथ्वी के केंद्र में रखें, इतना तक, कि कोई मतलब नहीं सूर्य कहां है, वहां उसकी एक—एक परछाई आसपास नहीं बनती। प्रातः, सांझ, मध्य दोपहरी में, कहीं भी, कोई परछाई नहीं। देखा? मैं वहां पर था।

256 अब ध्यान दे सारी चीजें जो उन्होंने की, और सामर्थे जो उनके पास थी। और क्या आप कल्पना कर सकते हैं, वर्षा कभी नहीं हुई थी, और आकाश में कुछ नहीं था कि वर्षा होती। संसार में कैसे उस व्यक्ति ने संदेश को पाया—पाया? उसने नहीं किया। वह यही था।

257 परंतु जैसे नूह नाव के दरवाजे पर खड़ा हुआ, और लोगों को आने वाले विनाश के लिए चेताया, ऐसे ही आज नया जन्म प्राप्त सुसमाचार प्रचारक भी है, दरवाजे पर खड़ा हुआ है, मसीह यीशु पवित्र आत्मा के द्वारा छिपा हुआ है, लोगों को आने वाले विनाश के लिए चेतावनी दे रहा है। निश्चय ही। जैसा नूह के दिनों में था, या यहां हम इस दिन में खड़े हुए हैं।

258 अब, विज्ञान कैसे कह सकता है, "वर्षा *वहां* से आती है?" परंतु, आप देखिए, परमेश्वर को मालूम था कि वहां से कैसे वर्षा लाए। वह या तो भूचाल ले आया था, या किसी के पास परमाणु शक्ति है, वे इसे फेंक दें और पृथ्वी के एक भाग को नष्ट कर दें। और यह पृथ्वी को पीछे हटा दे, कक्षा पथ से बाहर कर दें, और अब यह पीछे की ओर झुकती है। और उन्होंने यह किया, तो पृथ्वी का ताप और पृथ्वी की ठंडक सूर्य से, और सूर्य से दूरी के, कारण इस पर बादल आ गए। वह यहोवा–यीरे है। वह अपने लिए कुछ भी उपलब्ध कर सकता है कोई भी चीज जो उसके वचन ने कहा।

259 अब वह अपने लिए कलीसिया उपलब्ध कर सकता है। उसे मुझे लेने की आवश्यकता नहीं। उसे आपको लेने के आवश्यकता नहीं। नहीं। उसे

नहीं है। उसे इसे लेने की आवश्यकता नहीं। वह किसी और को आपका स्थान दे सकता है। "सावधान रहे कोई आपका ताज ना ले ले।" उसे अवश्य नहीं है कि—कि वह हमें ले, परंतु हमें उसे ही लेना है। आप निरंतर जीवित रहते हैं, तो आपको उसे लेना ही है, क्योंकि केवल वही है, जैसा कि पतरस ने कहा। जब...

260 उसने कहा, "क्या तुम सब ऐसे जाते हो? "

जब उसने उन्हें सत्य बताना ही था। जब वह उनके सब रोगियों को चंगा कर रहा था वह महान व्यक्ति था। ओह, वह जब उसने चिन्ह और चमत्कार किए, वह एक महान व्यक्ति था। परंतु जब उसने उन्हें सत्य बताना आरंभ किया, तब क्या हुआ? फिर, "वो हठधर्मी हो गया।" वे उसे छोड़ कर चले गए।

वह चेलो की ओर घूमा। स्मरण करे, वह बहुत ही स्वाधीन था, क्योंकि वह परमेश्वर था। उसने घूम कर, कहा, "तुम भी जाना चाहते हो? "

261 पतरस ने कहा, "प्रभु, हम किसके पास जाएंगे? हम कहां जाएंगे? क्योंकि तू ही है जिसके पास अनन्त जीवन का वचन है, और हम इसमें निश्चित हैं।" समझे? इस विषय में कोई अनिश्चितता नहीं है। "हम निश्चित हैं कि आप ही है जिसके पास यह है। हम हर शिक्षा के बयारों से बहकाए हुए नहीं है। हम जानते हैं कि तेरे पास अनन्त जीवन के वचन हैं, क्योंकि कोई मनुष्य उन कार्यों को नहीं कर सकता जो तू करता है जब तक कि परमेश्वर उसके भीतर ना हो, यह ठीक बात है, उसके साथ ना हो।" निकुदेमुस ने यही टिप्पणी की।

262 अब हम कहे, कि नूह। क्या स्वर अनिश्चित है, नूह सुन रहा था? नहीं, श्रीमान। यह ठीक बात है। हमारा बाढ़ से पहले कभी विनाश, इसने सारे संसार को नष्ट कर दिया, और परमेश्वर ने पानी वैसे ही भेजा जैसे उसने कहा। क्यों? क्या परमेश्वर के वचन ने ऐसा कहा। विज्ञान डूब कर नष्ट हो गया।

263 इन बातों को देखें, जिसने नूह को बचाया, उसी ने उसके आलोचकों को मार डाला। क्या आपको यह मालूम है? उसी पानी ने। यदि वहां पर पानी ना होता, तो नूह नहीं बच सकता था। नाव ही थी जो तैर गई। जो तैर गई उसी चीज ने जिसने नाव को तैराया उसके आलोचकों को डूबा दिया।

264 और आज वही पवित्र आत्मा जिसका लोग उपहास उड़ाते हैं, यह कलीसिया को बचा लेगा और आलोचकों को दोषी ठहराएगा। बिल्कुल वही चीज, देखिए, बिल्कुल वही चीज। जो बचाता है, मारता है... जो विश्वासी को बचाता है, अविश्वासियो को दोषी ठहराता है। यह ठीक बात है। इसलिए, आप देखिए, परमेश्वर के वचन में विश्वास रखिए। यही एक चीज है जिस पर आप खड़े हो सकते हैं, और जानते हैं कि यह निश्चित है। जो परमेश्वर कहता है निश्चित है। बस इसका विश्वास करें।

265 अब हम दूसरे व्यक्ति को ले, मूसा के दिनों में। अब, मूसा शिक्षा योजना में होते हुए परखा गया, सैनिक योजना में होते हुए यत्न किया कि इस्राएल को स्वतंत्र कराएं, क्योंकि वह जानता था कि वह यह करने के लिए जन्मा था। और वह घड़ी उसके लिए करने की थी। उसने अपनी विधि से यत्न किया, उसकी शिक्षा, और अपना बड़ा समाज बनाया था, या कुछ तो और, और इसमें से सैनिक विचार बनाया। और अपने ही नीतिशास्त्र में, वह असफल हो गया। अब ध्यान से सुने।

266 परंतु एक दिन परमेश्वर ने उसे जलती हुई झाड़ी के द्वारा पकड़ लिया। और देखिए परमेश्वर ने इस व्यक्ति के साथ कितना—कितना अतर्क संगत किया। अब, परमेश्वर ने उसे जलते झाड़ी के पास खींचा और उसने उससे बाते की। अब, इसके पहले परमेश्वर ने उससे कभी भी बात नहीं की उसने इसे पुस्तकों में सीखा था। इसलिए, परमेश्वर ने उससे बातें की।

267 यही कारण है कि नूह जान गया कि वह किस विषय में बातें कर रहा था। परमेश्वर ने उस से बातें की। इसलिए वह जान गया। उसने यह परमेश्वर से सुना था। समझे? और अब एक दिन जब...

268 मूसा, प्रशिक्षित, तैयार, ओह, प्रभु, क्या वह विद्वान था! ओह! और क्या वह एक सेना का व्यक्ति था! और उसने सोचा, "मेरी सारी छात्रवृत्ति... मेरे पास पीएच.डी, एक डी.डी.डी., एक डबल एल.डी., और सारी डी.डी जितनी सोची जा सकती थी। परंतु, अब, निश्चय ही मैं जान जाऊंगा कि इसे कैसे करूं, क्योंकि मैं—मैं मिस्र की बुद्धि हूं।"

269 मैं चिन्ता नहीं करता आप कौन सी बुद्धि के हैं, इसका लाभ नहीं, जब यह परमेश्वर की बात आती है। तो यह मूर्खता है। आपकी परमेश्वर के लिए बुद्धियां, ये मूर्खता है। समझे? "क्योंकि, मेरे मार्ग तुम्हारे मार्गों से ऊंचे है,

और मेरे विचार तुम्हारे विचारों से ऊंचे हैं, परमेश्वर ने कहा।" समझे? इसलिए, आपकी सबसे अच्छी बुद्धि...

270 जैसे पौलुस ने कहा, "मैं तुम्हारे पास लुभावने वाली बातों के साथ प्रचार करने नहीं आया, जैसे कि बुद्धि करती है। क्योंकि, यदि मैं यह करता, तो तुम्हारी आशायें बनती... " अब, पौलुस कर सकता था, क्योंकि वह एक तेज व्यक्ति था। उसने कहा, "मैं यह कर सकता था। परंतु यह क्या था, तुम मनुष्य की विचारधारा पर निर्भर करते हो। परंतु मैं तुम्हारे पास सामर्थ, और पुनरुत्थान में पवित्र आत्मा के साथ आया था, ताकी तुम्हारा विश्वास परमेश्वर में हो।" आप इसी स्थिति में है। क्योंकि, यह अनिश्चित स्वर है, दूसरा वाला। परंतु *यह* निश्चित सत्य है। तब फिर नूह के पास... मुझे क्षमा करें।

271 मूसा ने अनिश्चित स्वर के साथ यत्न किया, उसका नीतिशास्त्र, उसकी शिक्षा, वह अनिश्चित थी। परंतु एक दिन उसने निश्चित स्वर सुन लिया। ओह! अब मुझे धार्मिक अनुभूति हो रही है। हां। उसने निश्चित स्वर सुन लिया, क्योंकि उसने झाड़ी में ज्योति को देखा। "अपने जूते उतारे, क्योंकि जिस स्थान पर तू खड़ा है, वह पवित्र भूमि है।" उसने कहा, "मैंने अपने लोगों की चिल्लाहट को सुना है, और मैंने अपना वचन स्मरण किया है।" आमीन। इस विषय में कुछ भी अनिश्चित नहीं है। "मुझे स्मरण है कि मैंने इसहाक और याकूब, और अब्राहम, और उन सबको क्या बताया। मुझे अपनी प्रतिज्ञा स्मरण है। मैं उन्हें नहीं भूलता। उन लोगों को चिल्लाना देखता हूं, और समय समीप है। मैं तुम्हारे पास मूसा को भेजने वाला हूं।"

मूसा ने कहा, "मैं कैसे कभी वापस जा सकता हूं? "

272 सुन। "निश्चय ही मैं तेरे साथ होऊंगा।" इस विषय में कुछ भी अनिश्चित नहीं है।

273 "जैसे मैं मूसा के संग था, वैसे ही मैं तेरे संग होऊंगा।" समझे? "और मैं तेरे साथ होऊंगा।" इस विषय में कुछ भी अनिश्चित नहीं है। "मैं तेरे साथ होऊंगा।"

उसने यहोशू को वर्षो बाद बताया, "जैसे मैं मूसा के साथ था, वैसे तेरे साथ होऊंगा।"

"मैं कैसे उन बड़े–बड़े नगरों को जो बड़ी–बड़ी दीवार के है लूंगा? "

274 "मैं... यह तेरे समझने के लिए नहीं है। मैं मूसा के साथ था। मैं तेरे साथ होऊंगा। और जहां कहीं तेरे पैर पड़ेंगे, वह तेरा है। बस चलता रह। समझे? तेरे जीवन भर तेरे सामने कुछ भी ना ठहरेगा।" इस विषय में कुछ भी अनिश्चित नहीं है। "मैं तेरे साथ होऊंगा।"

"निश्चय ही मैं तेरे साथ होऊंगा," परमेश्वर ने मूसा से कहा।

275 अब मैं चाहता हूं कि आप ध्यान दे जब मनुष्य परमेश्वर की आवाज सुनता है, व्यक्तिगत परमेश्वर का वचन सुनता है। अब, आप इसे सुन सकते है। आप कहते हैं, "तो, परमेश्वर को मुझसे मिलने के लिए आना है।" जी हां, श्रीमान। मैं यहां बैठ कर प्रचार कर सकता हूं जब तक—जब तक मैं प्रचार मंच पर गिर जाऊं, दस, बीस, तीस, पचास वर्षों, आप कभी भी नहीं सुनेंगे जब तक परमेश्वर वचन को आप पर प्रगट ना करें। आप अपने स्थान पर बैठ सकते हैं। आपको जलती हुई झाड़ी के पास नहीं जाना है। संभव है जितना आप सोचते हो आप उससे अधिक उसके समीप हो। बस वही बैठे रहे और वचन में परमेश्वर को आपसे बातें करने दें।

276 "मुझे जो जीवन मैं जी रहा हूं इसे छोड़ना है। मुझे ठीक होना है।" यह परमेश्वर है, परमेश्वर अपने वचन में है, स्वयं को आप पर प्रगट कर रहा है। "मुझे अपना जीवन परमेश्वर के संग ठीक बनाना है।" यह परमेश्वर है। निश्चय ही, यह परमेश्वर है। "किसी दिन मुझे मरना है।" निश्चय ही आप एक दिन मरने जा रहे हैं। "मुझे न्याय के दिन उत्तर देना है।" निश्चय ही आप न्याय में उत्तर देने वाले हैं।

277 तब आपका न्याय कहां है, वहां उस सिंहासन के सामने जहां आपके लिए दया नहीं है, या यहां सिंहासन पर जहां आप पर अनुग्रह पा सकते है? अब, चुनाव आपका है। यह अदन वाटिका के वृक्ष के समान है, एक जीवन का है और एक मृत्यु का है। इसे छोड़ दें क्योंकि वहां आप मरते हैं। अब इसे लें, और आप जीते हैं। अब आप न्यायी है, देखिए, आप हैं जिसे करना है। अब आप न्यायी है, परंतु तब वह न्यायी होगा। अब आप न्यायी है, भले ही आप इसे चाहे या नही। तब वह न्यायी होगा, भले ही आप इसे स्वीकार करें या नही। इसलिए आपको अपना निर्णय लेना है, आप क्या करना चाहते है, परंतु यह आप पर निर्भर है। और व्यक्ति आदम और हवा के समान हर व्यक्ति के सामने सही और गलत है, और आपको अपना निर्णय लेना है।

"निश्चय ही मैं तेरे संग होऊंगा।"

278 "मैं कैसे वापस जाऊंगा और अपने स्वामी को बताऊंगा कि मैं बच गया हूं और पवित्र आत्मा से भर गया हूं? "

"निश्चय ही मैं तेरे संग होऊंगा।"

279 "मैं कैसे कभी अपने पति को बताऊंगी कि मैं अपनी नीचता को छोड़ने जा रही हूं? मैं कैसे कभी यह करने योग्य होऊंगी? "

"निश्चय ही मैं तेरे संग होऊंगा।"

280 "मैं कैसे अपनी पत्नी को बता सकता हूं, कि मैंने—मैंने गलत जीवन बिताया मैंने गलत कार्य किए? मैं कैसे कभी यह कर सकता था? मैं कैसे फिर से अपने परिवार के सम्मुख खड़ा हो सकता हूं? वे कैसे कभी मेरा विश्वास कर सकते हैं, जबकि—जबकि वे यह जानते हैं कि मैं शापित और आगे बढ़ चुका हूं, और वे कार्य कर चुका हूं जो किए, और वापस जाकर उन्हें बताता हूं कि 'मैं एक मसीही हूं'? "

"निश्चय ही मैं तेरे साथ होऊंगा, " परमेश्वर ने कहा।

281 यह आप से वह कार्य करवा लेगा जो आप सोचेंगे नहीं। मूसा को देखिए, कैसा उग्र कार्य करवा लिया। उसने क्या किया? वह पुरुष; अस्सी वर्ष का...

282 आप कहते है, "भाई, भाई ब्रंहम, मैं—मैं अधेड़ आयु का हो रहा हूं, एक बूढ़ा व्यक्ति। या... " चिंता नहीं कि आप की कितनी आयु के हैं। इस बात से कोई लेना देना नहीं है। उस दिन परमेश्वर आपसे बातें करने के लिए बहुत शांत कर सकता है, और आप उसका वचन सुन सकते हैं, वही दिन है कि वह आपसे बातें कर रहा है, आपकी आयु से कोई मतलब नहीं। "मैं कैसे कभी यह कर सकता हूं, भाई ब्रंहम? "

283 मूसा को देखिए, अस्सी वर्ष का। मिस्र ने सारे संसार पर विजय प्राप्त कर ली थी। उनके पास उनकी सेना के सारे भेद और सारी चीजें उनके अपने हाथों में थी। और मूसा ने अपनी पत्नी को, छोटे खच्चर पर, टांगे दो इधर उधर करके बैठाया है, और गेर्शोम को उसकी जांघ पर बैठाया। और अगली प्रातः वह अपनी टेढ़ी–मेढ़ी लाठी हाथ में लिए जाता है, और सफेद दाढ़ी *इस* प्रकार से लटक रही थी, और संभव है उसका गंजा सिर इस प्रकार से चमक रहा हो। और यह खच्चर वहां से जा रहा था, इस पुराने खच्चर

को खेचता हुआ जा रहा था। वह चिल्ला रहा था, "परमेश्वर की महिमा हो! प्रभु की महिमा हो!"

कोई कहता है, "मूसा, तुम कहां जा रहे हो? "

284 "मिस्र को जा रहा हूं, उस पर विजय प्राप्त करने।"

"कितना विचित्र है!"

285 परन्तु जब एक व्यक्ति परमेश्वर से बात करता है, और स्वयं में परमेश्वर की आवाज को पाता है! "यदि तुम मुझ में बने रहो," यूहन्ना 15। "यदि तुम मुझ में बने रहो, और मेरे वचन तुम में; तुम जो चाहो मुझ से मांगो, और यह तुम्हारे लिए होगा।" समझे? कुछ भी अनिश्चित नहीं है। यह ठीक बात है। कुछ भी अनिश्चित नहीं है।

286 मूसा, "कैसे आप... " मूसा परमेश्वर से कह सकता है, "मैं यह कैसे करने जा रहा हूं, एक मनुष्य का आक्रमण? मैं कैसे कर सकता हूं, यहां एक बूढ़ा व्यक्ति, अस्सी वर्ष का, और मैं कैसे करने जा रहा हूं उसे लाखों लोगों की बड़ी सेना, और उन पर विजय प्राप्त करना? "

287 "निश्चय ही मैं तुम्हारे संग होऊंगा।" कुल मिला कर उसे उसे ये ही जानना था। यहां वह जाता है। यहां वह जाता है। वह नीचे जा रहा है। और उसने यह भी लिया। क्यों? वह निश्चित था जो स्वर उसने सुना वह सही था।

288 और जो आवाज आज प्रातः आपने सुनी है ठीक है, क्योंकि यह परमेश्वर का वचन है।

289 इब्री बालक आग की भट्टी पर, उन्हें कैसे मालूम पड़ा कि वे बचा लिए जाएंगे? उन्होंने कहा, "हमारा परमेश्वर हमें बचाने के योग्य है।" उसने यह पहले कभी नहीं किया था। "वह हमें आग की भट्टी से बचाने के योग्य है। परंतु, फिर भी, हम निश्चित हैं, कि वह योग्य है।" इस विषय में हमें कोई अनिश्चितता नहीं है। "हम केवल जान गए उसकी इच्छा, परंतु, जो भी है, हम तेरी मूरत के सामने सिर नहीं झुका रहे है।"

290 "हम बाहर उस झुण्ड में नहीं जा रहे हैं। हम उन सिगरेटो को नहीं पीएंगे। हम उस शराब को नहीं पीएंगे। हम उनसे झूठ नहीं बोलेंगे। हम व्यभिचार नहीं करेंगे। हम अपनी पत्नियों के ऊपर और निर्भर नहीं करेंगे, अपने पतियों पर। हम निश्चित हैं, परमेश्वर हमें छुड़ा सकता है।"

291 "अच्छा, यदि आप कहते हैं तो वे आपको बुनको खेल से बाहर निकाल देंगे। वे आपको ताश की मण्डली से बाहर निकाल देंगे, महिलाओं की सहायक।"

"मैं चिंता नहीं करता वे मेरे साथ क्या करेंगे। परमेश्वर मुझे छुड़ाने योग्य है।"

292 "आप जानते हैं कि वे क्या करने जा रहे हैं? वे तुम्हें पुराने समय का कहेंगे। अपने बालों को फिर से बढ़ने दें, यदि आप यह करते हैं। वे लंबे वस्त्र पहनते हैं और महिलाओं के समान व्यवहार करते हैं। आप जानते हैं वे क्या करने जा रहे हैं? वे तुम्हें पुराने जमाने का कहेंगे।"

293 "मैं चिंता नहीं करता वे क्या करते हैं। परंतु परमेश्वर मुझे छुड़ाने योग्य है, और यही बात है कि मैं आज इसके पीछे हूं। परमेश्वर मुझे छुड़ाने के योग्य है। बस ऐसा ही है।"

294 "अच्छा, यदि आप अगली गर्मियों में छोटे–छोटे कपड़े नहीं पहनती है, तो सूसी क्या कहने जा रही है? "

295 "मुझे चिंता नहीं है सूसी क्या कहती है। मैं जानना चाहती हूं कि परमेश्वर क्या कहता है। क्योंकि, सूसी की बात अनिश्चित है। परंतु परमेश्वर ठीक है। यह निश्चित स्वर है।" इसलिए, उसने उन्हें बचाया।

296 अब्राहम कितना निश्चित था, पच्चीस वर्षो की प्रतीक्षा के पश्चात उस बालक के लिए, जिसके लिए परमेश्वर ने उससे कहा था कि वह उसे देगा? क्या आप कल्पना कर सकते हैं, अब्राहम, एक बूढ़ा मनुष्य अपने लोगों में अच्छा मान था? और एक दिन, परमेश्वर उससे बोला, कहा कि, "अब्राहम, मैं तुझे 'राष्ट्रों का पिता' बनाने जा रहा हूं, अब तेरा नाम बदलने जा रहा हूं, और तुझे अब्राहम पुकारूंगा, अब्राम से अब्राहम। और मैं सारे को साराह पुकारूंगा, (एस–ए आर–आर–ए) से एस–ए–आर–आर–ए–एच् 'राजकुमारी,' और मैं उसका नाम बदलने जा रहा हूं। और अब तुम दोनों... आइये देखे, अब्राहम, तू पचहत्तर वर्ष का है, और वो पैंसठ की है। तू उसके साथ तब से रह रहा है, जब वह सोलह, सत्रह वर्ष की थी, क्योंकि वह तेरी रिश्ते की बहन है। और तू उसके साथ इस सारे समय रहा। जब वह छोटी लड़की ही थी, तूने उससे ब्याह किया और अब भी तेरे पास कोई बालक नहीं है। परंतु मैं—मैं यह करने जा रहा हूं। ऊ–

हुह। मैं तुझे एक बालक देने वाला हूं। और अब्राहम, क्या तू मेरा विश्वास करता है? ”

“हां, प्रभु, मैं तेरा विश्वास करता हूं।”

“अच्छा, अब, वे—वे कहने जा रहे हैं कि तू पागल है।’ ”

“ओह, यह ठीक है, प्रभु। यह ठीक है।”

“तू उन्हें बता दे कि तेरे बालक होने वाला है।”

297 ठीक, वह घूमता फिरता है और साराह को साथ लिए हैं, कहा, “प्रिय, तू क्या जानती है? कि हमारे बालक होने वाला है।”

“क्या? एक बालक? ”

“हाँ।”

“आप कैसे जानते हैं? ”

“परमेश्वर ने ऐसा कहा है।”

298 “आमीन। यह ठीक बात है, तो, फिर प्रिय हमें मिलने वाला है। अच्छा, अब, आप जानते है कि मैं क्या करने जा रही हूं? आप मुझे थोड़े से पैसे दे। मैं जाकर छोटे–छोटे जूते खरीद कर लाती हूं। मैं कुछ खिलौने और कुछ पीने लेने जा रही हूं। और इस बालक के लिए हम तैयार हो रहे हैं, क्योंकि अब वह आने वाला है। जी हां, श्रीमान।” इसलिए वह नीचे दुकान पर गई।

299 और मैं सुनता हूं वे नीचे डॉक्टर के पास गए, और कहते हैं, “डॉक्टर, आप जानते हैं क्या? मैं चाहता हूं कि आप अस्पताल में तैयार रहे। हमारे बालक होने वाला है।”

300 “ऊह, ऊह, ऊह, ऊह, ऊह! हुंह! आपने अपना नाम बताया था? ”

“अब्राहम।”

301 “ऊह–हुंह। हां, श्रीमान। मुझे क्षमा करें। आज मैं जल्दी में हूं, आप समझिए।”

302 पीछे जा कर कहता है, “अरे, तुम्हारे लिए अच्छा होगा इस बूढ़े के मस्तिष्क की जांच के लिए किसी विशेषज्ञ को भेजो। क्यों, यह पचहत्तर वर्ष का है, और वह बेचारी बाहर उसके कंधे पर शॉल ओढ़े हुए बैठी है, जैसे कि दादी है, कहती है कि उसे एक बालक होने वाला है। क्यों क्या ये—

क्या ये उस तेरह का पुत्र नहीं है, जो शिनार से आया था, जो वहां मीनार पर था? क्या—क्या यह वह नहीं है... क्या ये उसका पुत्र नहीं है? ”

“हां।”

303 “वह बेचारा बूढा व्यक्ति सूरज में बहुत घूमता रहा। उसे लू लग गई है। वह थोड़ा पागल है। समझे? हां।” परंतु यह अनिश्चित स्वर है।

परन्तु अब्राहम के पास निश्चित स्वर था, “परमेश्वर ने ऐसा है।”

304 “अच्छा,” अधिकारी कहते हैं, “वह एक ईमानदार बूढा व्यक्ति रहा है। मुझे मालूम है बहुत सी बार, वह विधवाओं को चीजें देता है। और वह चीजें देता है। वे—वे... और वह भी बहुत दया करती है। मैं उन्हें बंद नहीं करना चाहता, या कुछ भी। हम उन्हें बाहर पेड़ से ना बांधे, उन बेडियो में और इस प्रकार की चीजों में, उनकी दशा और खराब हो जाएगी। मैं आपको बताता हूं कि हम उन पर दृष्टि रखेंगे, आप जानते है।” और उन्होंने उनकी चौकसी आरंभ कर दी। “ऊह–हुह? ऊह–हुह? ” क्या ही अनिश्चित स्वर है!

305 परंतु अब्राहम जानता था कि वह स्वर निश्चित था। इसलिए उसने कहा, पहला महीना बीत गया, “प्रिय तुम्हें कैसा अनुभव हो रहा है, कोई अंतर? ” अब स्मरण रखे, आप महिलायें; अट्ठाईस दिन, वह समय उसका बहुत पहले बीत चुका था, लगभग चालीस वर्ष की थी। और यहां वह अब पैंसठ की है। “प्रिय, तुम्हें कैसा लग रहा है? ”

“अरे, प्रिय, कोई अंतर नहीं है।”

306 “परमेश्वर की महिमा हो, जो भी है, हमें मिलने वाला है।” कुछ भी निश्चित नहीं है। “निश्चय ही। मैं पक्का हूं। जी हां, श्रीमान। मैं निश्चित हूं हमें ये मिलने वाला है।”

“अब्राहम, तुम कैसे जानते हो, कि हमें ये मिलने वाला है? ”

“परमेश्वर ने ऐसा कहा है। जो भी है, इसे पाने वाले हैं।”

307 ठीक है, दूसरा महीना, तीसरा महीना, पहला वर्ष, “प्रिय, कुछ अलग अनुभव हो रहा है? ”

“नहीं।”

“अभी तक कुछ नहीं हुआ है? ”

“नहीं। नहीं।”

"ठीक है, परमेश्वर की महिमा हो! जो भी है, इसे पाने वाले हैं।"

308 "अब्राहम, मैंने सुना है कि तुमने कहा है कि तुम्हें एक बालक होने वाला है। ही–ही! ही–ही!" यह एक अनिश्चित स्वर है। समझे?

309 परंतु अब्राहम ने एक और स्वर सुना हुआ था जिसमें यह सब डूब गया था। "परमेश्वर की महिमा हो। मैं चिंता नहीं करता कि मुझे कितनी प्रतीक्षा करनी है। जो भी है, पाने वाला हूं।"

"अब्राहम, तुम कैसे जानते हो? "

"परमेश्वर ने ऐसा कहा है।"

"अब, वो, परमेश्वर तुझसे बातें करने को नीचे आया था? "

"हां।"

"तुम कैसे जानते हो? मैं भी उसको सूनू? "

310 "उसने मुझसे बातें की है, ना कि तुझ से। ठीक है, आगे बढ़ो।" कहा, "तुम पुराने अविश्वासी, आगे बढ़ो। जो भी हो, तुम विश्वास नहीं करते हो। मैं उसका विश्वास करता हूं, देखिए, इसलिए, आगे बढ़ते रहो।" यही है। "जो भी है, एक बालक को पाने जा रहा हूं।" पच्चीस वर्ष बीत गए।

311 परन्तु इसके पहले वह समय आए, वे ही–ही कर रहे थे और हंस रहे थे। परमेश्वर ने कहा, "आप जानते हैं क्या? मैं तुम्हें उनसे अलग ले जा रहा हूं। अपने सारे कपड़े और चीजें बांध ले, और तैयार हो जाओ। बाहर निकले, और स्वयं को अविश्वासियो के झुण्ड से अलग कर ले। मैं तुम्हें वहां एक छोटी कलीसिया देने जा रहा हूं, कुछ लोग तुम पर विश्वास करेंगे। उस पुराने ठंडे नामधारी से अलग हो जाओ। यहां बाहर निकलो। आकर मेरे साथ, अकेला चल।" जब तक उसने ऐसा नहीं किया परमेश्वर ने उसे आशीषित नहीं किया, उसने स्वयं को सारे अविश्वास से अलग कर लिया।

312 और वह आपको कभी भी आशीषित नहीं करेगा जब तक कि आप भी वैसा ही नहीं करेंगे। उन सारे अंधविश्वासो को अपने से अलग कर लें, और, "संभव है यह ऐसा ही है, और हो सकता है यह नहीं है।"

यदि आज प्रातः आप प्रार्थना करवाने आए है, वे आप वास्तविक विश्वास के साथ आए, "परमेश्वर ने ऐसा कहा है, और यह तय हो गया।" यही है। "परमेश्वर ने ऐसा कहा है।" बस इसका यही है। "परमेश्वर ने ऐसा

कहा है।" उसने यह कहा है, और यह—यह तय हो गया। इस विषय में कोई और विवाद नहीं है, सोच नहीं। ठीक है।

313 अब, पच्चीस वर्ष बाद, और अब्राहम, अब बूढ़ा व्यक्ति हो गया। वह सौ वर्ष का हो गया था। और साराह नब्बे वर्ष की हो गयी थी। अब इस पर सोचे, छोटी सी दादी, एक शोल कंधों पर ओढ़े हुए, एक छोटी धूल से बचने के लिए टोपी। और दादा, आप जानते है, *इस* प्रकार से। "प्रिय, तुम्हें कैसा अनुभव हो रहा है? "

"कोई अन्तर नहीं।"

"जो भी है, पाने जा रहे है। परमेश्वर की महिमा हो!"

314 एक दिन उसने देखा, और वहां तीन व्यक्ति चलते हुए आ रहे थे। वह बैठ गए। उनमें से दो सादोम में चले गए, कि प्रचार करें।

315 उसने कहा, "अब्राहम, तेरी पत्नी साराह कहां है? " ओह, प्रभु! व्यूह! अब स्मरण रखे, यीशु ने कहा तू जानता है, कि ये एक बार फिर होगा, वही स्वर्ग दूत।

उसने पहचान लिया कि वे स्वर्ग दूत थे। समझे? उसने वह स्वर सुना था। जब उसने उस व्यक्ति को बोलते हुए सुना था, उसमें कुछ तो था कि, वह पहचान गया, यह वही स्वर था। समझे? वह जान गया कि वह वही था।

316 उसने कहा, "साराह? " फुर्ती से भीतर गई, कहा, "प्रिय, वहां जल्दी से पहुंचो, जल्दी से चूल्हे पर से राख हटाओ, और कुछ को बेलें, कुछ को गूंथें, पच्चर लें और इसे पुरानी छलनी में डालें।" आपको वे याद है? "कुछ आटा छानो।"

317 कितने केन्टेकियन, आपको यह स्मरण है? तो, ठीक है, आपको चाहिए। मैंने देखा है मां उस चीज को लेकर पीटती थी, "डन, डन, डन, " और उसे रगड़ती थी, और रगड़ती, और "डन, डन, डन, " उस आटे को हिलाती, हमारे लिए रोटी तैयार करती। और—और तब तलने वाले बर्तन में, पतले मांस को उबालती, आप जानते हैं, या रोटी के बर्तन में और उसमें चिकना डालती। और काली आंख वाली मटर, और हरी शलगम, बहुत अच्छा खाना। तब इस प्रकार से—तब इस प्रकार से जब सेब की शराब तेज होकर, और सिरका बनती है आप जानते हैं; और उसके ऊपर

से सारी फफूंदी हटा देते हैं, उस पर थोड़ा सा सिरका डालते हैं। यह अच्छा है। तब फिर—फिर...

318 मैं देखता हूं साराह इन रोटियों को बना रही है, उस पत्थर पर, जैसे। अब्राहम बाहर निकला, और देखने लगा, वह कहां से छोटा–मोटा बछड़ा ले; और उसे मारा, तैयार करके भीतर लाया।

319 बाहर गया, कहा, "इस व्यक्ति में कुछ तो है। मैंने इस आवाज को पहले सुना है। मैं जानता हूं इसके सारे कपड़ों पर धूल है, और आदि–आदि। वह वहां बैठा है, अपना मुंह पोंछ रहा है, और इस प्रकार से चारों ओर देख रहा है। परंतु मैं आपको बता रहा हूं, मैं इस आवाज को जानता हूं, क्योंकि यह आवाज अनिश्चित नहीं है। क्योंकि, मैंने इस आवाज को पच्चीस वर्षों पहले सुना है। और, प्रिय, हमने इस सारे समय विश्वास किया, कि विश्वास करें। और इस व्यक्ति के विषय में कुछ तो है। मैं नहीं जानता क्यों, परंतु इसमें कुछ तो है मैं विश्वास करता हूं।" ठीक है।

320 इसलिए जब वह बाहर गया, उसने मक्खी वाला और झाड़ लिया और सारी मक्खियां उड़ाई, आप जानते है, और जब वे खा रहे थे वहां थोड़े समय के लिए, वहां बैठा था। सो थोड़ी देर बाद, उनमें से दो नीचे सादोम की ओर देख रहे थे। और वे वहां नीचे गए, तब वे आधुनिक प्रचारक नीचे वहां सुसमाचार प्रचार करने गए।

321 इसलिए अब्राहम वहां इस व्यक्ति के साथ बैठा हुआ था, और उसने अपनी पीठ तंबू की ओर फेर ली। उसने कहा, "अब्राहम, तेरी पत्नी साराह कहां है? "

कहा, "वह आपके पीछे तंबू में है।"

322 कहा, "जीवन के समय के अनुसार, मैं तुझसे मिलने आ रहा हूं उस प्रतिज्ञा के अनुसार जो मैंने तुझसे की है।" तब वह जान गया कि यह निश्चित स्वर था।

323 क्या हुआ? तुरन्त ही दूत के चले जाने के पश्चात, साराह एक युवा स्त्री बन गई, सुंदर, पीछे का झटका दिया, क्या दर्शा रही है वह अब्राहम के प्रत्येक वंश के लिए करने जा रहा है। वह बूढ़ी दादी एक युवा स्त्री बन गई। और अब्राहम, उसकी पीठ से कुबड़ हट गया, और सफेद दाढ़ी चली गई, और वह फिर से एक युवा पुरुष हो गया।

324 और उन्होंने एक छोटी यात्रा की, गरार की ओर, तीन सौ मील। और जब वे वहां पर पहुंचे, वहां फिलिस्तीन देश का राजा अबिमेलक, एक पत्नी ढूंढ रहा था। और वह आसपास उन फिलिस्तीन की सुन्दर महिलाओं को ढूंढ़ रहा था। जो कि, वे सुन्दर थी। इसलिए उसने चारों ओर फिलिस्तीन की सारी सुंदर महिलाओं को देखा, कहा, "मैं एक को भी नहीं ले सकता जो भी है। दूसरी मैं बस... " एक दिन उसने उस छोटी सराह को आते हुए देखा, जो सौ वर्ष की थी, छोटी दादी माँ। उसने कहा, "यही है जिसकी मैं प्रतीक्षा कर रहा था। वह यही है। यही है।" सो, उसने उसे लिया और उससे विवाह करने जा रहा था।

325 और परमेश्वर उस पर प्रगट हुआ, स्वप्न में, उससे कहा, "तूने उसे लिया है? " कहा, "वह मेरे भविष्यवक्ता की पत्नी है।" कहा, "तू एक मरे हुए मनुष्य के समान है।"

कहां, "प्रभु, तू मेरी सच्चाई को जानता है।"

326 इस विषय में अनिश्चितता नहीं है। उसने कहा, "तू उसे वापस कर दे। जो भी प्रार्थना तू मुझसे करेगा मैं नहीं सुनूंगा। मैं इस विषय में कुछ नहीं सुनूंगा। क्योंकि, वह भविष्यवक्ता है, और तू उसे वापस कर फेर दें। क्योंकि मैं... " उसे थोड़े पैसो की आवश्यकता थी, इसी कारण यह सब हुआ था। इसलिए, कि उन्हें पैसो की आवश्यकता थी। "इसलिए तू जाकर उसे फेर दे, उसकी पत्नी उसे दे–दें। यदि तू ऐसा नहीं करता है, तो तू मरे हुए के समान है।" इस विषय में कुछ भी अनिश्चित नहीं है, क्योंकि परमेश्वर ने हर गर्म हर चीज जो उसके पास थी बंद कर दिया। यह बिल्कुल ठीक बात है।

327 वह बाहर गया, और कहा, "अब्राहम, तूने ये क्यों किया? "

328 कहा, "क्यों, वह मेरी बहन है, जैसा मैंने बताया वह थी। परंतु, " कहा, "वह मेरी पत्नी हो गई।"

329 तब, आगे बढ़ा। अब वह क्या था? तब जब वह छोटा बालक उत्पन्न हुआ था, इतने वर्षों के पश्चात, जब वे फिर से बदल गए। परमेश्वर ने कहा, एक दिन, कहा, "उसे पहाड़ पर ले जाकर, उसका गला काट दे।" ओह, प्रभु!

330 उत्पत्ति 22, वह इस छोटे बालक को वहां ऊपर ले गया। और छोटे इसहाक को लिया, ओह, वह छोटा बालक नहीं था, वह लगभग चौदह

वर्ष का था, उसके छोटे घुंघराले बाल *इस* प्रकार से पीछे थे। और चाकू निकाला बूढ़े बाप का कांपता हुआ हाथ; कोई संदेह नहीं कठिनाई से सटक रहा था, गला सूख रहा था, आप जानते हैं। "मेरा एक ही पुत्र। मैंने इतने वर्षों तक प्रतीक्षा की। ओह! मेरे कभी भी पुत्र नहीं था। उसे देखो। उसे देखो। यहां, यह मेरा एक ही पुत्र है, बेचारा छोटा लड़का। परंतु, परमेश्वर, आपने मुझसे करने को कहा है। मैं आपके वचन पर विश्वास करना जानता हूं। मैं नहीं जानता आप इसे कैसे करने जा रहे हैं। परंतु, प्रभु, आपने इसे मुझे दिया है, जैसे के मरे हुए में से।"

331 अब यदि आप इसे लिखना चाहते है, इब्रानियों 11:17 से 19। हम जरा इसे निकाले, और फिर बस हम इसे ले लेंगे। इब्रानी 11, सात–... 19 तक। हम बंद करने जा रहे हैं, बस एक मिनट। 11:17, तो ठीक है।

> *विश्वास ही से, अब्राहम ने परखे जाने के समय में इसहाक को बलिदान चढ़ाया: और वो जिस ने... बलिदान करने का* वचन *प्राप्त किया था... अपने एकलौते पुत्र को बलिदान करने का वचन प्राप्त किया था।*
>
> *और जिससे यह कहा गया था, कि इसहाक से तेरा वंश कहलाएगा:*

"उसने विचार किया"... 19वां पद।

> *क्योंकि उसने विचार किया कि परमेश्वर सामर्थी है कि मरे हुओं में से जिलाए सो उन्हीं में से दृष्टांत की रीति पर... वह उसे फिर मिला।*

332 अब्राहम ने कहा, "प्रभु, यदि तू... पीछे वहां जब मैं बांझ थी, मेरे पास कुछ नहीं था। मैं एक पापी थी, और तूने मुझे कुछ बना दिया है। तूने मुझ से प्रतिज्ञा की है। और यह यहां पर है, आपने मुझे पुत्र दिया। और उसके आने के लिए मैंने पच्चीस वर्ष प्रतीक्षा की। और अब, चौदह वर्ष बाद, क्यों, यह एक नवयूवक है, अपनी मां के हृदय का गर्व। मैं उसे घर में से ले आया। रखा... मां इसे नहीं समझेगी। परन्तु मैं आपको समझता हूं, प्रभु, मैं जानता हूं कि आपकी आवाज सत्य है। अब आपने मुझ से कहा कि इसे बलिदान चढ़ा, इसे मार। और आपने मुझे बताया, कि मेरे द्वारा, मुझे मैं बहुत से राष्ट्रों का पिता होऊंगा। और इस लड़के के द्वारा, कि आप इस लड़के को ले लेंगे, और इसके द्वारा... जब आपने मुझसे प्रतिज्ञा की, और मांस के टुकड़ों को

अलग–अलग किया था, उस दिन, और वह सफेद ज्योति उनके बीच में से होकर निकली, आपने मुझसे प्रतिज्ञा की कि उसके अनुसार यह बालक यहां पर है, कि तू अपने ही पुत्र का पालन करेगा। आमीन। तू अपना ही पुत्र उत्पन्न करेगा। मेरे ही पुत्र के वंश के द्वारा, तेरा अपना पुत्र होगा, मेरे ही पुत्र के द्वारा तेरा अपना पुत्र होगा, और वह सारे राष्ट्रों को बचाएगा। प्रभु मैं नहीं जानता कि तू इसे कैसे करने जा रहा है। यह मेरा कार्य नहीं है। परंतु मैं इसकी अनिश्चितता को जानता हूं। मैं तेरी प्रतिज्ञा की निश्चितता को जानता हूं, और मैं इस बात को मानता हूं कि मैंने उसे जैसे मरे हुए में से प्राप्त किया है। और मैं पूरी रीती से विश्वास कर चुका हूं कि तू योग्य है कि उसे मरे हुओं में से जिलाएगा। यदि मैं उसे मारता हूं, तू उसे फिर से जिला सकता है। प्रभु, मैं तेरा वचन लूंगा।"

333 चाकू को बाहर खींचा। कहा, "अलविदा, इसहाक।" उसे चुमा। पीछे खींचा।

334 और तब परमेश्वर ने कहा, "अब्राहम, एक मिनट रुक। एक मिनट रुक। मैं जानता हूं कि तू मुझ पर विश्वास करता है। मैं जानता हूं कि तू मुझसे प्रेम करता है। अपने हाथ को रोक।"

335 उस समय, लगभग उसने अपने पीछे किसी को सुना। देखा, और एक मेढ़ा झाड़ियों में फंसा हुआ था। वह मेढ़ा कहां से आया? वह कहां से आ गया? वह बस्ती से सौ मील दूर था, पीछे जंगल में था, जहां पर सिंह थे, भेड़िये थे, गीदड़, और वे सारी चीजें इस प्रकार की, जो भेड़ को मार डालती। और वह वहां पहाड़ की चोटी पर था, जहां पर ना पानी है या वहां कुछ भी नहीं था कि वहाँ पर भेड़ जीवित रह सके। और वो एक मिनट पहले, वहां पर नहीं था। पीछे देखा, और यह वहां पर था, और अगले ही मिनट, वहां। यहोवा–यीरे! परमेश्वर ने कहा...

336 अब्राहम ने ऊपर देखा, कहा, "तू यहोवा–यीरे है।" *यहोवा यीरे* का अर्थ क्या है? "आप कुछ भी दे सकते हैं जो आप कहते हैं। यदि आप ऐसा कहते हैं, वह हो जाता है। आप यह बनाने के योग्य हैं।"

337 वो... उसने क्या किया? उसने भी वही आवाज सुनी जो नूह ने सुनी थी। जब, "वह भला वहां आकाश से पानी को कैसे लाने जा रहा है? "

338 "मैं नहीं जानता। परंतु, वह यहोवा–यीरे है। वह ऊपर भी पानी को ला सकता है।"

339 "वह कैसे एक मनुष्य को पृथ्वी पर से उठा कर और उसे महिमा में ले जा सकता है? " मैं आपको नहीं बता सकता। "हम भारी है। मेरा वजन ढेड़ सौ पौंड है। मेरा वजन दो सौ पौंड है।" मैं चिंता नहीं करता तुम्हारा कितना वजन है। वह यहोवा–यीरे है। "परिवाहन कैसे आ रहा है? " मैं आपको नहीं बता सकता, परंतु जब वह समय आएगा तो उसके पास परिवाहन होगा।

यह मेरा अश्वेत मित्र जो इस प्रातः वहां पर बैठा हुआ है, उसके ऊपर कह रहा हूं। नीचे दक्षिण में एक अश्वेत व्यक्ति ने बगल में बाईबल दबा रखी थी। उसने कहा... और उसका मालिक उसका उपहास उड़ा रहा था, क्योंकि उसने कहा था कि उसका धर्म ह्रदय को छूने वाला है। उसने कहा, "ह्रदय को छूने वाला जैसा कोई धर्म नहीं है।"

उसने कहा, "मालिक, आप में एक चीज की घटी है।" कहा, "आपके पास ह्रदय छूने वाला धर्म जैसी कोई चीज नहीं है, जहां तक आप जानते है।" समझे? परंतु उसे भिन्न मालूम था।

कहा, "तुम इस बाईबल का क्या करते हो? तुम पढ़ नहीं सकते।"

340 कहा, "मैं इसका विश्वास करता हूं।" कहा, "मैं इसका शुरू से अंत पहले से विश्वास करता हूं, और हर बिंदु का भी विश्वास करता हूं। क्योंकि, " उसने कहा, "क्योंकि इस पर 'पवित्र बाईबल' लिखा हुआ है।"

कहा, "मैं समझता हूं आप इन सारी कहानियों का विश्वास करते हैं? "

341 कहा, "हां, श्रीमान।" कहा, "मैं परमेश्वर ने कहा उसका विश्वास करता हूं। और हर बात जो परमेश्वर मुझे बताता है, मैं विश्वास करता हूं।"

342 उसने कहा, "अब, अब सुनिए, शेम्बो, आप यह नहीं कर सकते।" कहा, "अब क्या हो यदि परमेश्वर आपसे कहे इस पत्थर की दीवार के पार कूद जाओ, क्या आप ऐसा करेंगे? "

उसने कहा, "हां, श्रीमान। मैं उस पत्थर की दीवार के पार छलांग लगा दूंगा।"

343 उसने कहा, "तुम उस पत्थर की दीवार के पार कैसे चले जाओगे, जिसमें छेद भी ना हो? "

344 कहां, "यदि परमेश्वर मुझे 'कूदने, ' को कहें तो जब मैं वहां पहुंचुंगा वह छेद कर देगा।" इसलिए यह ठीक है। यह ठीक बात है।

345 परमेश्वर अपने वचन को बनाए रखता है। इस विषय में कोई अनिश्चितता नहीं है। जब परमेश्वर की तुरही की आवाज आपके कानों में आती हैं, सुसमाचार की तुरही, जो कि निश्चित है। आमीन। उसी के साथ बने रहें। ओह, ओह, यह निश्चित है!

346 क्यों यह सारे लोग अब... और हमारा समय बीत रहा है; बस एक और टिप्पणी, या दो वचन यहां, मैं सोचता हूं, मैंने लिख रखे हैं। क्यों सब लोगों ने यह किया? क्योंकि उन्होंने परमेश्वर की आवाज़ को सुना था। अब, समाप्त करने के लिए जल्दी–जल्दी, बस तीन या चार मिनटों में।

347 यीशु, जब वह इस पृथ्वी पर था, उसने कहा, "मुझे अधिकार है कि अपना जीवन दे दू। मुझे अधिकार है कि उसे फिर वापस ले लूं।" अब, इस विषय में कोई अनिश्चितता नहीं है। "मेरे पास है।" ना कि "मेरे पास होगा।" परन्तु, "मेरे पास है, अब। मेरे पास अधिकार है कि अपना जीवन दे दूं। मेरे पास अधिकार है कि उसे फिर वापस ले लूं।" तो ठीक है।

348 मार्था, जब उसका भाई लाजर मर गया, उसने उसे कहते सुना, "मैं जाकर उसे जगाऊंगा।" कहा, "तुमने उसे कहाँ पर गाड़ा है? " अब वह...

349 उसने भेजा, कहा, "यीशु, आकर मेरे भाई को चंगा कर दे। वह बीमार है।" यीशु ने इस पर कभी कोई ध्यान नहीं दिया; और बढ़ गया। उसने फिर भेजा, उसने और मरियम ने। और वे आगे बढ़ गए, उसने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया।

350 तब, कुछ समय पश्चात लाजर मर गया, उसे कब्र में रख दिया। वह वहां चार दिनों से पड़ा हुआ, सड़ रहा था। नाक गलकर गिर गई; उसमें कीड़े थे, हर चीज इन कपड़ों में लिपटी हुई थी, और आदि–आदि। कब्र पर पत्थर रखा हुआ था, जैसे कि वे पहले समय में गाड़ा करते थे। एक गड्ढा होता था, तब उसके ऊपर पत्थर रख दिया करते थे। यही कब्र थी।

351 इसलिए उन्होंने कहा, और पहली बात आप जानते हैं, कहा, "यीशु आ।" और इस प्रकार से मार्था ने शाल ओढ़ी, और नीचे गली में वह गई यह, सुंदर युवा, लड़की। वह वहां दौड़ गई। उसने कहा, "प्रभु।" इस प्रस्ताव को देखिए। उसने एक दिन, इस स्वर को सुना था, और वह निश्चित था। वह जानती थी कि उसके विषय में कुछ है। उसने कहा...

352 अब यदि वह जाकर और कहती, "हम अपने नामधारी कलीसिया से बाहर आ गए क्योंकि तूने उनके विरोध में प्रचार किया। और हमने सब कुछ

किया क्योंकि तूने *ऐसा–ऐसा* किया। और हमारा विश्वास तुझ में था। अब हम—हम नगर में बातों का विषय है। हर कोई कह रहा है, 'अब तुम्हारा पवित्र शोर करने वाला पास्टर कहां है? समझे? किसी की आवश्यकता है। वह कहां पर है? वह भाग गया। देखा? वह कहां पर है? वे दिव्य चंगा कर्ता कहाँ है?'"

353 स्मरण रखिए भाई राईट्स, यह आपके द्वारा कहा गया, वहां आपके चर्च ऑफ क्राईस्ट के प्रचारकों के द्वारा और वे। जी हां, श्रीमान।

354 "वे कहां पर है? कहां? इस बारे में क्या है? इस बारे में क्या है, आप समझे?"

355 इसलिए कुछ समय पश्चात, ऐसा लगता है उसके पास उसे उलाहना देने का अधिकार था और उससे कहने के लिए कुछ था, कहे, "तू तब क्यों नहीं आया जब मैंने बुलाया?" परंतु, देखिए, परमेश्वर से पहुंच करने का यह तरीका नहीं है।

356 प्रश्न मत करिए। जानिए कि आवाज निश्चित है। सीधे जाकर, कहिए, "हां, प्रभु।"

357 "प्रभु, यदि—यदि वे मुझ पर हाथ रख दे, मैं कैसे जानू कि मैं चंगा होने वाला हूं?" यह आपका काम नहीं है। समझे?

358 आपके करने को एक बात है कि, यह जाने शब्द निश्चित है, कि, "परमेश्वर ने कहा है।" इसे विश्वास करें और आगे बढ़े। परमेश्वर ने ऐसा कहा है। समझे? हां, श्रीमान। यह परमेश्वर का वचन है।

359 अब, तब पहली बात आप जानते हैं कि, वह बेचारी मार्था वहां दौड़ती हुई आई। और उसने कहा, "प्रभु।" ओह, मुझे यह अच्छा लगता है! देखो, उसने उसे वही उपनाम दिया जो वह था। वह उसका... "प्रभु, यदि तू यहां पर होता, तो मेरा भाई नहीं मरता।" समझे? कहा, "अब भी तू जो भी परमेश्वर से मांगेगा, परमेश्वर वह तुझे देगा।" इस विषय में कोई अनिश्चितता नहीं है। नहीं। देखा? देखा?

360 जब यह दो आशावादी मिलते हैं। समझे? जब दो सर्वसामर्थी मिलते हैं। समझे? जब, एक सर्वशक्तिमान उसके पास था, उसका मसीह में सिद्ध सर्वसामर्थी विश्वास था; और मसीह सर्वशक्तिमान था। समझे? उसका मसीह में, सिद्ध अनन्त विश्वास था, कि वह प्रभु था; और जान गई कि,

वह जो भी परमेश्वर से मांगेगा, परमेश्वर इसे उसे देगा। दूसरे शब्दों में, उसने कहा, "तू बस वचन कह दे, बस तुझे यही करना है। तू जो भी परमेश्वर से मांगेगा, परमेश्वर तुझे देगा।"

यही–... यही—यही सर्वशक्तिमान है, सारी सामर्थ, क्योंकि उसने ऐसा कहा। समझे? ठीक है, और वह सर्वशक्तिमान था। यही है जब दो सामर्थे, दो सर्वशक्तिमान सामर्थे, आपस में मिलती हैं। तब यह संबंध है।

361 जब यहां इस तार में डेढ़ सौ वोल्ट *होता* है, और *इस* एक में भी डेढ़ सौ वोल्ट होता है; जब ये पास–पास आते हैं, दोनों ओर से आपके पास डेढ़ सौ वोल्ट होता है। समझे?

362 और जब आपके पास सर्वोच्च सामर्थ होती है, जब यीशु ने कहा, "बीमारों पर हाथ रखो, तो वे चंगे हो जाएंगे," और यह बात सत्य है इसमें आपका सर्वोच्च विश्वास है, आपको सर्वोच्च परमेश्वर की आवश्यकता है जिसने सर्वोच्च प्रतिज्ञा की है, और एक सर्वोच्च नतीजा आएगा। आमीन। यही है। समझे?

363 अब उस पर ध्यान करें। उसने आकर कहा, "प्रभु, यदि तू यहां पर होता, तो मेरा भाई नहीं मरता। परंतु अब भी, तू जो भी परमेश्वर से मांगेगा, परमेश्वर वह तुझे देगा।"

उसने कहा, "तेरा भाई फिर जीवित हो जाएगा।"

364 उसने कहा, "प्रभु, सत्य है, वह अंतिम—अंतिम दिनों में जी उठेगा।" क्यों? उसने यह वचन सुना। वो जान गई कि यह एक निश्चित स्वर था। "निश्चय ही, प्रभु, वह अंतिम दिनों में जी उठेगा। वह एक अच्छा लड़का था। वह सामान्य पुनरुत्थान में ऊपर आ जाएगा, अंतिम दिन में।"

365 यीशु ने कहा, "मैं हूं।" इस विषय में कोई अनिश्चितता नहीं है। "मैं पुनरुत्थान और जीवन दोनों हूं।" हुह! व्यूह! "पुनरुत्थान और जीवन मैं ही हूं। वह जो मुझ में विश्वास करता है, यदि वह मर भी जाए, वह फिर भी जीएगा। जो कोई भी जीवित है और मुझ पर विश्वास करता है, वह कभी ना मरेगा।" इस विषय में कोई अनिश्चितता नहीं है। "तू इसका विश्वास करती है?"

366 उसने कहा, "हां, प्रभु। मैं विश्वास करती हूं तू बिल्कुल वही है जो तूने कहा तू था। तू परमेश्वर का पुत्र है जो संसार में आया है, कि हमें बचा ले।

और मैं विश्वास करती हूं कि तू जो भी करता है, या कहता है, वह सिद्ध है। तेरे विषय में बिल्कुल कोई भी संदेह नहीं है।"

"तुम ने उसे कहां रखा है? मैं जाऊंगा और उसे जगाऊंगा।"

367 अब, नहीं—नहीं, "मैं जाऊंगा और देखूंगा यदि मैं कर सका, मैं जाकर यह यत्न करूंगा, मैं जाऊंगा और देखूंगा मैं क्या कर सकता हूं इस विषय में।" नहीं, कुछ भी अनिश्चित नहीं। "मैं जाऊंगा और उसे जगाऊंगा।"

368 क्यों? पिता ने उसे बता दिया है, उसके पास परमेश्वर की प्रतिज्ञा है, जो कि सच्चे थी। उसके पास परमेश्वर की प्रतिज्ञा थी। क्योंकि, उसने कहा यूहन्ना 5:19, कि, "पुत्र स्वयं से कुछ नहीं कर सकता, परंतु जो पिता को करते हुए देखता है।" उसके पास पहले ही दर्शन था कि परमेश्वर क्या करने जा रहा है, इसलिए वो इसके लिए सकारात्मक था। नहीं न–...

369 "मैं कोशिश करने नहीं जाऊंगा। मैं तो इसे करने जा रहा हूं।" आमीन, आमीन, आमीन। ओह, मेरी इच्छा है मैं इसे ले सकता, जैसे एक कार्क निकालने का यंत्र, और हर व्यक्ति में घुमा कर अंदर बैठा दिया। हूं–हूम। देखिए, "मैं जाकर कोशिश करूंगा, मैं जाकर देखूंगा यदि मैं कर सकता हूं।" "मैं करूंगा। मैं जाऊंगा और उसे जगाऊंगा। मैं जाकर कोशिश नहीं करूंगा। मैं जाकर इसे करूंगा। मैं जाऊंगा, और उसे जगाऊंगा," और उसने किया। ओह, प्रभु! कुछ भी अनिश्चित नहीं है। नहीं, नहीं। "मैं कोशिश नहीं करूंगा। मेरे पास प्रतिज्ञा है।"

370 और—और—और अब जब वह चला गया, उसने हमें नहीं छोड़ा और कहता है, "तो, मैं तुम्हें बताऊंगा क्या। तुम सब सारे जगत में जाओ और महान संस्था का गठन करो। और, ओह, तुम उनमें तुम सैकड़ों को मिलाने जा रहे हो, परंतु वे ठीक होंगे।" अब, यह अनिश्चित होगा। मनुष्य ने यही तो किया है।

371 परन्तु इसके पहले वह छोड़े, यहां पर उसने यही कहा इस बात की निश्चितता के लिए कि हम धोखे में नहीं आएंगे। उसने कहा, "थोड़ी देर बाद, संसार मुझे अब और ना देखेगा। यही तो अविश्वासी लोग हैं, वे लोग सारे अविश्वास के साथ रुक गए है, वे मुझे अब और ना देखेंगे। तोभी तुम मुझे देखोगे, क्योंकि मैं, मैं, मैं तुम्हारे संग होऊंगा, यहां तक संसार के अंत तक तुम में होऊंगा।"

372 यूहन्ना 14:12, उसने कहा, "और जो काम मैं करता हूं तुम भी करोगे, और इससे भी बड़े–बड़े कार्य करोगे, इससे भी अधिक।" वह वचन पूरी रीति से यूनानी में देखें, यह कहता है, "तुम अधिक करोगे।" क्योंकि क्यों? वह परमेश्वर है, वह केवल एक मनुष्य में था। अब, परमेश्वर अपनी समस्त कलीसिया में है। देखा? तब परमेश्वर एक मनुष्य में था; सारे मनुष्य अब जो उस पर विश्वास करेगा। "इससे भी अधिक तुम करोगे, क्योंकि मैं पिता के पास जाता हूं। मैं ज्योति में वापस आऊंगा जो मैं था, जिसने इस्राएल के बालकों को जंगल में से होते हुए अगुवाई की। मैं उसी में वापस आऊंगा। और तब थोड़ी देर पश्चात, और मैं फिर आऊंगा।" समझे? यूहन्ना 14:12, "जो कार्य मैं करता हूं, तुम भी करोगे," और अब उसने कहा, "और इससे भी अधिक।"

373 मरकुस 16 में, जब वह जा रहा था, उसने कहा, "तुम सारे जगत में जाकर, और सारी सृष्टि के लोगों को प्रचार करो। वह जो विश्वास करें और बपतिस्मा ले उद्धार पाएगा; जो विश्वास ना करेगा वह दोषी ठहराया जाएगा। और ये चिन्ह होंगे... " सम्भव है? यह नहीं। "होंगे!" वे निश्चित है।

374 "ठीक है, आप जानते है, हम यह विश्वास करते है, परन्तु, समय के चलते हम दूसरे दिनों में रह रहे हैं," नामधारी कहते हैं। यह अनिश्चित है।

375 परन्तु यीशु ने कहा, "वे करेंगे, वे निश्चय ही करेंगे, वे जो विश्वास करेंगे।" वे क्या करेंगे? "वे प्रेत आत्माओं को निकालेंगे; नई–नई भाषाएं बोलेंगे; बीमारों पर हाथ रखेंगे, और वे चंगे हो जाएंगे।" ओह, भाई!

376 यह नहीं, "कि सम्भव है, वे यह करेंगे। वे—वे इसे बदल सकते है और इससे संस्था बना सकते है।" नहीं, नहीं। "ये चिह्न, वे अब भी विश्वासी होंगे।" ओह, नहीं। नहीं, नहीं।

377 "ये चिन्ह निश्चय ही, वे उनके पीछे–पीछे जायेंगे।" वह अब भी वही परमेश्वर है। वह मरा हुआ नहीं है। मसीही आचार संहिता यह कैसे कह सकती है कि वह मरे हुओं में से जी उठा, और फिर उसे कल, आज, और सर्वदा एक सा होने के लिए कैसे इनकार कर सकता है?

378 अब मत्ती 17 में, आप सब इसे लिखना चाहते हैं, मत्ती 17—मत्ती 17:2, आप इसे वहां रूपांतरण पर, पा सकते हैं, अब, यदि आपको मिलता है, यदि आपके पास ग्रीक शब्दकोश है, तो आप वहां देखें, उस रूपांतरण पर। कहा, "और वह रूपांतरित हो गया था।" मैं विश्वास करता

हूं कि... मैं देखूं यदि अभी ये मेरे पास है, इस समय मत्ती 17। मेरे पास यह सब है।

और छह दिन के बाद यीशु ने पतरस और याकूब और उसके भाई यूहन्ना को साथ लिया; और उन्हें एकांत में किसी एक ऊंचे पहाड़ पर ले गया...

और उनके सामने उसका रूपांतर हुआ:...

379 अब, आप जानते हैं वास्तविक यूनानी क्या कहती है उसने किया? उनके सामने "रूपांतर" हुआ, "उसने अपना ढंग बदला।"

380 ओह, हमारे पास कितना समय है? [भाई नेविल कहते है, "पूरा दिन।"—सम्पा।] बस—बस केवल थोड़ा—थोड़ा—थोड़ा सा धीरज रखे। मुझे अब इसमें जाना है। किसी ने मुझे बहुत ही प्रभावित किया है, जिसे मुझे कहना है। मुझे क्षमा करें। अब, वो—वो रात्रि का भोजन सेम नहीं सूखेगी। और इसे बस—बस जाने दे। ठीक है।

381 वह अब भी वैसा ही है। वह कभी नहीं बदला। वह अब भी वैसा ही है। इब्रानी 13:12 और 13, कहा, "यीशु मसीह कल, आज और सर्वदा एक सा है।" अब देखिए। यदि हम इसका विश्वास करते हैं कि वह जीवित हो उठा, तो फिर वह मरा हुआ नहीं है, वह किसी कब्र में नहीं है, वह जीवित है। वह कल, आज, और सर्वदा एक सा है। आप विश्वास करते हैं, क्या आप यह विश्वास नहीं करते?

382 अच्छा, तो वह यहां क्या कर रहा है जब वह रूपांतरित हुआ? यूनानी कहता है, "उसने अपना ढंग बदला।" ओह, देखिए! उसके जी उठने के क्रम को देखें। तब यही है जिसने मुझे प्रभावित किया। ध्यान दे। पहले क्या प्रगट हुआ? वह...

383 यहां पीछे अगले वाले अध्याय में, 16वे अध्याय में, उसने उन्हें बताया, "कुछ यहां पर खड़े है जब तक वे परमेश्वर के राज्य को सामर्थ में आते हुए ना देख ले।" दूसरों शब्दों में, वे क्या करेंगे? वे परमेश्वर के राज्य का स्वाद पहले चखेंगे। वे पुनरुत्थान का क्रम जान जाएंगे और परमेश्वर का आना, 16वे अध्याय में देखें।

384 अब यहां वह ऊपर जाता है, और वहां, क्या घटित हुआ, उसका ढंग बदल गया था। दूसरे शब्दों में, वह दूसरे ढंग से प्रगट हुआ। क्या आप मेरी बात को समझे?

385 हम क्या पाते हैं प्रकाशन क्या था, उस रात्रि, अंतर मास में, अंतर मास का अर्थ है? एक मूरत, वह यहां खोदी ही गई, कुछ बना रहे हैं; और तब क्या करता है, वह बस पर्दा हटाता है, कहता है, "यह ये है।"

386 वह यहां क्या दोहरा रहा है? वह स्वयं को दूसरे ढंग में प्रगट कर रहा है। वह किस में था? एक महिमावंत, परिवर्तित स्थिति; उसका आगमन, जिस तरह से वह आ रहा है, एक महिमावंत मसीह, रूपांतरित हुआ। उसके कपड़े सूर्य की नाई चमके। ओह! ओह! वह बादल में खड़ा हुआ; और वह महिमा के बादल में आ रहा है। बादल से ढका हुआ; ना कि छोटा सिर पर बादल। परंतु वह बादल जिसमें वह आता है, महिमा का बादल, उसके सारे स्वर्ग दूत उसके साथ हैं। हाल्लेलुय्या! प्रभु! वह इस प्रकार से आ रहा है, महिमा के बादल में आ रहा है।

387 अब, ध्यान दे, जब उन्होंने उसे वहां खड़े देखा। और उसके सम्मुख, वहां मूसा और एलिय्याह प्रगट हुए। ध्यान दे...

388 वह, मूसा का क्या अर्थ था? मूसा, उनका प्रतिनिधित्व कर रहा था जो मर गए थे, और कब्र में सो रहे थे, क्योंकि मूसा मरा और गाडा गया था। कोई नहीं जानता वह कहां गाडा गया। परंतु वह उनका प्रतिनिधित्व करता है जो सो गए थे, जब वह आता है।

389 और एलिय्याह ने उनका प्रतिनिधित्व किया जो बदल गए जिनको मरना नहीं है। समझे? आप वहीं पर हैं। समझे?

390 और पतरस, याकूब, और यूहन्ना बचे हुए; इस्राएलियों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं वहां खड़े हुए कह रहे है, "देखो यह हमारा परमेश्वर है जिस पर हमने विश्वास किया।" यहां आपके एक लाख चवालीस हजार हैं। (आप कहां पर हैं, भाई वुडस? यही हैं।) समझे? आप वही है। पतरस, याकूब, और यूहन्ना; तीन, एक गवाह देने के लिए जब वापस आता है।

391 पहली बात क्या है? पुनरुत्थान, मूसा और (समुच्चयबोधक) एलिय्याह उस पर प्रगट हुआ। देखा? मरे हुओं का पुनरुत्थान, और वे जिन्हें मरना नहीं है, बदल गए थे, और उसकी उपस्थिति में खड़े थे। ओह, प्रभु! और वह वहां खड़ा है, महिमा से भरा।

392 और वहां पतरस, याकूब और यूहन्ना यहूदियों के बचे हुए देख रहे हैं, कह रहे हैं, "यही है वो। वह यही है।" प्रभु के आगमन का यही क्रम

है। इसे समझे? यही है ये, वो पुनरुत्थान। वहां वे थे। ओह, क्या, यह अद्भुत नहीं है?

393 अब, ध्यान दे, उसने केवल यही किया, उसने मानवता का मुखौटा हटा दिया और महिमा युक्त वाली अवस्था में आ गया। समझे? उसने अपना ढंग बदल दिया।

394 अब, तीन लोग नहीं—नहीं, जैसे कि वे आज कहने का यत्न करते हैं, नामधारी। ओह, भाई! तीन लोग नहीं, तीन नहीं। बदल गए! तीन जन नहीं, परंतु एक ही व्यक्ति के तीन बदलाव। ओह, प्रभु! भला हो! एक समय, पिता के समान प्रकट हुआ; उसने मुखौटा उतारा, वह एक पुत्र था; अब वह देह का मखौटा उतारता है, और वह पवित्र आत्मा है। तीन ईश्वर नहीं; एक ही परमेश्वर के तीन बदलाव। ओह, प्रभु का नाम धन्य हो! एक ही व्यक्ति के तीन बदलाव। समझे?

395 अब, जब वह पृथ्वी पर था, वह आग का खंभा था, इस्राएल के बालकों का मार्गदर्शन किया। यह ठीक बात है? तब वह शरीर बना था, परमेश्वर के पुत्र में ताकि समस्त मानव जाति के लिए शरीर में, मृत्यु को चखे, एक प्रायश्चित बना। आप इसका विश्वास करते हैं? अब आज वह क्या है? वही यीशु। वही (क्या?) कल, पितृत्व में; वही पुत्रत्व में; वही यहां पवित्र आत्मा के रूप में, वही ज्योति।

396 पौलुस, दमिश्क के मार्ग पर, एक ज्योति के द्वारा नीचे गिराया गया। और कहा, "प्रभु, तू कौन है? "

कहा, "मैं यीशु हूं।" हू–हुह। यह ठीक बात है।

397 यह क्या है? तीन बार उसने उसका मुखौटा उतारा।

398 आग के खंभे से, अपना मुखौटा उतारा, और बन गया (क्या?) एक मनुष्य, कि पापों को ले जाए।

399 फिर अपना मुखौटा उतारा, एक मनुष्य के सामान, और फिर से वापस आत्मा हो गया, पवित्र आत्मा कहलाया; मनुष्य का आत्मा, कि वापस आए और आप पर रहे, और आप में, और उन्हीं कार्यों को करे। हुंह! कलीसिया, क्या आप देखते हैं? इस विषय में कुछ भी अनिश्चित नहीं है। "जो कार्य मैं करता हूं, तुम भी करोगे। क्योंकि मैं तुम्हारे संग होऊंगा, और तुम्हारे अंदर समाप्ति के अंत तक... ? ... दूसरे शब्दों में संसार के अंत तक, समय के अंत

तक, सब वस्तुओं के अंत तक। मैं ठीक तुम्हारे साथ होऊंगा, उन कार्यों को करते हुए।" अब, इस विषय में कोई अनिश्चितता नहीं है।

400 परंतु आप सुनते हैं कि कुछ कहते हैं, "आपको एक प्रेसबीटेरियन होना चाहिए। आपको एक मैथोडिस्ट होना ही चाहिए। आप... हम बैपटिस्ट के पास ये है। पेंटीकोस्टलस के पास ये है।" वे सब गलत है। यह झूठे हैं। यह निश्चित नहीं है। पेंटीकोस्टल के पास ये कैसे हो सकता है, पेंटीकोस्टल नामधारी, जबकि उनमें लगभग तीस विभिन्न संस्थाएं है? कौन सी वाली है वह? मैथोडिस्ट के पास कैसे हो सकता है, और जबी वहां प्रिमिटिव है, और फ्री मैथोडिस्ट है, और मैंथोडिस्ट समय मैंथोडिस्ट समय मैंथोडिस्ट? और साठ कुछ मैं सोचता हूं, बैपटिस्ट के विभिन्न संस्था है, और बहुत सारी कैथोलिक के विभिन्न संस्थान है, और आदि–आदि। वे सब कहां पर है? यह कौन सा वाला है? यह अनिश्चित स्वर है।

401 परन्तु जब आप उसे सुने, "मैं कल, आज, और सदा एक सा हूं," यह एक निश्चित स्वर है।

402 इसलिए कौन जानेगा कि स्वयं को कैसे तैयार करें यदि तुरही एक अनिश्चित स्वर को देती है? यह क्या है? कहां हो सकता है, वे कैसे हो सकते है? वह यह कैसे कर सकता है, जब कि नौ सौ विभिन्न संस्थाएं है? तो ठीक है। वे इसे नहीं कर सकते।

403 जब उसने प्रेरित 2:38 में कहा, "तुम से प्रत्येक जन, प्रायश्चित करें, और यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा ले अपने–अपने पापों की क्षमा के लिए," इस विषय में कोई अनिश्चितता नहीं है, "तुम पवित्र आत्मा का दान पाओगे।" ना की, "हो सकता है आप आओगे; संभव है आपको होना चाहिए।" परंतु, "आप आओगे।" कब? जब आपने प्रायश्चित किया। अब, आप वहां बिना प्रायश्चित के जा सकते हैं, और आप ये नहीं पाएंगे। परंतु जब आपने पूर्णतः प्राश्चित किया और प्रभु यीशु मसीह पर विश्वास किया है, तो आपको ये मिलने वाला है। कोई भी अनिश्चितता नहीं है। "आप पवित्र आत्मा का दान पाओगे।" यह ठीक बात है?

404 जब उसने कहा, "यदि वे बीमारों पर हाथ रखेंगे, वे चंगे हो जाएंगे। तुम मेरे नाम से जो भी मांगोगे, मैं वह करूंगा।" कुछ भी अनिश्चित नहीं है। यह निश्चित है। ये चिन्ह, "मैं तुम्हारे संग होऊंगा।"

405 अब आप कहते है, "तो, हमारी कलीसिया इस प्रकार की बातों में विश्वास नहीं करती।" भाई, यह अनिश्चित स्वर है।

406 बाईबल ने कहा। उसने स्वयं कहा, "मैं तुम्हारे संग होऊंगा। और वे कार्य जो मैंने एक बार किए, मैं सदा तुम्हारे में करूंगा; और मैं तुम्हारे संग होऊंगा, संसार के अंत तक। और वे जो मुझ पर विश्वास करते हैं, जब उनके हाथ उन पर रखे जाते है, यदि वे बीमार है, वे चंगे हो जाएंगे। वे हो जाएंगे।" ना कि "हो सकता है वे हो जाएंगे।"

407 "जोन्स ने किया, परंतु जॉनसन ने नहीं किया।" इस बात का इससे कोई लेना–देना नहीं है। यदि जॉनसन, जोन्स के समान विश्वास करता है, तो वह भी चंगा हो जाता है। यह ठीक बात है?

408 कुछ भी अनिश्चित नहीं है। कुछ भी अनिश्चित नहीं है। "वह जो मेरे पास आता है, मैं उसे कभी भी बाहर ना निकालूंगा।" कुछ भी अनिश्चित नहीं है।

409 "अच्छा, अब, हो सकता है, वह मुझे स्वीकार ना करें।" ओह, तुम बेचारे बहकाए गए!

410 सुनिए। उसके दास के समान, मैं आपको बता दूं। उसके पास कोई नहीं आ सकता परंतु जिसे वह स्वीकार करेगा। "यदपि तुम्हारे पाप अग्रवानी हो, वे बर्फ के समान सफेद हो जाएंगे।" कुछ भी अनिश्चित नहीं, "मैं उसका भाग क्षमा कर दूंगा, हो सकता है कि तुमने *ऐसा* किया हो; और तुमने *वैसा* किया हो, और तुम्हारे विरुद्ध रोक लूंगा।" "तुम बर्फ के समान सफेद होगे।"

411 "भाई, वह मुझे जो मैंने अपने पति के विरुद्ध किया है वह क्षमा नहीं करेगा, जो मैंने अपनी पत्नी के विरुद्ध किया है, और अपनी बहन से किया है, जो मैंने अपने भाई से किया है, जो मैंने किया।"

412 मैं चिंता नहीं करता कि आपने क्या किया। कुछ भी अनिश्चित नहीं है। वह सारी बातें क्षमा कर देगा। "यदपि वे अग्रवानी लाल रंग के भी हो, वे ऊन के समान श्वेत हो जाएंगे।" कुछ भी अनिश्चित नहीं है।

413 "प्रायश्चित करें, और पापों के मोचन के लिए तुम में से, प्रत्येक यीशु मसीह के नाम का बपतिस्मा ले, तो तुम पवित्र आत्मा का दान पाओगे। यह प्रतिज्ञा तुमसे और तुम्हारी संतानों से, और उन दूर–दूर के लोगों से हैं," अब इस पर ध्यान दें, अब आप त्रिएकता वाले ध्यान दें, "जितनों

को प्रभु हमारा परमेश्वर बुलाएगा।" वही नुस्खा, यह सारी पीढ़ियों में कार्य करेगा–...

414 ना कि, "ये संभव है। यह—यह बदल डालेगा, कुछ देर पश्चात, 'पिता, पुत्र, पवित्र आत्मा में।'" तुम बेचारे भ्रमित शिक्षकों।

415 परमेश्वर बदल नहीं सकता। वह अनंत है। नुस्खा हर बार कार्य करता है, जिसे कि आप सही विधि से देते है। जी हां, श्रीमान! अब, "प्रायश्चित करे, पापो के क्षमा के लिए यीशु मसीह के नाम के में बपतिस्मा ले, तुम पवित्र आत्मा का दान पाओगे। क्योंकि यह... "

क्या? यह नुस्खा यह बपतिस्मा इस प्रकार का बपतिस्मा, यह पवित्र आत्मा, यह वही सामर्थ! ना कि बस हाथ मिला कर, कहे, "मैं एक नया पन्ना पलटुंगा और–और अच्छा करूंगा।" नहीं, श्रीमान! "तुम पवित्र आत्मा के दान को पाओगे। और परमेश्वर की सामर्थ आप पर आएगी, अपने मार्गों को बदलें, अन्य भाषाओं में बोले बीमारों पर हाथ रखे, प्रेत आत्माओं को निकाले, वैसे ही करें जैसे उन्होंने किया।"

कितनों के लिए? कब तक?

416 "शिष्यों के अंत तक।" यदि आप यह कहते हैं तो आप झूठे भविष्यवक्ता हैं। यदि आप यह कहते हैं तो आप झूठे शिक्षक हैं।

417 क्योंकि, "यीशु मसीह," बाईबल हमें यह सिखाती है, "वह कल, आज, और सर्वदा एक सा है।" और चेलो ने यहां कहा, कि, "यह प्रतिज्ञा तुमसे और तुम्हारी संतानों से और जो दूर–दूर है, उनसे, यहाँ तक कि... " इसे मेरे साथ कहे: "... यहाँ तक जितनों को प्रभु हमारा परमेश्वर बुलाएगा।" कितनो को? हर युग में, हर पीढ़ी में, हर रंग, हर मत सिद्धांत, वह चाहे जो हो, जितनों को परमेश्वर बुलाएगा। और यदि परमेश्वर ने आपको बुलाया, वह आपको बपतिस्मा लेने की आज्ञा देता है, यीशु मसीह के नाम में, और पवित्र आत्मा पाओ, तब मसीह स्वयं आप में वास करता है। और कोई अनिश्चित स्वर नहीं है, इसमें कोई अनिश्चितता नहीं है। आपके पास बाईबल है। ओह, आप इस पर स्थिर है। आप इस पर जीवित रह सकते हैं। आप इस पर मर सकते हैं। आप इस पर उठेंगे। महिमा हो! यह परमेश्वर का वचन है। व्यूह! प्रभु!

418 जैसे रिबिका ने ऊंट को पानी पिलाया, वही ऊंट जिसे पानी पिलाया, वह उसी पर सवार हुई, ताकि उसे दुल्हन से भी मिलाए। वही परमेश्वर

जिसके विषय में हम प्रचार करते हैं, वही वचन जो परमेश्वर है, वही परमेश्वर जो वचन में है, हमें किसी दिन उठाएगा, पवित्र आत्मा के बपतिस्मे के द्वारा। और हमारे आलोचक उसी सामर्थ के द्वारा मारे जाएंगे जो आपको महिमा में उठाती हैं। ओह, प्रभु! उठे और इस पर सवार हो जाए।

आप लोग जो बीमार है, आप परमेश्वर का अविश्वास ना करें।

419 क्या लियो और वे... मैं नहीं जानता कि... क्या आपने कोई प्रार्थना पत्र दिए? क्या कोई प्रार्थना पत्र बांटे गए? बिली आज प्रातः नहीं आया। उसे—उसे कल जुकाम हो गया। और वह—वह... तो ठीक है। अब क्या? हमें—हमें इसकी आवश्यकता नहीं होगी। हमें इसकी आवश्यकता नहीं होगी। सुनिए।

420 क्या विश्वास करते हैं कि जो मैंने प्रचार किया है सत्य हैं? आप अपने पूरे हृदय से विश्वास करते हैं? क्या यह स्वर आपके लिए निश्चित है?

421 यह स्वर कैसा है? पहला अधिकार यीशु ने दिया, मत्ती 10 में, अपनी कलीसिया को, "तुम जाओ, और ये... " और मैं इसे पढ़ नहीं रहा हूं। मैं बस इसका उल्लेख दे रहा हूं, मत्ती 10। मैं इसे यहां पर पा सकता हूं। "उसने अपने बारह चेलों को एक साथ बुलाया, और अशुद्ध आत्माओं पर अधिकार दिया, कि प्रेत आत्माओं को बाहर निकाले, बीमारों को चंगा करें, और मृतकों को जिलाए, और प्रेत आत्माओं को बाहर निकाले, कोढियो को चंगा करें।" क्या ठीक बात है? लोगो को विश्वास करवा लेने के द्वारा, तब उन पर हाथ रखे। लोगों से इसका विश्वास करवा ले, तब उन पर हाथ रखें। लोगों से इसका विश्वास करवाते हुए, उन पर हाथ रखते हुए। यह उसने पहला अधिकार दिया तब उसने अपने सत्तर को भेजा?

422 उसने अन्तिम अधिकार क्या दिया था? मरकुस 16, हमारे प्रभु के होंठों से अंतिम शब्द जो निकले, जब उसने अपनी कलीसिया को अधिकार दिया। "सारे जगत में जाओ, हर एक प्राणी को सुसमाचार प्रचार करो। वो जो विश्वास करें बपतिस्मा ले और वह उद्धार को पाएगा। वो जो विश्वास ना करें दोषी ठहराया जाएगा।"

423 अब स्मरण रखे, "वह दण्डित हो सकता है? उसको एक अवसर मिल सकता है? " उसे पृथ्वी पर एक भी अवसर नहीं मिलेगा। इस विषय में कोई अनिश्चित स्वर नहीं है। यदि वह विश्वास नहीं करता है, वह दण्डित होगा।

424 अब उनके द्वारा किस प्रकार के चिन्ह होंगे? ये चिन्ह, "अच्छा, उनमें से कुछ के द्वारा ये होंगे; संभव है यह होगा; हो सकता है ये होगा"? यह उनके चिन्ह होंगे। वे चंगाई में विश्वास करेंगे। वे प्रेत आत्माओं के निकालने में विश्वास करेंगे। वे अन्य भाषाएं बोलने में विश्वास करेंगे। ओह, वे परमेश्वर के सारे अलौकिक कार्यों का विश्वास करेंगे, जीवित हो उठा यीशु उनके साथ कार्य कर रहा है। क्या यह सत्य है? क्या ये परमेश्वर के अंतिम शब्द हैं? वो जो जोड़ने का यत्न करे, श्रापित हो, या इसमें से निकाले। यह उसी प्रकार से है, जैसा है।

425 क्या पेंटीकोस्टल कलीसिया शोर करने वाली कलीसिया नही थी, आरम्भ में जब पहले पहल पवित्र आत्मा उतरा था? कुंवारी मरियम, जैसे कि वह नशे में थी, परमेश्वर की सामर्थ में लड़खड़ा रही थी, और वे सारे इसी प्रकार से। और लोगों ने कहा कि, "यह नई मदिरा के नशे में है।" इसी प्रकार से कलीसिया का अभिषेक किया गया था। इसी विधी से हर कलीसिया का अभिषेक किया गया है। हर समय परमेश्वर के पास एक कलीसिया होती है, यह उसी प्रकार की कलीसिया होगी, क्योंकि इसके पास अनिश्चित स्वर नहीं है।

"अच्छा! भाई, हमारे बिशप ने कहा... "

426 मैं चिंता नहीं करता बिशप क्या कहता है। वचन ने क्या कहा! समझे? बिशप का स्वर अनिश्चित है। यदि उसका स्वर वही स्वर दे रहा है जो यह है, तो वो ठीक है। और तब यदि कलीसिया वैसा व्यवहार नहीं कर रही है, जैसा यह, तो वह गलत है। यदि आप कहते है आपके ये पास है, और इसने वैसा व्यवहार नहीं किया, तो फिर कोई गड़बड़ है। क्योंकि, इसने ठीक यही है जो इसने कहा है, "हर एक जन।" अब, वहां... वहां पर घर पहुंचने के बाद...

427 फिलिप्पुस वहां गया, सामरियो को प्रचार किया। उन पर हाथ रखा, पौलुस आया या... पतरस वहां आया, उन पर हाथों को रखा। उन्होंने पवित्र आत्मा पाया, वही कार्य को किया जो उन्होंने आरंभ में किये थे।

428 कुरनेलियस के घर पहुंचा, और सारे अन्यजाति वहां पर थे, वे यूनानी, और आदि–आदि। उन पर हाथों को रखा, उन्होंने पवित्रआत्मा पाया जैसा उन्होंने आरंभ में पाया था।

429 मैं आपको कुछ बताऊं। आप जानते हैं, मैं मिशनरी हूं, जैसा... अब, मैं विश्वास करता हूं मिशनरी वह व्यक्ति होता है जो जाता और आता है। वह एक मिशनरी है। यदि आप वहां ठहरने को जाते हैं, वे उसे मिशनरी कहते हैं; परंतु वह एक भूमि बसाने वाला है, आप बस अपना वास स्थान बदलते हैं। समझे? यह मिशनरी नहीं है। एक मिशनरी, की–... पौलुस एक मिशनरी था; वह टिका नहीं। वह बस बढ़ता, बढ़ता, बढ़ता ही रहा, एक मिशनरी। निवास नहीं बदला; बस आगे बढ़ता रहा, एक मिशनरी।

430 अब, मिशनरी क्षेत्र में, मैं आपको बताऊंगा वहां अफ्रिका के उस—उस सबसे नीचे के क्षेत्र में, वहां छोटे जंगल में रहने वाले, और यहाँ तक उनको लंबे समय से यह भी मालूम नहीं था कि वे मनुष्य है या नहीं। अग्रेजी सरकार ने, जब दक्षिण अफ्रीका को कब्ज़ा किया, आप छोटे से जंगल में जाए और वहां... आप जंगल का आदमी देखेंगे, "बर्रर्र," बन्दरों के झुण्ड के समान हिलता; और चारों ओर देखता, वहां कुछ नही है। और अचानक देखा, मिट्टी में से बाहर आए, देखिए एक काली खोपड़ी चारों ओर देख रही है। समझे? उसने स्वयं के रेत में गाड़ लिया था, और दौड़ कर और जल्दी से मिट्टी खुरच कर, अपने ऊपर डाली। उन्होंने नहीं सोचा कि वे... उन्होंने सोचा कि वे जानवर थे, लम्बे समय से। परंतु आप देखिए कि उन्हें कैसे मालूम पड़ा कि वे—वे मनुष्य हैं? उनके पास कुत्ते थे। और कुत्ता मनुष्य को छोड़ और किसी के साथ नहीं रहता। देखा? उन्हें मालूम पड़ा कि वे मनुष्य थे।

431 और उनमें से एक व्यक्ति को ले, और उन में से एक उस—उस बसुटोस, शेनगन, एक्होसस, किसी भी एक जाति को ले, यह भी नहीं जानते कौन सा उल्टा और सीधा हाथ है, हमेशा ही कुछ तो, "ब्ला, ब्ला, ब्लु," आप समझते है, इस प्रकार से बातें करते हैं। और नंगी स्त्रियां, पुरुष, और सारे। मैं आपको बताता हूं आप क्या करें। आप बस उन पर पवित्र आत्मा को आने दे, और वह वही चीज करेगा जो आप ठीक यहां करते है जब पवित्र आत्मा पर आता है। इस विषय में कोई अनिश्चित स्वर नहीं है। उसने अन्य भाषा में बोलना ऐसा अपने जीवन में कभी नहीं सुना, और देखिए, और यहां आपके लिए अन्य भाषा में बात करता है।

432 परंतु यहां अनुवाद करने वाला खड़ा है, यह व्यक्ति वहां खड़ा है और कहता है, "ब्ला? (आप बचना चाहते हैं?)"

"ब्ला–लुह। (हां।)"

"क्या कोई वहां ऊपर है... (आह–ब्ला, ब्ला, ब्ला, ब्ला?)"

"अपने हाथ उठाए और इसे प्राप्त करें। (आह–ब्ला।)"

433 अच्छा, अच्छा, ओह, प्रभु! यहां वह जाता है, भाषाओं में बोलता है; जो कभी नहीं सुनी, इस विषय में कुछ नहीं जानता। इस विषय में कोई अनिश्चितता नहीं है। यह यीशु मसीह कल, आज, और सर्वदा एक सा है। उस पर ध्यान दे। वह सीधा गोत्रो में जाएगा और बीमारों के लिए प्रार्थना करने को जाएगा। आपको उसे नहीं बताना है।

434 और हम अमेरीकन स्त्रियां, आप कलीसिया के सदस्यों में। मैं आपसे यहां अधिक बातें नहीं कर रहा हूं। आप जानते हैं कि, यह टेप हो गया। आप कलीसिया के सदस्य, जो छोटे–छोटे कपड़े पहने है, और जिस प्रकार से आप लोग चल रहे है। हर वर्ष तुम थोड़ा और उतार देते हो, जो आपके छोटे कपड़े थे, तब छोटे में छोटा, और फिर छोटे में छोटा छोटे से छोटा, और सब इस प्रकार से। तुम बेचारे भ्रमित कलीसिया के सदस्यों, तुम उन से जो अफ्रीका में है, तुम उससे भी बदतर हो; जब उस दिन वे स्त्रियां जब वहां खड़ी थी, जब एक ही बार में तीस हजार ने मसीह को अपना व्यक्तिगत बचाने वाला स्वीकार किया। और आपने गायन मण्डलीयो में गाया, और बाहर अपने छोटे–छोटे कपड़े पहन रखे थे, कि वहां नीचे घास काटे। तो आप उनसे भी बदतर थे। आप... वे न्याय के दिन उठ खड़े होंगे और आपको लज्जित करेंगे।

435 मैंने वहां स्त्रियों को खड़े हुए देखा, नंगी थी, कुछ भी नहीं पहना था उनके सामने की ओर एक चिथड़ा था इस प्रकार से। और ऊपर उनके यहां उनका—उनका छाती का भाग, उस पर कुछ नहीं था। और केवल एक छोटा पट्टा लगभग चार या छह इंच का, एक—एक छोटा सा उनकी कमर के चारों ओर *इस* प्रकार से, और उनके सामने के भाग में लटक रहा था। और पुरुष भी, वहां पूरे नंगे खड़े थे। और उल्टा और सीधा हाथ भी नहीं मालूम। और जैसे ही पवित्र आत्मा की सामर्थ आई, उन स्त्रियों ने अपने हाथों को बांध कर ढांक लिया; और उनके छाती को ढांकने के लिए कुछ नहीं था; लज्जा में अपने हाथों को बांध कर ढांक लिया और चली गई। और अगले दिन उन्होंने कपड़े पहने हुए थे। हाल्लेलुय्या! वहां—वहां—वहां इस विषय में कोई अनिश्चितता नहीं थी।

436 पवित्र आत्मा आपको कपड़े पहनवाता है। आप... सभ्य व्यवहार करने को लगाता हैं। इस विषय में कोई अनिश्चितता नहीं है। क्या आप उसे नहीं चाहते? क्या आप किसी ऐसे की सेवा नहीं करना चाहते, प्रभु यीशु? इन अनिश्चित स्वरों से अलग हो जाएं।

437 ओह, आप छोटी सी लोकप्रिय चीज हैं, हां, सब पक्का हो गया, और सब कुछ। आप सोचते हैं कि आप लोकप्रिय है। परंतु, प्रिय, आप मर रहे हैं। आप सोचते हैं आप जी रहे है, और आप मर रहे हैं। बाईबल ने कहा, "जो स्त्री सुख विलास में जीती है, वह जीते जी मरी हुई है।" यह बाईबल ने कहा। यह अनिश्चित स्वर नहीं है। कहा, "वह मरी हुई है।" यह ठीक बात है। इसके लिए यह कोई अनिश्चित स्वर नहीं है। यह निश्चितता है, भाई।

438 परमेश्वर एक पवित्र परमेश्वर है। और जब मनुष्य पवित्र आत्मा से जन्म होता है, तो वह एक—वह एक उम्मीदवार है। वो केवल वही नहीं है, परंतु वह एक राजा है, वह एक राजकुमार है। वह दूसरे राष्ट्र से है। उसका राज्य ऊपर है। वह परमेश्वर के सामर्थ से भरा हुआ है, परमेश्वर की उपस्थिति से। जो स्त्री ऐसा करती है, कपड़े पहनती है। पुरुष भली प्रकार से जीता है और अपनी पत्नी के लिए सच्चा है। पत्नी सच्ची रीति से जीती है और अपने पति के लिए भली है। वे संसार का कुछ भी नहीं चाहते। उनका प्रेम वहां ऊपर की चीजों पर स्थिर है। वे संसार की चीजों के लिए मर गए है। वे मसीह में नई सृष्टि हैं। और वे पवित्र जीवन जीते हैं; ना कि वे पवित्र है, परंतु पवित्र आत्मा उनको चलाता है। उनके पास अपने विचार नहीं है। पवित्र आत्मा उनमें कार्य करता है। यही कारण है वे उन्मादीयो के समान संसार के लोगों से व्यवहार करते हैं, क्योंकि वे दूसरे राज्य के एक—एक आत्मा के द्वारा चलाए जाते हैं।

439 ओह, मैं जानता हूं, मित्र एक समय मैं खोया हुआ था, परंतु अब मैं ढूंढा गया हूं। मैं उन चीजों के लिए अंधा था, परंतु अब मैं देखता हूं। मेरे ह्रदय को भय मानना सिखाया गया है। यह अनुग्रह था कि मेरा भय निकाला गया। उस अनुग्रह ने मेरे लिए कितना कीमती कार्य हुआ जिस घड़ी वह प्रगट हुआ मैंने पहले विश्वास किया, जब मैं मसीह के पास आया!

440 अब बंद करते हुए। उद्धार और चंगाई दोनों के लिए, मैं इन वचनों को कहता हूं बस एक मिनट के लिए।

441 पॉल रेडर मेरा एक मित्र था। मैंने उसे बस थोड़ा सा जाना। मैं बस एक लड़का ही था, उसके पैरों के पास बैठा; एक महान सेवक जो यहां अधिक समय नहीं हुआ कैलिफोर्निया में मर गया। और जब वह मर रहा था... उसे कैंसर हुआ था, और वहां कैलिफोर्निया में मर रहा था। अब वहां आराधनालय में ओ. एल. जगर्स है, वह वहां पर था। वह बूढ़ा... बस, मैं भूल गया उसका तब क्या नाम कहलाता था, परंतु अब यह वर्ल्ड चर्च है। पॉल रेडर्स का पुराना आराधनालय, और यह एल्डोराडो गली से हटकर है, जैसा कि आप ऊपर की ओर जाते हैं, मैकफर्सन के अराधनालय को पार करके, बस सड़क पार पार्क में। अब, और जब पॉल रेडर उसकी सेवकाई कर रहे थे, वे वहां पर गए, और जब वह था...

442 मरने से पहले, उसने अपना हाथ एक भाई के कंधे पर रखा, जिसे मैं वास्तव में भली प्रकार जानता हूं, एरन बक्सटर का मित्र, और कहा, "यदि मैं अपने अनुग्रह का संदेश को लेकर और उसे जोश से भरे पेंटीकोस्टलो को बेचता, और बजाए इसके कि तुम बैपटिस्टो के झुण्ड के साथ यत्न करते हुए मूर्ख बनता, तो मैं आज जीवित रहता। परन्तु," कहा, "तुमने मुझे चिंतित कर दिया, और मैं इतना टूट गया, और ऐसे असमंजस में हूं, इतना तक कि मैं अब मर रहा हूं।"

443 इसलिए जब वह वहां कमरे में लेटा हुआ था, उन्होंने वे—वे पर्दे और चीजें गिरा दी, और वे वहां खड़े हुए गा रहे थे, *मेरे परमेश्वर के समीप, तेरे पास।* और वह हास्य प्रवृत्ति का था। उसने कहा, "कौन मर रहा है, मैं या तुम? तुम्हारे स्वर ऐसे हैं कि तुम मुझसे अधिक मर रहे हो," उसने कहा। उसने कहा, "ऐसा मत करो। मेरे लिए कोई वास्तव में तेज गाने गाओ।" एक छोटी गायन मण्डली मुडी बाईबल संस्था से थी उन्होंने गाना आरंभ किया *क्रूस ही के पास जहां मेरा बचाने वाला मरा।* उसने कहा, "यह सुनने में अच्छा लगता है। परमेश्वर की स्तुति हो!"

444 कहा, "लूका कहां है?" और लूक और पॉल एक साथ रहा करते थे, बिल्कुल जैसे मैं और बिली, मेरा बेटा। वे भाई थे, और वे एक संग हुआ करते थे। कहा, "लूक कहां है?" और लूक अपने भाई को मरता हुआ नहीं देखना चाहता था, और वह अस्पताल में अगले कमरे में था। कहा, "जाकर उसे ले आओ, और उसे यहां आने के लिए कहो।"

445 और जब वह वहां आया जहां पॉल था, पॉल ने बढ़ कर उसका हाथ पकड़ लिया। और लूक ने अपना मुंह घुमाना चाहा। उसने कहा, "लूक हम दोनों बहुत सी कठिन लड़ाईयों में एक साथ रहे है। भाई, क्या हम नहीं रहे? "

446 कहा, "हां, हम रहे। इन वर्षो में भाई, हमने परिश्रम किया है। यह ठीक बात है, बहुत सी कठिन लड़ाईयां।"

447 परंतु कहा, "लूक, इस पर सोचो। अब से पांच मिनट के अंदर मैं यीशु मसीह की उपस्थिति में खड़ा होऊंगा, उसकी धार्मिकता को पहने हुए।" अपने भाई का हाथ दबाया, फिर मर गया। इस विषय में कुछ भी अनिश्चित नहीं है। वह जिस मार्ग पर जा रहा था उसे जानता था। वह जानता था। उसे पवित्र आत्मा का बपतिस्मा मिला था, उसके जीवन में परमेश्वर की सामर्थ थी।

448 वह लकड़हारा हुआ करता था, और उसने पेड़ आदि काटे थे।

और कहा...

449 वह मिशनरी भी था, जैसे कि मैं समुद्र पार जाता हूं। और वह और लूक, और वे एक टापू पर थे, उन्हें काले पानी का बुखार हो गया था। यदि कोई जानता है कि यह क्या है, यह तुरंत मृत्यु है। और यह वास्तव में बुरा है। इस प्रकार से, उसे काले पानी का बुखार हो गया। यह पीछे जंगल में था, जहां कुछ भी नहीं था। वह और उसकी प्रिय छोटी पत्नी वहां थी। जानते हैं उसने कैसे कहा... मैंने आपको कहानी सुनाई है, उसने कैसे कहा, "अंतिम बार, इसकी अनुभूति हुई, जब पत्नी ने उसे चुंबन किया अलविदा।" इस प्रकार से वे वहां वापस आ गए थे। और यह कमरे में अंधकार और अंधकार होता जा रहा था, उसने कहा वह जानता था, कि वह जा रहा था, या उसने सोचा था।

450 उसने अपनी पत्नी को बताया, कहा, "प्रिय, यहां पर इतना अंधेरा हो रहा है।" कहा, "मैं मरने जा रहा हूं।"

451 और उसने कहा, "ओह, पॉल। पॉल।" और वह उसने मुख के बल गिर पड़ी और दोहाई देने लगी।

452 कहा, "प्रिय, दुहाई देती रहो। मुझे मुझे... परमेश्वर की दुहाई देती रहो, और मुझे तुम्हारी आवाज सुनने दो। कोई और प्रार्थना करें। मैं और प्रार्थना नहीं कर सकता।" कहा, "जबकि मैं मर रहा हूं, मैं यह सुनना चाहता हूं।"

453 और वह परमेश्वर की दुहाई देती रही "ओह परमेश्वर, इसे ना मरने दे। उसका कार्य अभी समाप्त नहीं हुआ है। लगातार... " चिल्लाती रही, "हे परमेश्वर, पॉल को ना मरने दे।" वह उसके ऊपर गिरी पड़ी थी, इस प्रकार से।

454 अंधेरा और अंधेरा होता गया। कहा, "प्रिय, ये अंधेरा और अंधेरा, और अंधेरा, और अंधेरा हो रहा है।"

455 अंत में, वो चला गया। उसने कहा, "जब मैं मर गया, मैंने स्वप्न देखा कि मैं फिर से युवा पुरुष हो गया हूं।" कहा, "मैं वहां पर जंगल में था," वहां ओरेगोन में जहां से वह आया था। कहा, "मैंने एक पेड़ गिराया था। स्वामी ने कहा, मुझे बताया, 'पॉल वहां पहाड़ की चोटी पर जाओ, और मैं चाहता हूं कि तुम विशेष पेड़ काटो, और इतना, और तब हमें कुछ लट्ठे बनाने हैं।'"

456 और कहा उसने कहा, "ठीक है, स्वामी।" और कहा वह उनकी गंध ले सकता है, यह कितना ताजा था; और कितना अच्छा लगा। कहा वह जंगल में इस प्रकार में से भाग रहा था। और उसने अपनी कुल्हाड़ी ली, और कहा वह अनुभव कर सकता था कि वह पुरानी कुल्हाड़ी कैसे कोमल देवदार को काट रही है, आप ओरेगोन के देवदार जानते हैं। और कहा, और जब वह वहां पहुंचा... आप जानते है, नीचे दक्षिण में, उनके यहां वही पेड़ है, यह बहुत कठोर होते हैं। आप ऊपर, ऊपर उत्तर में जाएं, और जितनी अधिक ठंड होती जाती है, लकड़ी उतनी ही कोमल होती जाती है। कहा वह ढूंढ़ सकता था... कहा उसने अपनी कुल्हाड़ी ली, और उस बड़ी दोहरी कुल्हाड़ी से, और उसमें से उसकी सारी डालियां तोड़ दी। कहा उसने कुल्हाड़ी उस पर चलाई, कहा, "अच्छा, मैं इसके साथ नीचे पहाड़ से उतरूंगा।"

457 उसने इसे पकड़ लिया, और कहा वह इसे नहीं उठा सकता। वह इसे नहीं उठा सकता। उसने कहा उसने यत्न और यत्न किया। उसने कहा उसे स्मरण आया उस व्यक्ति कि जो पीछे था सबसे अच्छी मांस पेशियां थी। इसलिए उसने कहा, अपने दोनों घुटने एक साथ जोड़ें ताकि वे चिर ना जाए, और वह उस पर झुका और उसे पकड़ लिया। और घुटने को लिया, पैरों के पीछे की मांस पेशियां, यहां से, पैरों की पिंडली, अपने हाथ में, अपनी पीठ में, अपनी सारी मांस पेशियां इसके लिए लगा दी। और कहा

उसने खींचा, और खींचा, और बस वह नहीं कर सका। कहा वह बस थक गया, जब तक वह यत्न और यत्न करता रहा। कहा कि, "यह लट्ठा वहां नीचे ले जाना था। मुझे बस करना था। स्वामी ने नीचे लाने की आज्ञा दी थी। मुझे नीचे लेकर ही जाना था। क्यों," कहा, "अक्सर... मैं नहीं जानता मेरी सारी शक्ति कहां चली गई थी। जिससे मैं इसे अपने कंधे पर रख सकता था और इसके साथ चला जाता है," कहा, "परंतु मैं इसे ऊपर नहीं उठा सका।" उसने यत्न किया, और यत्न किया, और यत्न किया। उसने कहा वह यह नहीं कर सका। उसने स्वयं को थका लिया।

458 कहा वह पेड़ के सामने गिर पड़ा। उसने कहा, "हूंह, हूंह, हूंह! मैं बस थक चुका हूं और मैं थक चुका हूं। मैं थक चुका हूं और थक चुका हूं, इतना तक कि मैं आगे नहीं बढ़ सकता। और मुझे... यह लट्ठा वहां नीचे ले ही जाना है, परंतु मैं नहीं जानता कि कैसे यह कर सकता हूं। मैं इसे नहीं उठा सकता।" कहा, वहां बैठे हुए, इसलिए उसने कहा, "मैं नहीं जानता कि क्या करूं।"

459 और कहा उसने उसकी आवाज सुनी, कि उसका स्वामी कहता है, "पॉल," और उसने कहा यह इतना मीठा स्वर था जो उसने कभी नहीं सुना।

460 और कहा, "जब मैं देखने के लिए घूमा," कहा, "तो यह मेरा स्वामी नहीं था, परंतु वह मेरा वास्तविक स्वामी था।" कहा, "यह यीशु था।"

461 उसने कहा, "पॉल, तू इससे किसलिए थक रहा है?" कहा, "तू देख कि वह पानी की धार जा रही है?" कहा, "वह धार ठीक शिविर के साथ से जाती है।" कहा, "तू क्यों नहीं इसे पानी में ढकेल देता है और इस पर सवार हो जा, नीचे चला जा?"

462 इसलिए उसने कहा उसने लट्ठे को लेकर पानी में लुढ़काया, और उस पर कूद कर बैठ गया; और चिल्लाता हुआ उन लहरों पर चला गया और एक चिल्लाहट ने कहा, "मैं इस पर सवार हूं। मैं इस पर सवार हूं।"

463 और कहा जब वह कमरे में आया, तो उसकी पत्नी उस पर पड़ी हुई प्रार्थना कर रही थी; वह फर्श के मध्य में चिल्लाता हुआ है, कूदा, "मैं इस पर सवार हूं। मैं इस पर सवार हूं।"

464 भाई, इस प्रातः मैं आपको कुछ बता दूं। इस पर परिश्रम ना करें। मैं परिश्रम करने का यत्न नहीं कर रहा हूं। यह आपको आगे और थका

देगा। "क्या मैं एक मैथोडिस्ट हूं? क्या मैं एक बैपटिस्ट हूं? क्या मैं *यह* हूं।" मैंने अभी यीशु को ग्रहण किया है। अनुग्रह से, मैंने उसकी प्रतिज्ञा को लिया है। वह मेरे पास आया, और मैं उस पर सवार हूं। मैं चिंता नहीं करता कि क्या हुआ, या क्या होता है, हम कितनी बार "पागल, या कट्टर कहलाए।"

465 इस प्रातः आपकी चंगाई, जब हम पर प्रार्थना की गई... अब हमारे पास और समय नहीं होगा, एक बजने वाला है, विचारों को परखने की पंक्ति के लिए। हम बीमारों के लिए प्रार्थना करने जा रहे हैं, और... और—और प्रत्येक के लिए यहां प्रार्थना करते हैं। यीशु ने कहा, "विश्वास करने वालों के यह चिन्ह होंगे।" क्या यह ठीक है? "यदि वे अपना हाथ बीमारों पर रख देंगे, वे चंगे हो जाएंगे।" क्या यह ठीक बात है? मैं इस पर सवार हूं। आप इस पर सवार होने के लिए तैयार है?

आइए एक क्षण के लिए हम अपने सिरो को झुकाए।

466 अनुग्रहकारी परमेश्वर। ओह, ये अंतिम दिन, जबकि समय अंधकारमय होता जा रहा है, कलीसिया वचन के चारों ओर लिपटी है। वे नामधारियों के द्वारा झटका दिए गए। प्रभु, वे जानते हैं कि यह ठीक नहीं है। होने पाए वे इसे तोड़ना मरोड़ना बंद करें। संभवतः यहां कुछ ऐसे लोग हैं, इस प्रातः है, जो एक कलीसिया से दूसरी कलीसिया में गए है। एक समय वे मैथोडिस्ट में थे, तब बैपटिस्ट में थे, फिर पेंटीकोस्टल में, फिर चर्च ऑफ गॉड में, फिर एक नाजरीन में। हे परमेश्वर, होने पाए वे ऐसा करना बंद कर दें।

467 प्रभु, होने पाए वे आकर, इस प्रातः इस प्रतिज्ञा पर सवार हो जाए; बस विश्राम, परमेश्वर को उसकी प्रतिज्ञा पर ले, जब उसने कहा, "यदि तुम प्रायश्चित करो, और यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा लो अपने पापों के क्षमा के लिए, तुम पवित्र आत्मा के दान को पाओगे।" परमेश्वर, प्रदान करें कि ये इस प्रातः इस प्रतिज्ञा पर लंगर डाल ले, उसकी भलाई के समुंदर में गिर जाए, हमेशा के जीवन की फुहार, आत्मा का जल। इसे प्रदान करें, प्रभु।

468 होने पाए पवित्र आत्मा, जो कि दौड़, और बह रहा है, इनके द्वारों में, अब ताजगी से, होने पाए ये बस इस धारा में, परमेश्वर की प्रतिज्ञा में उतर जाए, और कहे, "प्रभु, मैं इस पर सवार हूं। यहां मैं आता हूं। मैं इस पर सवार हूं।"

469 होने पाए बीमार और अपाहिज, जो बीमार हैं और नहीं जानते कि क्या करना है, डॉक्टरों ने उन्हें छोड़ दिया है, उन्होंने एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल, एक दरवाजे से दूसरे दरवाजे, जगह–जगह संघर्ष किया है, वे नहीं जानते कि क्या करना है, प्रभु, परंतु जीवन की धारा, इस प्रातः, उनके पास से बह रही है, होने पाए वे मरकुस 16 का वचन ले ले, "यदि वे बीमारों पर हाथ रखे, तो वे चंगे हो जाएंगे।" विश्वासी चंगे हो जाएंगे जब उन पर हाथ रखे जाएंगे।

470 प्रभु, होने पाए इस प्रातः वे केवल इस पर विचार करें, उस पर चढ़ कर, और कहे, "प्रभु, मैं यहां पर हूं। मैं नहीं जानता मैं से कैसे जा रहा हूं, परंतु मैं इस पर सवार हूं। मैं धाराओं में होता हुआ नीचे जा रहा हूं, आनंद करते हुए, जीवन के जल में हाथ मारते हुए, अपने प्राणों में फेंक रहा हूं, और मेरे सिर के ऊपर की ओर, और आपकी भलाई में नहाते हुए, और आनंद करते हुए जैसे कि मैं जाता हूं, जो प्रतिज्ञा आपने कहीं है उस पर सवार, 'वे चंगे हो जाएंगे।'" पिता, इसे प्रदान करें।

अब अपने झुके हुए सिर के साथ।

471 मुझे अचरज है यदि आज प्रातः इस भवन में कोई व्यक्ति है? इस भवन में आज प्रातः कितने हैं, जो नहीं जानते कि मसीह आपका बचाने वाला है, और आप विश्वास करते हैं कि जीवन की धारा आपके पास लाई गई है? आपके पास सब प्रकार की अनिश्चितता का स्वर है। आपने अपना घर धंसने वाली रेत की चीजों पर बनाया हुआ है। आप अनुभव करते हैं कि किसी भी दिन आप मरने जा रहे हैं। आप संसार को छोड़ कर जा रहे हैं। और आप चाहते हैं, आप वास्तव में निश्चित स्वर सुनना चाहते हैं, और आप विश्वास करते हैं कि इस प्रातः आपने इसे सुना है, कि मसीह अब भी आपसे प्रेम करता है। मैं चिंता नहीं करता आप कितने पापी हैं, वह अब भी आपसे प्रेम करता है। और आप चाहेंगे कि मैं आपको अपनी प्रार्थना में स्मरण करूं?

472 और ठीक वहीं जहां आप खड़े हैं। हम आपको यहां वेदी पर नहीं बुला सकते। कोई वेदी नहीं है, क्योंकि बालकों से भरा पड़ा है, और आदि–आदि। परन्तु क्या आप चाहेंगे, आप विश्वास करते है कि आप मसीह को स्वीकार करना चाहते हैं अभी अपने व्यक्तिगत बचाने वाले के समान, और आप चाहते हैं कि आपको प्रार्थना में याद किया जाए? क्या आप

अपने हाथ उठाएंगे। आप कहते, "मैं अब... " परमेश्वर आपको आशीष दे। परमेश्वर आपको आशीष दे। परमेश्वर आपको आशीष दे। परमेश्वर आपको आशीष दे, वहां पीछे–पीछे यहां इधर बीच में। परमेश्वर आपको आशीष दे, यहाँ बीच में। इधर *इस* ओर, परमेश्वर आपको आशीष दे। "मैं अब मसीह को अपना व्यक्तिगत उद्धारकर्ता स्वीकार करता हूं। मैं चाहता हूं कि वह मेरे प्रति भला रहे।" वहां पीछे–पीछे, परमेश्वर आपको आशीष दे। वहां पीछे गलियारे में, देखिए आप पीछे। परमेश्वर आपको आशीष दे। क्या कोई और है? अपने हाथ उठाएं, कोई मतलब नहीं, आप कहां पर है। सिर झुके हैं। युवा महिला, परमेश्वर आपको आशीष दे। वहां पीछे बहन, परमेश्वर आपको आशीष दे। परमेश्वर आपको आशीष दे, पीछे वहां बहन। मैं नहीं...

473 आपने अपना हाथ नहीं उठाया। परंतु गत रात्रि मैं आपके पति से मिलना चाहता था, अस्पताल में, बुरा हाल था; वहां भाई की कलीसिया से। चिंता ना करें। वह ठीक हो जाएगा। प्रभु ने पिछली रात्रि उसे वहां छुआ। मैंने देखा कि उसके साथ क्या गड़बड़ी थी। डॉक्टरो ने चार दिन यत्न किया कि इसे ढूंढे, परंतु उन्हें एक्स–रे से कुछ भी नहीं मिला। परंतु पवित्र आत्मा एक्स–रे से भी अधिक गहराई में जाता है। इसलिए वह... यह ठीक है। अब वह—वह घर में होगा। संभव है वह आज घर आएगा। तो ठीक है।

474 कोई और? हो... वहां पीछे–पीछे, परमेश्वर आपको आशीष दे। "मैं मसीह को व्यक्तिगत बचाने वाला स्वीकार करना चाहता हूं। तो फिर, मैं तैयार होना चाहता हूं। मैं अपने घर की अनिश्चितता को जानता हूं। मैं अपनी नौकरी की अनिश्चितता जानता हूं। मैं अपने जीवन की अनिश्चितता को जानता हूं। मैं नहीं जानता कि मैं किस समय मरने जा रहा हूं। मैं आज मर सकता हूं। मैं नहीं जानता। यह अनिश्चित है। परंतु मैं एक निश्चित स्वर चाहता हूं। मैं विश्वास करता हूं आज मैंने इसे सुसमाचार के द्वारा सुन लिया, कि यीशु मसीह मुझसे प्रेम करता है। और मैं उसको अपना व्यक्तिगत उद्धारकर्ता स्वीकार करता हूं।" कोई जिसने अपने हाथ नहीं उठाए है, और इसे करना चाहते हैं? परमेश्वर आपको आशीष दे। परमेश्वर आपको आशीष दे। तो ठीक है। कोई और अपना हाथ उठाता है, जिसने इसके पहले कभी नहीं उठाया। अपना हाथ उठाएं, "मुझे भाई ब्रंहम, अपनी प्रार्थना में स्मरण रखें।" परमेश्वर आपको आशीष दे। तो ठीक है।

475 स्वर्गीय पिता, वहां एक निश्चित स्वर है जो इन लोगों ने सुना है। बहुत से यहां पर हैं, व्यवहारिक रूप में, बहुत से जिन्होंने इस प्रातः आपको अपना व्यक्तिगत बचाने वाला स्वीकार किया है। अब, पिता, मैं जानता हूं कि यह एक रीति है कि लोगों को सामने वेदी पर लाए, प्रार्थना के लिए; परंतु यह वचनानुसार नहीं है, क्योंकि पवित्र वचन ने कहा, "जितनो ने उस पर विश्वास किया, उन्होंने बपतिस्मा लिया।" इसलिए पिता, मैं प्रार्थना करता हूं ये जिन्होंने आप पर विश्वास किया, कि आपने स्वयं को उन पर प्रगट किया, उस निश्चित स्वर की आवाज, जो कि वे जानते हैं, कि ये आप हैं। और वे आपको अपना बचाने वाला चाहते हैं। उन्होंने अपने हाथ उठाएं, मेरे लिए कि मैं उन्हें प्रार्थना में स्मरण रखूं।

476 हे परमेश्वर, यह जानते हुए कि समय समीप आ रहा है, ज्योतियां अब बुझ रही है। सभ्यता की ज्योति जा रही है। अमेरिका की ज्योति जा रही है। राष्ट्र की—की ज्योति बाहर निकल रही है, क्योंकि संसार की ज्योति भीतर आ रही है। परमेश्वर, मैं प्रार्थना करता हूं, कि आप उन्हें यह महान ज्योति स्वीकारने देंगे। हम अनुभव करते हैं कि ज्योति की उपस्थिति में कोई अंधकार नहीं टिक सकता। ज्योति अंधकार से बहुत ही अधिक सामर्थी होती है।

477 और उन्हें मालूम पड़े कि लगभग–... दस घंटों पहले, यह भवन ऐसा अंधकारमय था जितना हो सकता है, आप एक कुर्सी भी नहीं देख सकते थे। इस भवन में आधी रात जैसा अंधकार था, दस घंटे पहले। परन्तु, सूर्य उगा। वह अंधकार कहां जाएगा? मेरे लिए ढूंढो। वे इसे नहीं पा सकते। इसका रसायन कहां—कहां पर है? इसको क्या हुआ? यह ढूंढा नहीं जा सकता। यह चला गया।

478 इसी प्रकार से इनके पाप अब। जहाँ, बीस मिनट पहले, अंधकार उनके प्राण में था; परंतु उन्होंने आपको अपना अब बचाने वाला स्वीकार कर लिया है, और सारा अंधकार निकल गया। "आपके पाप, जो बहुत से थे, शुद्ध हो गए, और अब वे बर्फ के समान सफेद है।" अब आप उन्हें और नहीं ढूंढ सकते। वे पुस्तक से कट गए। वे अभिलेख से हट गए। यीशु मसीह के लहू ने उनको उनके पापों से क्षमा कर दिया। होने पाए वे, बदले में, उठे और आज रात्रि यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा ले, प्रभु के नाम को लेते हुए, और पवित्र आत्मा को पाए। इसे प्रदान करें, पिता। इन्हें मैं आपको आज

प्रातः के संदेश के परितोषण के रूप में समर्पित करता हूं, यीशु मसीह के नाम में, तेरे पुत्र।

अब आपके झुके हुए सिरों के साथ।

479 आप में से प्रत्येक जिसने अपना हाथ उठाया, यदि आपने अभी तक यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा नहीं लिया है, कलीसिया करेगी... आज रात्रि सेवाएं प्राप्त करें। और अब तैयारी करें, आपका पास्टर इस प्रातः आपका नाम लिख ले। आपका बपतिस्मा जो कि आज प्रातः नहीं है, क्या ये है, भाई? [भाई नेविल कहते हैं, "आज सुबह भी बपतिस्मा लें।"—सम्पा।] जी हां। बप्तिस्मा लेना है, इस सुबह; इस सभा के तुरन्त पश्चात, बपतिस्मे है। ठीक यहाँ आ जाए। हमारे पास आपके लिए कपड़े तैयार हैं यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मे के लिए।।

480 अब आप एक मसीही है। परमेश्वर की ज्योति आपके हृदय में आई है। स्मरण रखिए यह कितनी अच्छी है। यीशु ने कहा, "कोई मनुष्य मेरे पास नहीं आ सकता जब तक कि मेरा पिता ही ना खींच ले।" आपने क्यों अपना हाथ उठाया है? क्योंकि किसी चीज ने आपको कहा। उसी ने आपसे प्रतिज्ञा करने के लिए कहा। "वह जो मेरे वचन सुनता है और उस पर विश्वास करता है जिसने मुझे भेजा है उसके पास अनंत जीवन है।" इस विषय में कोई अनिश्चितता नहीं है। अब आपके पास अनंत जीवन है। यदि आप अपने सम्पूर्ण हृदय से विश्वास करते हैं, तो आप मृत्यु से पार होकर के जीवन में प्रवेश कर गए हैं। आप सदा तक जीवित हैं।

481 अब उसका पवित्र आत्मा ग्रहण करें, परमेश्वर की सामर्थ, कि आपके जीवन में कार्य करें और आप उसके लिए कार्य करें। आप इसे आज प्रातः प्राप्त करें, जैसे कि आप यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा लेते हैं।

482 वे जो बीमार है और चाहते है कि उनके लिए प्रार्थना की जाए, मैं गिनती देखना चाहता हूं, ताकि मैं देख सकूं कि हम... अपने हाथ उठाएं। देखिए कितने, विचारों को परखने के लिए पंक्ति लगवाई जाए या नहीं... यहां बहुत सारे है। हमें इनके लिए प्रार्थना करनी होगी। बहुत सारे हैं। वहां पर एक सौ पचास, दो सौ लोग है, जिनके लिए प्रार्थना करना हैं। तो ठीक है।

483 कितनों ने कभी विचारों को परखना देखा है, अपने हाथ उठाएं। तो ठीक है, आप सब। यह ठीक बात है, ताकि आप जाने कि यह क्या है।

अब इस प्रातः क्या विश्वास करते हैं, कि आपने परमेश्वर की आवाज सुनी है?

484 अब मैं भाई वुड, भाई फ्रेड सोथमन, और इन कुछ ट्रस्टियों से कहने जा रहा हूं, कि थोड़ी देर के लिए यहां आ जाए। आप में से कुछ ट्रस्टी भाई लोग, या डिकन, या जो भी थोड़ी देर के लिए यहां आए। बल्कि यहां थोड़ी भीड़ हो रही है, और मैं चाहता हूं कि आप सहायता करें। अब आप आप लोग जो इधर है, मेरे सीधे हाथ की ओर, जिनके लिए प्रार्थना होने वाली है, मैं चाहता हूं कि आप लोग *इधर* की ओर आ जाएं। और भाई, भाई कोलिन्स, यहां नीचे खड़े हो जाए, यदि आप चाहें तो। और ठीक है यहां आ जाएं, ताकि वे एक–एक करके और प्रार्थना की जाए।

485 वेदी के *इस* ओर के तुम छोटे बालकों मैं आप से कहने जा रहा हू, यदि आप लोग थोड़ी मिनटों के लिए *इस* ओर जाएंगे, भाई ब्रंहम के लिए; मेरे लिए नहीं, परंतु प्रभु यीशु के लिए।

486 अब आप भाई लोग यहां खड़े हो ताकि लोग इधर से होते हुए आ सके, और फिर—फिर तब हम इधर की ओर से सब लेंगे। अब ठीक यहां पर पहली पंक्ति से। भाई चार्ली, मैं सोचता हूं यदि आप भाई लोग, डेविड और आप, यदि आप यहां पर आना चाहें, या थोड़ा सा पीछे की ओर? तो ठीक है। अब यहाँ *इस* पंक्ति में पहला वाला, अब इस प्रकार से उठे; उस ओर से आरंभ करें, वहां और दीवार के साथ, जैसे कि हम प्रार्थना करते हैं, अब जब हम आरम्भ करने के लिए तैयार हैं। अब, अभी नहीं। तब जब यह यहां पर इस ओर, हम आप सभी को *इस* ओर पीछे ले जाएंगे; और फिर और फिर *उस* ओर से बाहर आ जाएं, और फिर नीचे आ जाएं। अब ट्रस्टी और वे आपको सही स्थान पर ले जाएंगे।

487 अब, यदि वह महिला अपाहिज है और उठ नहीं सकती, और जैसे यह छोटी लड़की यहां कुर्सी में है, अब आप वही बैठे जहां आप हैं। मैं ही आपके पास आऊंगा। समझे? मैं छोटी एडिथ को जानता हूं वह यहां पीछे है, और हम उसे यहाँ पर लायेंगे। जो लोग उठ नहीं सकते है, मैं तुम्हारे पास आऊंगा।

488 अब यहां खड़े होकर बोलने में हमारी क्या भलाई होगी, परमेश्वर के इस वचन को प्रचार करने में हमारी क्या भलाई होगी, यदि आप इसे नहीं सुनते? समझे? "वह जो सुनता और विश्वास करता है। वह जो सुनता है!"

क्या आप तैयार हैं, क्या आप में से प्रत्येक स्वयं को परमेश्वर को सौंपना और कहता है, "यह परमेश्वर का वचन है। मैं चिंता नहीं करता कि मेरी क्या दशा है, जो भी है प्रार्थना होने के पश्चात में चंगा हो गया"? क्या आप इसका विश्वास करेंगे?

489 अब बहुत से लोग किसी चीज की राह देख रहे है, आप जानते है। जैसे कि क्या हो यदि... वह महिला जब मैंने उसके लिए प्रार्थना की है वहां पीछे सीढ़ियों में, मैंने उस महिला को देखा, और फिर वह घटित हो गया। क्या यदि उसने कहा, "तो, पहला महीना निकल गया, मैं तो... मैं तो सारे समय बढ़ती जा रही हूं"? समझे? नहीं, नहीं, वह नहीं। उसने एक आवाज सुनी, और उस आवाज ने उसे बताया। और उसने इसका पूरे हृदय से विश्वास किया। और थोड़ी देर के बाद, फोड़ा नीचे चला गया। और अब वह स्वस्थ और अच्छी है।

490 लिओ तुम कहां पर हो? क्या वह यही कही है? मैं भूल गया उस महिला का क्या नाम है। संभवतः कोई जानता होगा। मेरे पास उसका पता है। मैं इसे कलीसिया में लाऊंगा। क्या, तुम्हें उसका नाम याद है? [भाई लिओं कहते है, "पर्ल, पर्ल।"—सम्पा।] क्या यह–... रेडफोर्ड, या रेडफोर्ट? हमारे पास उसका नाम और पता है, यदि आप लिखना चाहे।

491 वह ठीक यही फ़ोड़े से चंगी हुई, तीस पौंड से अधिक था। उस पर चाकू का एक निशान भी नहीं। यहां उसका चित्र है, जब उसे फोड़ा था। अब वह यहां है, कहीं भी एक निशान नहीं। परमेश्वर ने उसे चंगा किया, उससे अलग कर दिया। वहां डॉक्टर का बयान है, जहां उसने उसे छोड़ दिया कि, "कैंसर उसके किडनी को खाए और वह मर जाए।" और अब वह स्वस्थ है और भली है, बिना किडनी की समस्या के साथ।

492 ये दस हजारों में से एक है। यह क्या है? ये एक अनिश्चित स्वर नहीं है। मित्र, इसकी यह बात है, क्या आप इसे सुन सकते हैं?

493 अब यदि तुरही अनिश्चित स्वर दे, कहते हैं, "ठीक है, भाई, कुछ चंगे होते हैं और कुछ नहीं।" यह अनिश्चित स्वर है। समझे? इसका विश्वास ना करें।

494 यीशु ने कहा, "जो कोई भी।" यह निश्चित है। "विश्वास करने वालों के यह चिन्ह होंगे। उन्होंने उन पर अपने हाथ रखे, वे चंगे हो जाएंगे।" अब

क्या आप इसका विश्वास करते है? अपने संपूर्ण हृदय से, आप इसका विश्वास करते हैं।

495 और अब मैं पास्टर से पूछने जा रहा हूं, अब हम... अब इसके बाद हमारी बपतिस्मे की सेवा है। इसलिए, देखिए, तब हमारे पास अधिक समय नहीं होगा।

496 परंतु मैं भक्त मंडली के लिए प्रार्थना करने जा रहा हूं, हर बीमार के लिए जो यहां पर उपस्थित है। और जब वे यहां एक–एक करके आते हैं, तो मैं... क्या मैं उसका दास हूं आप विश्वास करते हैं? यदि आप यह विश्वास करते हैं, तो पवित्र आत्मा का अभिषेक सीधा आपके अंदर आएगा। समझे? मित्र, यह होना ही है। मैं नहीं कह रहा हूं... यह मैं कुछ नहीं। मैं बस... मैं आपका भाई हूं।

497 मैं आप लोगों में छोटा हूं, परंतु मुझे यही होना है। "वह जो तुम सब में छोटा हो, होने—होने—होने... " मुझे आप सबका दास होने दे। समझे? यही है जो मैं होना चाहता हूं। मैं आपका दास हूं। आप परमेश्वर के बालक है। मैं, मैं बस उसका दास हूं। मैं आपकी सेवा करने का यत्न कर रहा हूं, आप देखिये। मैं सबसे छोटा हूं। मेरे विषय में कुछ नहीं है, परंतु, देखिए, किसी को तो आप पर हाथ रखने हैं। और तब यदि वह मुझे वचन लाने देता है, और, आप मेरे पास आए हुए वचन का विश्वास करते है। आप में से बहुत से मुझे विश्वासी कहते हैं, और फिर वचन मेरे पास आता है, आप स्वयं निर्णय लें कि यह सही है या नहीं। समझे? परमेश्वर अपने वचन के द्वारा जांचे। अच्छा, यदि ऐसा है, तो हर एक प्रतिज्ञा ऐसी ही है। यह होना ही है। समझे?

498 नूह, वह केवल नाव को बनाता रहा। उन्होंने कहा, "ये हठधर्मी है। वहां पर कुछ नहीं है। आप वह कैसे पाने जा रहे हैं? "

499 "कोई अंतर नहीं पड़ता। परमेश्वर इसे वहां रख सकता है," और लगातार धमाचौकड़ी मचाता रहा। कैसे है—कैसे है... ?

500 यह कौन था, कोई, जिसके लिए मैं बोला? मूसा, कैसे मूसा वहां जाकर, उस सेना को जीतता है? वह कैसे सारे मिस्र को जीतने जा रहा है? वह इसे कैसे कर सकता है, एक बूढ़ा पुरुष अस्सी वर्ष का, उसकी पत्नी और बालक? वह इसे कैसे करने जा रहा है?

501 "यह मेरा कार्य नहीं है। परमेश्वर ने कहा, 'जाओ और जाकर इसे ले लो,' और मैं जा रहा हूं।" तुम कैसे उन्हें फिरौन के हाथों से छुड़ाने जा रहे हो? "'मैं, निश्चय ही मैं तेरे साथ होऊंगा।'" कुछ भी अनिश्चित नहीं है।

502 "वे जो विश्वास करेंगे उनके ये चिन्ह होंगे।" कुछ भी अनुचित नहीं है। यदि आपने इसका विश्वास किया है जो हाथ आपके ऊपर रखे हैं, आपको चंगा होना ही है। आप इसका संपूर्ण हृदय से विश्वास करते हैं?

503 अब, मैं चाहता हूं कि हर व्यक्ति जो यहां है, जो प्रार्थना कर सकता है, मैं चाहता हूं आप अपना सिर झुकाए। मैं चाहता हूं आप शांति के साथ प्रार्थना करें। मैं इन कपड़ों के लिए जो यहां रखे हैं प्रार्थना करने जा रहा हूं, क्योंकि मैं पवित्र आत्मा की उपस्थिति को अनुभव करता हूं।

504 स्वर्गीय पिता, हम एक सेवा समाप्त करके और दूसरी में प्रवेश करते है। प्रभु, आज प्रातः बहुतों ने आपको स्वीकार किया है। बहुत से हाथ उठे हैं। वे मृत्यु से जीवन में आ गए हैं, वह छोटी सी गर्द जो निकल गई, उनके पास से एक छोटी ज्योति निकली है। उनके विवेक पर एक छोटी मधुरता है। वह क्या था? वे मर रहे थे, और वे मृत्यु से पार होकर जीवन में आ गए।

505 जैसे एक बीज जमीन पर गिरता है। पहली बात, वह गर्द को हटाता है; वह मरती है, सड़ कर बाहर हो जाता है। तब एक छोटा जीवन का सोता इसमें से आता है, और यह दूसरा बीज उत्पन्न करता है।

506 अब, प्रभु, इस प्रातः मृत्यु की एक छोटी सी धुंध उनके ऊपर से हट गई। और जब यह हटी, तो वे जागे, और कुछ क्षणों में जब उन्होंने अपने हाथ उठाएं स्वयं में अनुभव किया। परमेश्वर के वचन के द्वारा घुटन खत्म हो गई, कुछ कह रहा है, "तुम दण्डित हो। तुम एक पापी हो। तुम मर कर नर्क में चले जाओगे। तुम नष्ट हो जाओगे। तुम फिर कभी नहीं उठोगे," कि मृत्यु उन पर आ रही है। अंत में, वे उस स्थिति के लिए मर गए, जब तक उन्होंने वह स्वर नहीं सुना जो कहता है, "परंतु मैं तुम्हारा बचाने वाला हूं। मेरे पास आओ, तुम जो परिश्रम करते और बोझ से दबे हुए हो।"

507 और उन्होंने अपने हाथ उठाये, "मैं उसे अपना व्यक्तिगत उद्धारकर्ता स्वीकार करता हूं," और तब जीवन का सोता उनके प्राणों में आया। वे फिर से उठे, एक नया मसीही आ गया।

508 परमेश्वर, होने पाए ये अब पानी में, इस भक्त मण्डली के सामने जाए, अपने पापों के क्षमा के लिए, यीशु मसीह के नाम से बपतिस्मा ले; ताकि लोगो को वे खुल कर दिखा सके कि—कि उन्होंने पूरी तरह से संसार की चीजों को बेच दिया है, और अब से मसीह की सेवा करने जा रहे हैं। क्योंकि ये मर गए और बपतिस्मे में उसके साथ गाडे गए, कि एक नए जीवन में उठे, एक नए जीवन में चले।

509 यहां बहुत से रुमाल है मैंने इन्हें अपने हाथों में पकड़ा हुआ है, प्रभु। ये बीमारों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

510 अब, एक बार बाईबल में, जैसे मैंने अक्सर इसका उल्लेख किया है: जब इस्राएल अपने कर्तव्य के मार्ग पर था, प्रतिज्ञा के देश को जा रहा था, लाल सागर उनके मार्ग में आ गया। परमेश्वर ने उन बादलों में से होकर देखा, क्रोधित दृष्टि से, उस अग्नी स्तम्भ में से होते हुए। और वह लाल सागर डर गया, क्योंकि परमेश्वर ने प्रतिज्ञा की थी। कोई अनिश्चित स्वर नहीं। सागर जान गया कि परमेश्वर का वचन कच्चा नहीं था। वे जानते थे कि यह निश्चित था। इस्राएल प्रतिज्ञा के देश के लिए बंधा हुआ था। उनके मार्ग में कोई नहीं खड़ा हो सका, क्योंकि परमेश्वर ने ऐसा कहा। इसलिए सागर डर गया और पीछे हटकर एक सूखा मार्ग अपने मध्य में से होते हुए बनाया। और वे सूखी भूमि पर से होते हुए पार हो गए।

511 अब बहुत से मसीही है जो बीमार है, प्रभु। यहां पर उनके रुमाल हैं। वे बाईबल में यह कहते है, कि, "उन्होंने पौलुस की देह से छूकर, रूमाल, या कपड़े के लिए।" हम जानते है कि हम संत पौलुस नहीं है। परंतु हम जानते हैं कि आप अब भी वहीं परमेश्वर हैं, उसी वचन के साथ उसी प्रतिज्ञा के साथ। जब मैं इन रूमालों को उन बीमारों और अपाहिज के पास भेजता हूं, होने पाये वह शैतानी आत्मायें जिन्होंने उन्हें बांध रखा है, डर जाए और वह भयभीत होकर और चली जाएं। होने पाए परमेश्वर के बालक अच्छे स्वास्थ्य की प्रतिज्ञा की ओर चले जाए। प्रभु, इसे प्रदान करें।

512 अब बहुत से इस भवन में यहां पर है। यहाँ आपका पास्टर है, इस प्रातः, मेरा भाई, नेविल। यहां आपके डीकन और ट्रस्टी खड़े हुए हैं, इस कलीसिया के अभिषिक्त लोग, आप इतने अनुग्रहकारी होकर आशीषित कर रहे हैं, यद्यपि प्रभु, हम अयोग्य हैं। परंतु हम देखते हैं आपका आत्मा हमारे मध्य में घूम रहा है, और हम बहुत आनंदित है इसके लिए; ऐसा प्रतीत

होता है बेदारी अंतिम बार हो रही है। हे परमेश्वर, हम मिस्र को बेचे गए, अब हम अपने प्रतिज्ञा के देश के मार्ग पर हैं। बस अब कुछ ही दिनों की यात्रा है और हम यरदन के पार हो जाएंगे।

513 और अब, परमेश्वर पिता हम प्रार्थना करते हैं कि हमारे मार्ग की हर रुकावट को आप हटा देंगे। बहुत से लोग इस दशा में कदम नहीं चला रहे हैं। क्योंकि वे यहां बीमार और अपाहिज हैं। यह बीमारी भला उन्हें कैसे पकड़ सकती है? कैसे ये रोग उन्हें अपाहिज बनाए रख सकते हैं, और पहिए की कुर्सियों में, जब कि वे प्रतिज्ञा के देश की ओर बढ़ रहे हैं? हाल्लेलुय्या! परमेश्वर, जब हम अपने हाथ उनकी देहो पर रखते हैं, होने पाए शैतान डर जाए और पीछे हट जाए। होने पाए वे चलने की स्थिति में हो।

514 मैं उस महिला के लिए धन्यवादित हूं जिसके विषय में मैं सारी प्रातः बातें करता रहा, मैं उसे मस्तिष्क से नहीं हटा सकता। उस महिला को देखते हुए, जो खड़ी भी नहीं हो सकती थी, उस बड़े–बड़े फोड़े के साथ; डॉक्टर उसका उपहास उड़ा रहे थे। परन्तु, उसने एक आवाज सुनी थी, यह अनिश्चित स्वर नहीं था। यह निश्चित स्वर था, और उसने इसका विश्वास किया।

515 अब, प्रभु हर बीमार व्यक्ति जो यहां दिखाई पड़ रहा है... इस प्रातः वही आवाज को सुने; और आगे बढ़ने की स्थिति में हो, कि छोड़े, इस यात्रा के लिए, प्रभु। प्रभु, इसे स्वीकार करें। हमने अब सारी चीजें बांध ली है। ओह! हम आगे बढ़ने के लिए तैयार है, प्रभु। हम जंगल के लिए तैयार हैं, कि सामने की यरदन को पार करें। बस कुछ दिनों की यात्रा और हम वहां पर होंगे। परमेश्वर, हम पवित्र आत्मा के सामर्थ में होकर आगे बढ़ें। होने पाए हम हमेशा ही उपस्थित हो जब हम उस चमकती ज्योति को जो सामने है उसे देखे, प्रभु, मार्गदर्शन करें, कि जीवित हो उठा मसीह उस सिद्ध दिन में चमके। पिता, इसे ग्रहण करें। अब जैसा कि हम...

516 हमारे हाथों का अभिषेक करें, हमारा अभिषेक करें, कि पवित्र आत्मा जो कि अब हम में है, चमके। अंतरिक्षीय ज्योति, उससे परे–... परमेश्वर की ज्योति उन बीमारों में चमके, निर्बल देहो में, और उन में से प्रत्येक चंगा हो जाए।

517 प्रभु, हम शैतान से मिलने के लिए आगे आते हैं। हम लाल सागर से मिलने के लिए आगे आते हैं। जो कि एक लाल सागर के सामान था, बीमारी

का यह सागर जो लोगों को आगे बढ़ने से रोकता है। हम पवित्र आत्मा की चमक में आगे आते हैं, जो हमारे सामने हैं, कि शैतान से मिले, यीशु मसीह के नाम में। उस बीमारी को पीछे हटना ही है, क्योंकि आपने वचन की सामर्थ में से होते हुए नीचे देखा है। और उन्हें चंगा होना है। हम यीशु के नाम में आते हैं, कि उस शत्रु से मिले। आमीन।

अनिश्चित स्वर HIN60-1218

(The Uncertain Sound)

यह सन्देश हमारे भाई विलियम मेरियन ब्रंहम के द्वारा मूल रूप से इंग्लिश में रविवार सुबह, 18 दिसंबर, 1960 को ब्रंहम टेबरनेकल, जेफरनविले, इंडियाना, संयुक्त राज्य अमेरिका, में प्रचारित किया गया। जिसे चुम्बकीय टेप रिकॉर्डिंग से लिया गया है और इंग्लिश में विस्तृत छापा गया है। इस हिंदी अनुवाद को वोइस ऑफ गॉड रिकॉर्डिंग के द्वारा छापा गया और बांटा गया है।

HINDI

©2023 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org

कोपी राईट सूचना

सारे अधिकार सुरक्षित है। यह पुस्तक व्यक्तिगत प्रयोग या मुफ्त में देने और एक औजार के समान यीशु मसीह का सुसमाचार फैलाने के लिये
घर के प्रिंटर पर छाप सकते हैं।

इस पुस्तक को बेचना, अधिक मात्रा में फिर से छापना, वेब साईट पर डालना, दुबारा छापने के लिये सुरक्षित रखना, दूसरी भाषाओं में अनुवाद करना या धन प्राप्ति के लिये निवेदन करना निषेध है। जब तक की वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग कि लिखित अनुमति प्राप्त ना कर ली जाये।

अधिक जानकारी या दूसरी उपलब्ध सामग्री के लिये कृपया संपर्क करें:

वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग्स

पोस्ट बोक्स 950 जैफरसन विले, इन्डियाना 47131 यू. एस. ए.

www.branham.org